# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 04 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 240, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स और निफ्टी रहा स्थिर

तेजी के बाद सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी सुस्त कारोबार के बीच लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। } 14

## आधुनिकीकरण में तेजी ला रहा है भारत : जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत में, हम बीते दशक की उपलब्धियों का उपयोग राष्ट्रीय विकास और आधुनिकीकरण में तेजी लाने के लिए कर रहे हैं। } 16



## पैरालम्पिक : जैवलिन थ्रो में सुमित को मिला गोल्ड




एजेंसी

पेरिस। पेरिस पैरालंपिक के छठे दिन अवनी विमेंस 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन रल्1 के फाइनल में पहुंच गई। क्वालिफिकेशन राउंड में अवनि 7वें स्थान पर रही। इसी इवेंट में एक अन्य भारतीय एथलीट मोना अग्रवाल क्वालीफाई नहीं कर पाई। मोना 13वें स्थान पर रही। पेरिस पैरालिंपिक में भारत को 5वें दिन का दूसरा गोल्ड जैवलिन थ्रो में सुमित अंतिल ने दिलाया। पैरालिंपिक रिकॉर्ड 70.59 मीटर दूर थ्रो फेंककर उन्होंने गोल्ड जीता। उनसे पहले बैडमिंटन में नितेश कुमार ने गोल्ड जीता था।

पैरा बैडमिंटन में नितेश कुमार के गोल्ड जीतने के बाद सुहास यथिराज ने सिल्वर मेडल जीता। जबकि विमेंस इवेंट में थुलासिमथी मुरुगेसन ने सिल्वर और मनीषा रामदास ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। देर रात हुए ब्रॉन्ज मेडल मैच में निथ्या श्री सिवान ने रल्6 कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। निथ्या ने इंडोनेशिया की रीना मार्लिना को 21-14, 21-6 से हराया। पैरालिंपिक में भारत अब तक 3 गोल्ड, 5 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज जीत चुका है। आज भारत एथलेटिक्स में भी मेडल जीत सकता है। पैरा बैडमिंटन मिक्स्ड इवेंट में भारत की नित्या श्री सिवान और शिवराजन सोलाईमलाई की जोड़ी ब्रॉन्ज मेडल मैच हार गई। अब सिंगल्स में नित्या श्री सिवान इंडोनेशिया की रीना मर्लिना से ब्रॉन्ज मेडल मैच खेलेंगी।

(विस्तृत खबर खेल पृष्ठ पर)

## भारत की एक्ट ईस्ट नीति में अहम भागीदार हैं ब्रुनेई, सिंगापुर

### ब्रुनेई और सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रुनेई और सिंगापुर को भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद-प्रशांत के लिए उसके दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण भागीदार करार दिया और कहा कि उनकी यात्रा से दोनों देशों के अलावा वृहद आसियान क्षेत्र के साथ भी भारतीय साझेदारी और मजबूत होगी।

प्रधानमंत्री मंगलवार की सुबह ब्रुनेई और सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए। यात्रा पर रवाना होने से पहले उन्होंने एक बयान में उक्त बातें कहीं। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रुनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। मोदी ने कहा जैसा कि हम अपने राजनयिक संबंधों के 40 वर्षों का जश्न मना रहे हैं, मैं सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया और शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपनी बैठकों की प्रतीक्षा कर रहा हूं, ताकि हमारे ऐतिहासिक संबंधों को नयी ऊंचाइयों तक ले जाया जा सके। प्रधानमंत्री ब्रुनेई से चार सितंबर को सिंगापुर जाएंगे। उन्होंने कहा



मैं राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरतनम, प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, वरिष्ठ मंत्री ली सीन लूंग और सेवानिवृत्त वरिष्ठ मंत्री गोह चोक टोंग से मिलने के अवसर की प्रतीक्षा कर रहा हूं। प्रधानमंत्री के अनुसार, वह सिंगापुर के व्यावसायिक समुदाय के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा मैं ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### कन्नौज कांड : नवाब सिंह के भाई ने किया सरेंडर

कन्नौज। जिले में एक नाबालिग किशोरी से बलात्कार के मामले में आरोपी पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव के भाई नीलू यादव ने मंगलवार की सुबह अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि पुलिस दुष्कर्म के मामले में नीलू यादव की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दे रही थी और उसने मंगलवार को अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। नवाब सिंह यादव की पैरवी कर रहे अधिवक्ता राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि नीलू यादव सुबह करीब साढ़े आठ बजे अदालत परिसर में पहुंचा। नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म मामले में पुलिस नवाब सिंह यादव और पीड़िता की बुआ पूजा तोमर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने नीलू यादव पर पूजा तोमर को बयान बदलने और मामले की विवेचना को प्रभावित करने की आरोप लगाया है। इससे पहले, कन्नौज जिले में 15 वर्षीय लड़की से बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव के डीएनए नमूने का मिलान घटनास्थल से एकत्र किये गए नमूने से सोमवार को हो गया था।

### संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए कर्मियों को एक माह का समय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए एक और महीने का समय दिया है। सूचना निदेशक शिशिर ने कहा सरकारी कर्मचारियों के लिए संपत्ति का ब्यौरा जमा करने की अंतिम तिथि एक महीने के लिए बढ़ा दी गई है। अब तक 74 प्रतिशत कर्मचारियों ने अपना ब्यौरा जमा कर दिया है। इससे पहले, मानव संपदा पोर्टल पर सरकारी कर्मचारियों के लिए संपत्ति घोषित करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त थी। मुख्य सचिव ने 17 अगस्त को शासनादेश के जरिये सभी कार्मिकों को अपनी संपत्ति का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। साथ ही सभी विभागों को आदेश दिया था कि 31 अगस्त तक संपत्ति का ब्यौरा देने वालों को ही अगस्त माह का वेतन दिया जाए।

# हर साजिश नाकाम करने में सक्षम है सेना

### सीएम योगी ने सूर्या खेल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सशस्त्र बल महोत्सव का किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि यह वीर जवानों की सतर्कता का ही परिणाम है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत पूरी ताकत से अपनी सीमाओं की रक्षा करने और बड़ी से बड़ी साजिशों को नाकाम करने में सक्षम है।

❍ सीएम ने भारतीय सैनिकों की वीरता व सतर्कता को सराहा

योगी लखनऊ छावनी के सूर्या खेल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सशस्त्र बल महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, कि हमारे वीर जवान अपनी जान की परवाह किए बगैर देश की सेवा में तत्पर रहते हैं। यही वजह है कि वे जन जनमानस के मन में राष्ट्र नायक के रूप में सम्मान प्राप्त करते हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा, कि हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसी सक्षम और समर्पित सेना है, जो हर स्थिति में देश की सुरक्षा करने में सक्षम है। भारत की सेना दुनिया की अद्वितीय सेना है, जिसने सदैव अपनी ताकत, अनुशासन और तकनीकी क्षमता का लोहा न केवल दुश्मनों को मनवाया है, बल्कि देश के अंदर भी सम और विषम दोनों परिस्थितियों में एक सकारात्मक भूमिका के साथ कार्य करते हुए अपना उत्कृष्टतम प्रदर्शन और सहयोग दिया है। योगी ने कहा, कि भारत के बहादुर सैनिकों की सजगता का ही परिणाम है कि आज विपरीत परिस्थितियों के बावजूद देश पूरी मजबूती के साथ अपनी सीमाओं की सुरक्षा करने और बड़े से बड़े षड्यंत्र को असफल करने में सक्षम हुआ है। हमारे बहादुर जवानों का शौर्य और पराक्रम 140 करोड़ भारतवासियों को आश्वस्त करता है। यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश वीरों की भूमि ...शेष पृष्ठ 14 पर





### सपा शासन में नौकरी की होती थी नीलामी : योगी

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला करते हुए कहा कि सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर राज्य के लोगों के सामने पहचान का संकट खड़ा करने वाली सपा के डीएनए में अराजकता और गुंडागर्दी पैवस्त है और उसके शासन में हर नौकरी की नीलामी होती थी।

मुख्यमंत्री ने मैनपुरी जिले के करहल में 361 करोड रुपए से अधिक की 379 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव पर लूटखसोट के गम्भीर आरोप भी लगाये। करहल विधानसभा सीट अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद चुने जाने के बाद रिक्त हुई है। इस सीट पर उपचुनाव ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सर्राफा की दुकान में लूट करने वाले तीन गिरफ्तार

सुलतानपुर। कोतवाली नगर क्षेत्र में पिछले बुधवार को एक सर्राफा व्यवसायी की दुकान से करीब डेढ़ करोड़ रुपये के जेवरात की लूट के आरोपी तीन बदमाशों को पुलिस ने मंगलवार तड़के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

मुठभेड़ में इन तीनों कथित लुटेरों के साथ-साथ एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने तड़के करीब साढ़े तीन बजे कोतवाली नगर के इमिलिया में तीन लोगों को रोकने की कोशिश की लेकिन उन्होंने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलायीं। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और तीनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये। उनके मुताबिक मुठभेड़ में पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के सिपाही शैलेश राजभर के भी पैर में गोली लग गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बदमाशों की शिनाख्त सचिन सिंह, पुष्पेंद्र और त्रिभुवन के रूप में हुई है और उन्हें गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके अनुसार जख्मी सिपाही ...शेष पृष्ठ 14 पर

## छत्तीसगढ़ : सुरक्षाकर्मियों ने नौ नक्सलियों को किया ढेर

एजेंसी

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाकर्मियों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सुंदरराज पी ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले की सीमा पर जंगल में सुरक्षा बलों के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े दस बजे दल का नक्सलियों से सामना हुआ जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पश्चिम बस्तर मंडल इकाई से संबंधित नक्सलियों की मौजूदगी के बारे गुप्त सूचना मिली थी जिसके बाद डिस्ट्रिक रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि काफी देर तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही, जिसके बाद तलाशी अभियान में नौ नक्सलियों के शव मौके से बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ वाली जगह से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि सुरक्षाकर्मी सुरक्षित बताए जा रहे हैं और इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। बस्तर क्षेत्र में दंतेवाड़ा और बीजापुर समेत सात जिले आते हैं। पुलिस ने बताया कि इस मुठभेड़ के साथ ही इस साल अब तक छत्तीसगढ़ में विभिन्न मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने 154 नक्सलियों को मार गिराया है।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा में बलात्कार रोधी विधेयक पारित

### पीड़िता की मौत होने या अचेत अवस्था में चले जाने पर दोषियों को मृत्युदंड का प्रावधान

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने विपक्ष के पूर्ण समर्थन के साथ राज्य का बलात्कार रोधी विधेयक सर्वसम्मति से मंगलवार को पारित कर दिया। बहरहाल, सदन ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा विधेयक में प्रस्तावित संशोधन स्वीकार नहीं किए। विधेयक के मसौदे में बलात्कार पीड़िता की मौत होने या उसके स्थायी रूप से अचेत अवस्था में चले जाने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है।

इसके अतिरिक्त, मसौदे में प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के दोषी व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए, और उन्हें पेरोल की सुविधा न दी जाए। अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024 शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य बलात्कार और यौन अपराधों से संबंधित नये प्रावधानों के जरिये महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है। कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पिछले महीने एक चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या की घटना के बाद सोमवार को विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया। राज्य के कानून मंत्री मलय घटक ने विधानसभा में यह विधेयक पेश किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों का इस्तीफा मांगा, जो महिलाओं की रक्षा के लिए प्रभावी कानून लागू नहीं कर पाए हैं। अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) 2024 पेश किए जाने के बाद ममता ने विधानसभा में कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य त्वरित जांच, त्वरित न्याय प्रदान करना और दोषी की सजा बढ़ाना है।

उन्होंने कहा बलात्कार मानवता के खिलाफ अभिशाप है और ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक सुधारों की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विधेयक के पारित होने के बाद हम यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिस में विशेष अपराजिता कार्य बल गठित करेंगे कि बलात्कार के मामलों में जांच समयबद्ध तरीके से पूरी हो। ममता ने इस विधेयक को ऐतिहासिक तथा अन्य राज्यों के लिए आदर्श बताते हुए कहा कि इस प्रस्तावित विधेयक के जरिए उनकी सरकार ने पीड़िता तथा उनके परिजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने के लिहाज से केंद्रीय कानून में मौजूद कमियों को दूर करने का प्रयास किया है। भारतीय जनता ...शेष पृष्ठ 14 पर



पश्चिम बंगाल विधानसभा में एंटी रेप बिल पेश करतीं ममता बनर्जी



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


❍ दीपोत्सव के दौरान अलौकिक आभा से दमकेगी अयोध्या (पृष्ठ-02)

❍ राजेश वर्मा बने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष (पृष्ठ-02)

❍ रुपया पांच पैसे की गिरावट से 83.96 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)

❍ विदेशी कंपनी को 51 प्रतिशत के पक्ष में हैं गडकरी (पृष्ठ-14)

❍ वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का लगाया अनुमान (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** बहराइच, सीतापुर, जौनपुर, सुलतानपुर और हमीरपुर जिले में खूंखार जंगली जीवों की दहशत

## भेड़िये के हमले में एक और बच्ची की मौत, 15 घायल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बहराइच, सीतापुर, जौनपुर, सुलतानपुर और हमीरपुर जिले में वन्य जीवों के हमले में एक बच्ची की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हो गए। बहराइच जिले की महसी तहसील में भेड़िए ने पांच वर्षीय एक बच्ची पर हमला कर उसे घायल कर दिया। बच्ची की गर्दन पर जंगली जानवर के दांत के निशान पाए गए हैं, वहीं सुलतानपुर जिले के मोतिगरपुर इलाके में छप्पर के नीचे अपनी मां के साथ सो रही दो माह की एक बच्ची को कोई जंगली जानवर उठा ले गया। सिर पर गहरे जख्म होने से उसकी मौत हो गयी। जौनपुर जिले के मछलीशहर में पागल सियार ने हमला कर आठ लोगों को घायल कर दिया।



ग्रामीणों ने हमलावर घेरकर लाठियों से हमलावर सियार को मौत के घाट उतार दिया। हमीरपुर जिले में सियार के हमले में 6 लोग घायल हो गए। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सियार को पीट-पीटकर मार डाला। इन जिलों में दहशत का आलम यह है कि लोग रात में जागकर अपने घरों की निगरानी कररहे हैं। बहराइच जिले की महसी तहसील की ग्राम पंचायत पंडोहिया के मजरा गिरधरपुरवा में अनवर अली की पांच साल की बेटी अफसाना सोमवार रात घर में सो रही थी। तभी भेड़िए ने घर में घुसकर उसकी गर्दन पकड़ ली। बच्ची की चीख सुनकर पिता अनवर अली और परिजनों ने शोर मचाकर भेड़िए को घेरा तो भेड़िया बच्ची को छोड़कर खेतों की ओर भाग गया। परिजन और ग्रामीण घायल अफसाना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महसी ले गये जहां उसका इलाज हो रहा है। बहराइच के जिला सूचना कार्यालय ने पांच वर्षीय बच्ची के भेड़िए के हमले में घायल होने की अधिकारिक पुष्टि की है। घटना की सूचना मिलते ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों व महसी क्षेत्र से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर दहशत के साये में रह रहे पीड़ित परिवार व गांव वासियों की हिम्मत बढ़ाई व सचेत रहने की सलाह दी। गौरतलब है कि बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र में मार्च माह से इंसानों पर भेड़ियों के हमले हो रहे हैं। जुलाई माह से सोमवार रात तक इन हमलों में सात बच्चों सहित कुल आठ लोगों की मौत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पांच महिलाओं की आबरू से खेलने वाला फर्जी सिपाही गिरफ्तार

जिला संवाददाता

बरेली। जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसमें एक आरोपी ने खुद को पुलिस वाला बताकर उत्तर प्रदेश पुलिस की पांच महिला सिपाहियों को अपने झांसे में लिया। आरोपी ने न केवल इन महिला सिपाहियों के साथ शारीरिक संबंध बनाए बल्कि उनसे लाखों रुपये भी ठग लिए। गौरतलब है कि आरोपी राजन वर्मा, निवासी ग्राम मिदनिया गढ़ी थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर लंबे समय से फरार था।

❍ लाखों रुपयों की ठगी भी की

पुलिस के अनुसार, राजन वर्मा ने अपनी झूठी पहचान के माध्यम से महिला सिपाहियों को अपना शिकार बनाया। पहले उसने लखीमपुर खीरी की एक महिला सिपाही को अपने झांसे में लिया और उससे शादी कर ली, लेकिन बाद में उसकी वास्तविकता सामने आने पर महिला ने उससे दूरी बना ली। इसके बाद राजन ने इस खेल को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में फैलाना शुरू किया और पुलिस की वेबसाइट का इस्तेमाल कर महिला आरक्षियों से दोस्ती की जिनके नाम के आगे वर्मा लगा था। राजन वर्मा ने बरेली में तैनात एक महिला आरक्षी को भी झांसे में लिया। उसने खुद को एडीजी कानून व्यवस्था लखनऊ के यहां तैनात बताया और ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भाजपा सदस्यता अभियान को राम काज की तरह लेकर जुटें कार्यकर्ता : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राज्य में शुरू हुए भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को राम काज की तरह लेने की अपील करते हुए कहा कि यह मुहिम सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने वाले सभी लोगों को भाजपा का सदस्य बनाने का एक सुअवसर है।

- **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने सीएम योगी व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक को दिया सदस्यता का प्रमाण पत्र**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने राज्य में भाजपा के सदस्यता अभियान 2024 की शुरुआत के लिए यहां आयोजित कार्यक्रम में पार्टी की नवीनीकृत सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक को सदस्यता का प्रमाण पत्र प्रदान किया। आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे भाजपा के सदस्यता अभियान को राम के काम की तरह लें। उन्होंने सुंदरकांड की पंक्ति उद्धत करते हुए कहा, कि मेरी आप सबसे अपील है कि हम उन लोगों के पास जाएं जो आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। लक्ष्य एक ही होना चाहिए कि राम काज कीन्हें बिनु मोहे कहां विश्राम। मुख्यमंत्री ने कहा, कि देश में उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूर्व से लेकर पश्चिम तक वास्तव में भारत की मिट्टी से प्यार करने वाला हर व्यक्ति भाजपा के साथ जुड़ना चाहता है लेकिन जब हम उस तक नहीं पहुंचते हैं तो उसके मन में पीड़ा होती है। तब विपक्षी ताकतों के दुष्प्रचार के कारण उसके मन में संकोच का भाव आ जाता है। हमें इस संकोच के दायरे को समाप्त करना है और उन्हें अपने साथ जोड़ना है। इस दृष्टि से यह सदस्यता अभियान आपके लिए एक सुअवसर है।

उन्होंने कहा, कि जिन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है, जिन लोगों को मुफ्त बिजली का कनेक्शन मिला है, जिन छह लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी मिली है, हमें उन सभी तक पहुंचकर उन्हें सदस्य बनाना होगा। हम सबको प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए देश के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक सदस्य बनने के लक्ष्य को पूरा करना है। उन्होंने कहा, कि हम पहले से ही पार्टी सदस्य हैं लेकिन साधारण सदस्य के रूप में पार्टी ने एक निश्चित समय सीमा तय की है, इसलिए सदस्यता के नवीनीकरण की दृष्टि से हम फिर इस अभियान से जुड़ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत राज्य के हर मतदान बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनाने हैं। प्रदेश में इस समय लगभग एक लाख 62 हजार बूथ हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण में साधारण सदस्य बनाने का अभियान दो सितंबर से 25 सितंबर तक चलेगा तथा अगले चरण में सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। गौरतलब है कि कल सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की भाजपा की सदस्यता के नवीनीकरण के साथ ही केंद्र की इस सत्तारूढ़ पार्टी के साल 2024 के सदस्यता अभियान की शुरुआत हो गई। नयी दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित तमाम केंद्रीय मंत्रियों, पदाधिकारियों ओर नेताओं की मौजूदगी में इस अभियान की शुरुआत की गई। प्रधानमंत्री के बाद शाह, नड्डा और राजनाथ सिंह ने भी पार्टी द्वारा जारी किये गए मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल देकर भाजपा में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण किया।




# दीपोत्सव के दौरान चार दिनों तक अलौकिक आभा से दमकेगा अयोध्या धाम

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मंदिरों का शहर अयोध्या, जिसने इस साल जनवरी में भगवान राम की ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा देखी थी, 28 अक्टूबर से शुरू होने वाले चार दिवसीय दीपोत्सव समारोह की मेजबानी करने के लिए तैयार है। अयोध्या धाम अब त्रेतायुगीन वैभव की ओर अग्रसर हो चला है। रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। होली एवं श्रीराम जन्मोत्सव के भव्य आयोजनों ने देश-विदेश में करोड़ों भक्तों में अपार हर्ष का संचार किया। हर्ष का ऐसा ही क्षण अब जल्द ही भव्य दीपोत्सव के माध्यम से 28 से 31 अक्टूबर के मध्य भक्तों को मिलने वाला है। एक बयान के मुताबिक यूं तो, 2017 से ही दीपावली पर अयोध्या का सरयू घाट रिकॉर्ड संख्या में दीपों से जगमग होता रहा है लेकिन 2024 में 8वें दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन में कार्ययोजना तय हो चुकी है और इस बार का दीपोत्सव कई मायनों में खास होने जा रहा है। यह इसलिए भी खास होगा क्योंकि रामलला के श्रीविग्रह की स्थापना के बाद इस वर्ष पहली बार दीपोत्सव होगा। ऐसे में, इसे भव्यतम करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इस वर्ष न केवल राम की पैड़ी, नया घाट समेत अयोध्या के विभिन्न घाटों को 25 लाख से ज्यादा दीयों से सजाया जाएगा बल्कि चार दिन तक चलने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम में रोशनी सज्जा इस कदर आकर्षक होगी जो अयोध्या धाम को साकेत धाम की वास्तविक अलौकिक आभा प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री के विजन के अनुसार, दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान अयोध्या को इंटेलिजेंट डाइनेमिक कलर चेंजिंग एलईडी डेकोरेटिव पैनल्स एवं मल्टी मीडिया प्रोजेक्शंस समेत विभिन्न प्रकार की आधुनिक लाइटिंग से युक्त किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल के अतिरिक्त अयोध्या के विभिन्न स्थानों को भी इनसे युक्त किया जाएगा। नया घाट समेत राम की पैड़ी पर स्वागती द्वार बनाए जाएंगे जिन्हें थीमैटिक लाइटेड आर्क पिलर्स से युक्त किया जाएगा। अयोध्या में भक्ति पथ समेत विभिन्न मुख्य पथों को आकर्षक रोशनी एवं फूलों से सजाया जाएगा। साथ ही अयोध्या से गोंडा की ओर जाने वाले मार्ग पर गोंडा ब्रिज तथा अयोध्या से बस्ती जाने वाले मार्ग पर बस्ती ब्रिज को आकर्षक रोशनी सज्जा से युक्त किया जाएगा। अयोध्या के 500 से ज्यादा प्रमुख स्थलों को आकर्षक साइनेज बोर्ड से सजाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 20 आर्टिस्टिक इंस्टॉलेशन की भी अयोध्या के विभिन्न क्षेत्रों में दीपोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत स्थापना की जाएगी। अयोध्या में इस वर्ष होने वाले भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान प्रतिदिन विभिन्न चरणों में इन कार्यक्रमों का आयोजन होगा और मुख्य कार्यक्रम की समयावधि 45 मिनट होगी। इस दौरान कुल मिलाकर 100 से ज्यादा कलाकार राम की पैड़ी एवं अन्य कार्यक्रम स्थलों पर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन मुख्य रहेगा। दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान ही अयोध्या समेत आस-पास के सभी प्रमुख क्षेत्रों में वर्चुअल रिएलिटी प्लेटफॉर्म के जरिए दर्शन कराने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। जिन तीर्थस्थलों को वर्चुअल रिएलिटी के जरिए जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू की गई है इसमें श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर, नागेश्वर नाथ मंदिर, राम की पैड़ी, छोटी देवकाली मंदिर, बड़ी देवकाली मंदिर, कनक भवन मंदिर एवं दशरथ महल मंदिर मुख्य हैं। इसके अतिरिक्त, रंग महल मंदिर, सूर्य कुंड, भरत कुंड, गुप्तार घाट, राम हेरिटेज वॉक (साकेत पेट्रोल पंप से लता मंगेशकर चौक तक), राम गुलेला मंदिर, श्रृंगी ऋषि का आश्रम, मखोड़ा धाम, सिया राम किला, जैन मंदिर, छपिया नारायण मंदिर तथा अमावा मंदिर को भी वर्चुअल रिएलिटी प्रक्रिया से जोड़े जाने पर कार्य शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।

- **भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम अयोध्या धाम में 28 से 31 अक्टूबर के बीच मनाया जायेगा**

# प्रयागराज में दीपावली तक दिखने लगेगा महाकुंभ का स्वरूप : शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाकुंभ-2025 को दिव्य, भव्य, सुरक्षित, सुगम, हरित व स्वच्छ रूप से आयोजित करने के लिए सभी संबंधित विभाग दीपावली से पहले अपने निर्धारित कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ युद्धस्तर पर लगकर पूर्ण करायें। सभी स्थानों पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था हो, इसके लिए अभी से कार्ययोजना बनाकर कार्य करने का प्रयास किया जाए। प्रयागराज शहर के मुख्य मार्गों, सड़कों व संपर्क मार्गों के किनारे की ईमारतों, भवनों की रंगाई-पुताई, लाइटिंग और हरियाली का कार्य समय से पूर्ण कराने के लिए व्यापारिक प्रतिष्ठानों व सामाजिक संगठनों के साथ बैठक कर रणनीति बनाएं। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने महाकुंभ की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

- **ट्रैफिक की बेहतर हो व्यवस्था, जाम की न हो संभावना**
- **मोबाइल ऐप के साथ वॉलिंटियर्स व टूरिस्ट गाइड रहेंगे उपलब्ध**

वर्चुअल समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि कुंभ मेला क्षेत्र के घाटों, रिवर फ्रंट, प्लाटून पुल, ब्रिज, कॉरिडोर का निर्माण कार्य, प्रमुख मंदिरों, पूजा स्थलों का जीर्णोद्धार कार्य 15 नवंबर तक अवश्य पूरा कर ले। कुंभ मेला क्षेत्र को जाने वाली सभी सड़कों, मुख्य मार्गों का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण करायें। सड़कों के किनारे डिवाइडर पर हरियाली के लिए पौधों का रोपण करायें, हरा-भरा, दिव्य व भव्य कुंभ आयोजित हो, इसके लिए सभी प्रयास किए जाएं। कुंभ के दौरान ट्रैफिक का सुचार संचालन रहे, कहीं पर भी ट्रैफिक चोक न हो ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। सड़कों के निर्माण कार्यों के दौरान ही टेलीकॉम कंपनियों से वार्ता कर टेलीकॉम सर्विस संबंधी कार्यों को भी पूर्ण कर लिया जाए। शहर में पर्याप्त सामुदायिक शौचालयों के साथ मोबाइल टॉयलेट की भी पर्याप्त व्यवस्था हो। शौचालयों की साफ सफाई और रखरखाव को लेकर बेहतर व्यवस्था बनाएं। टेंट सिटी का निर्माण समय से पूर्ण करायें। नगर विकास मंत्री ने कहा कि प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, कैंटोनमेंटबोर्ड, हाईकोर्ट, विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, आईआईएम और एयरपोर्ट की साफ सफाई और सुंदरीकरण पर विशेष ध्यान देंगे। स्वच्छ कुंभ के लिए साफ सफाई को लेकर कोई समस्या न हो। मेला क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी प्रयास किए जाएं। उन्होंने रेलवे के अतिरिक्त प्लेटफार्म बनाने के कार्यों में तेजी लाने तथा प्रयागराज एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन में 850 यात्री तक ठहरने की क्षमता हो। ऐसी व्यवस्था बनाने के भी निर्देश दिए।



# विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया होगा : अखिलेश

## सपा प्रमुख ने राज्य मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया होगा और देश की राजनीति उसके चुनावी परिणाम से प्रभावित होगी। भाजपा की सरकार में निर्दोष लोगों को सताया जा रहा हैं। किसान परेशान है। नौजवानों का भविष्य अंधकारमय है। समाज का हर वर्ग परेशान, बदहाल है। 2027 में समाजवादी सरकार बनते ही पूरे प्रदेश के बुलडोजरों का रूख गोरखपुर की तरफ होगा।

अखिलेश यादव मंगलवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में डॉ राम मनोहर लोहिया सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि जनता अपनी सरकार बनाना चाहती है। वह 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार को बेदखल कर सत्ता में सपा की सरकार बनाने के लिए संकल्पित है। राज्य की जनता समाजवादी सरकार के समय हुए विकास से परिचित है। जबसे भाजपा की सरकार सत्ता में आई हैं प्रदेश हर स्तर पर पिछड़ता चला गया है। विकास पूरी तरह अवरूद्ध है। जनता महंगाई, भ्रष्टाचार से त्रस्त है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति को निष्प्रभावी बनाने में पीडीए एक सशक्त भरोसा साबित हुआ है। संविधान और आरक्षण के मुद्दे को और धार देना हैं। सामाजिक न्याय के लिए जातीय जनगणना का होना आवश्यक है। सपा इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का राजनीतिक चरित्र ही विकास विरोधी है। पिछले सात वर्षों में भाजपा ने विकास के नाम पर कोई काम नहीं किया है और न ही भाजपा नेतृत्व के पास विकास का कोई विजन है। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा के प्रति जनता का भरोसा है। भाजपा का एजेंडा समाज में नफरत फैलाकर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ कर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूरा करना है। समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा के इन मंसूबों को कभी भी पूरा नहीं होने देगा।

# मनमाने निर्णयों पर न्यायालय कसेगा नकेल : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को जारी बयान करते हुए योगी सरकार पर तीखे हमले करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय में हम लोगों की आपत्तियों को सही साबित किया है। हमने पहले भी कहा था कि बुल्डोजर से जिस घर को तोड़ा जाता वो सिर्फ अभियुक्त का ही नहीं होता है बल्कि पूरे परिवार का है। एक व्यक्ति की सजा पूरे परिवार के जीवन को ध्वस्त करके नहीं दी जा सकती है। आज उच्चतम न्यायालय ने हमारी बातों पर मुहर लगाई है। मनमाने तरीके से सत्ता की गुंडागर्दी के रूप में बुल्डोजर की कार्यवाही निश्चित तौर पर गलत है। उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश की भाजपा सरकार पक्षपातपूर्ण उत्पीड़न की कार्यवाही करने पर उत्तारू है। राजनीतिक विरोधियों के साथ-साथ निरीह जनता के सपनों को भी बुल्डोजर से ध्वस्त किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की इस अराजकता को प्रदेश की जनता किसी भी हाल में बर्दाशत नहीं करेगी। यदि आज प्रदेश में चुनाव करा दिये जाये तो भाजपा 20 सीटों पर भी नहीं दिखाई देगी। पूरे प्रदेश में अराजकता फैली हुई है, हर जगह युवा और महिलाएं धरने पर बैठे हुए हैं, ऐसे समय में योगी सरकार को सद्बुद्धि मिले और उच्चतम न्यायलय के बयान को संज्ञान में लेते हुए प्रदेश सरकार अपनी बुल्डोजर की कार्यवाही को बंद करे नहीं तो बहुत जल्द ही प्रदेश की जनता सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी।

# शत-प्रतिशत घरों व प्रतिष्ठानों को सीवर लाइन से जोड़ा जाये : मनोज कुमार

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने निर्देश दिये हैं कि जिन क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है उसके आसपास के शत-प्रतिशत घरों व प्रतिष्ठानों को सीवर लाइन से जोड़ा जाये। इन क्षेत्रों में नाले का पानी सीवर में प्रवाहित नहीं होना चाहिये। इसी प्रकार जिन क्षेत्रों में पेयजल के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां सभी घरों को शीघ्र पेयजल कनेक्शन से जोड़ा जाये। इसकी साप्ताहिक समीक्षा की जाये।मुख्य सचिव मंगलवार को नगर निगम लखनऊ, वाराणसी, कानपुर और प्रयागराज में सीवरेज, जल निकासी, पेयजल की व्यवस्था की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में नाले क्षतिग्रस्त हैं, उनका सुदृढ़ीकरण कराया जाये। वषार्काल के दौरान जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए एक बेहतर कार्ययोजना बनायी जाये। सीवर का पानी नाले में तथा नाले का पानी में सीवर में न जाये, इसके लिए भी एक प्लान तैयार किया जाये। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास अजय कुमार शुक्ला, विशेष सचिव नगर विकास अमित कुमार सिंह, नगर आयुक्त लखनऊ इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि तथा सम्बंधित निकायों के वरिष्ठ अधिकारीगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

- **मुख्य सचिव ने नगर निगम लखनऊ, वाराणसी, कानपुर और प्रयागराज में सीवरेज, जल निकासी, पेयजल की व्यवस्था की प्रगति के संबंध में की समीक्षा**

# यूपी सरकार ने संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए राज्य कर्मियों को दिया एक माह का और समय

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने राज्य कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए एक और महीने का समय दिया है। सूचना निदेशक शिशिर ने कहा, कि सरकारी कर्मचारियों के लिए संपत्ति का ब्यौरा जमा करने की अंतिम तिथि एक महीने के लिए बढ़ा दी गई है। अब तक 74 प्रतिशत कर्मचारियों ने अपना ब्यौरा जमा कर दिया है। इससे पहले, मानव संपदा पोर्टल पर सरकारी कर्मचारियों के लिए संपत्ति घोषित करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त थी। मुख्य सचिव ने 17 अगस्त को शासनादेश के जरिये सभी कार्मिकों को अपनी संपत्ति का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। साथ ही सभी विभागों को आदेश दिया था कि 31 अगस्त तक संपत्ति का ब्यौरा देने वालों को ही अगस्त माह का वेतन दिया जाए।

# भाजपा जिलास्तर पर सदस्यता अभियान आज करेगी आरंभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा सदस्यता अभियान के तहत 4 व 5 सितम्बर को जिला मुख्यालयों पर प्रेसवार्ता तथा अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से जिलास्तर पर सदस्यता अभियान का शुभारम्भ करेगी। पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के मंत्री तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष जिला मुख्यालयों पर पहुंचकर सदस्यता अभियान की जिलों में लॉचिंग करेंगे।

प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने बताया कि 04 सितम्बर को प्रदेश सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना गोरखपुर महानगर, अरविन्द कुमार शर्मा आगरा महानगर, बेबी रानी मौर्य कानपुर देहात, जेपीएस राठौर हरदोई, लक्ष्मी नारायण चौधरी इटावा, जयवीर सिंह वाराणसी महानगर, दयाशंकर सिंह उन्नाव, नरेन्द्र कश्यप रामपुर, कपिल देव अग्रवाल बिजनौर, सोमेन्द्र तोमर मुजफ्फरनगर, असीम अरूण गाजियाबाद, रजनी तिवारी कन्नौज, दिनेश खटीक शामली, संजय गंगवार अमरोहा, अजीत पाल फिरोजाबाद महानगर, बलदेव सिंह ओलख पीलीभीत, गुलाब देवी बदायूं, अनिल राजभर मीरजापुर, योगेन्द्र उपाध्याय फरूर्खाबाद, धर्मवीर प्रजापति जालौन, रामकेश निषाद ललितपुर, प्रतिभा शुक्ला रायबरेली, नितिन अग्रवाल बलरामपुर, गिरीश चन्द्र यादव जौनपुर, राकेश राठौर श्रावस्ती, दयाशंकर मिश्र दयालु बलिया, दानिश आजाद अंसारी भदोही में प्रेसवार्ता करेंगे तथा जिले में सदस्यता अभियान का शुभारम्भ करेगें। संगठन से प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ता कर्दम नोएडा महानगर, संतोष सिंह मैनपुरी, सलिल विश्नोई गोरखपुर महानगर, बृज बहादुर फिरोजाबाद महानगर, पद्मसेन चौधरी अम्बेडकरनगर, मानवेन्द्र सिंह गाजियाबाद जिला, धर्मेन्द्र सिंह आगरा महानगर, देवेश कोरी हमीरपुर, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता औरैया, संजय राय अयोध्या जिला, सुभाष यदुवंश मुरादाबाद महानगर, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह बहराइच, पूनम बजाज कासगंज, अभिजात मिश्रा गोण्डा, डीपी भारती हाथरस, शंकर गिरि अमेठी में अभियान का शुभारम्भ करेगें।

# हाथ धोने के फायदों से परिचित हुए 1.40 करोड़ नौनिहाल

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** योगी सरकार, एक से 15 सितम्बर तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' मना रही है। पहली सितम्बर को 'स्वच्छता शपथ' से शुरू हुए इस पखवाडे. के दूसरे व तीसरे दिन 'स्वच्छता जागरूकता दिवस' मनाया गया। इस दौरान प्रदेश के लगभग 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों के 1.40 करोड़ नौनिहालों ने 'स्वच्छता शपथ' ली और 'हाथ धोने' के महत्व को जाना। पहली सितम्बर से एक 'पखवाड़ा' यानी 15 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों और शिक्षकों के साथ समुदाय के लोगों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। योगी सरकार द्वारा मनाये जाने वाले 'स्वच्छता पखवाड़ा' के दूसरे दिन सोमवार को परिषदीय विद्यालयों के बच्चों, शिक्षकों और स्टॉफ को 'स्वच्छता शपथ' दिलाई गई। वहीं, मंगलवार को 'स्वच्छता जागरूकता दिवस' मनाया गया। शपथ दिलाने के बाद मंगलवार को विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों का क्रम शुरू हो गया। मंगलवार को 'स्वच्छता पखवाड़ा' में प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में एसएमसी, एसएमडीसी, पीटीए की बैठकें आयोजित हुईं। इस दौरान छात्रों को स्वच्छता और हाथ धोने के महत्व और उनके लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान होने वाले अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) में अभिभावकों को जल संरक्षण/वर्षा जल संचयन की विधियों से परिचित कराया गया और उन्हें बढ़ावा देने व अपनाने पर बल दिया गया। बच्चों को स्कूल के साथ-साथ घर में स्वच्छता और सफाई के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया गया।

- **1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों में मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा**
- **सोमवार और मंगलवार को मनाया गया 'स्वच्छता जागरूकता दिवस'**
- **बच्चों और शिक्षकों के साथ समुदाय के लोगों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही**

### यह कार्य भी हुआ

**-स्कूल अथवा संस्थान के हर कोने में स्वच्छता सुविधाओं का निरीक्षण करने के लिए शिक्षकों को टिप्स प्रदान किए गए।**

**-शौचालय, एमडीएम रसोई, कक्षाओं, पंखों, दरवाजों, खिड़कियों, परिसर में झाड़ियों को साफ किया गया। कीटाणुशोधन का उपयोग कर परिसर को कीटाणु मुक्त करने का प्रयास हुआ।**

**-स्कूलों के परिसर से बेकार सामग्रियों, जैसे टूटा हुआ फर्नीचर, अनुपयोगी उपकरण, बेकार वाहन आदि को पूरी तरह से हटाया गया।**

### बनी योजनाएं हुआ विचार

**-त्वरित मूल्यांकन और सुविधाओं के रखरखाव के लिए योजना बनी।**

**-हाथ धोने की सुविधाए दैनिक सफाई और कीटाणुशोधन, शौचालय का उपयोग, जल सुविधा का उपयोग, वेंटिलेशन, अपशिष्ट प्रबंधन आदि के लिए अनुकूलन पर स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ दिनवार चर्चा करने सम्बन्धी योजना बनी।**

**-स्कूल में पाइप से पानी की आपूर्ति कनेक्शन परखे गये और 'कैच द रेन-2024' अभियान के मद्देनजर स्कूल में जल संचयन प्रणालियों के संबंध में विचार हुआ।**

# राजेश वर्मा ने संभाला उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का कार्यभार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के नए अध्यक्ष राजेश वर्मा ने मंगलवार को औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। यह नियुक्ति राज्य के पिछड़ा वर्ग आयोग के कार्यों, जातियों के सम्मेलन, रक्षा उपायों से संबंधित शिकायतों के समाधान और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए योजनाएं बनाने के उद्देश्य से की गई है।इस अवसर पर राजेश वर्मा के साथ उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल और सदस्यों के रूप में मेला राम पवार, वासुदेव मौर्य, विनोद यादव, शिवमंगल बियार, लक्ष्मण सिंह, डॉ. मुराहू राजभर, प्रमोद सैनी, करूणा शंकर पटेल, रामशंकर साहू, विनोद सिंह और कु. ऋचा राजपूत ने भी अपने-अपने पदों का कार्यभार संभाला।कार्यभार ग्रहण करने के दौरान उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवन्त सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ मिश्रिख के सांसद अशोक रावत, सचिव राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग मनोज कुमार सागर, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक सुनील वर्मा और अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर मौजूद थे।

- **उपाध्यक्ष और सदस्यों ने भी किया पदभार ग्रहण**

# कैसरबाग चौराहा नो-पार्किंग जोन, रूमी दरवाजे के पास चलेंगे सिर्फ तांगा व ई रिक्शा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हेरिटेज कॉरिडोर में फसाड कंट्रोल गाइडलाइन के तहत व्यवस्था लागू करने के लिए एलडीए, नगर निगम, लेसा, परिवहन व लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम पूरे रूट का सर्वे करेगी। जिसके बाद सम्बंधित विभाग गाइडलाइन के तहत स्थल पर कार्य सुनिश्चित कराएंगे।

- हेरिटेज कॉरिडोर में फसाड कंट्रोल गाइनलाइन लागू करने के लिए संयुक्त टीम करेगी सर्वे
- बीएन रोड पर तय पार्किंग स्थल पर खड़े कर सकेंगे

लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में मंगलवार को आयोजित एक बैठक में मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने अधिकारियों को इस सम्बंध में निर्देश दिये हैं। बैठक में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे। कमिश्नर ने बैठक में कहा कि हुसैनाबाद में रूमी दरवाजे के पास सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही से ट्रैफिक का काफी लोड रहता है। इससे हेरिटेज जोन में घूमने के लिए आने वाले पर्यटकों को दिक्कत होती है। इसे ध्यान में रखते हुए रूमी दरवाजे के पास कॉबल स्टोन ट्रैक पर केवल इक्का-तांगा व ई-रिक्शा को ही संचालन की अनुमति दी जाए। शेष सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए दूसरे वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किये जाएं। इस क्रम में बस व ऑटो-टेम्पो स्टैण्ड को भी निर्धारित दूरी पर दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराया जाए। कहा कि हेरिटेज कॉरिडोर के लिए बनायी गयी फसाड कंट्रोल गाइडलाइन के तहत सुंदरीकरण व साइनेज आदि के कई कार्य कराये जाने हैं।

इसके लिए समस्त सम्बंधित विभाग एक बार पूरे रूट का निरीक्षण करके अपने स्तर से कराये जाने वाले कार्यों को चिन्हित करके पूर्ण करायें। इस क्रम में कमिश्नर ने कैसरबाग चौराहे पर कराये जा रहे सुंदरीकरण के कार्यों की भी समीक्षा की। जिसमें उन्होंने निर्देशित किया कि चौराहे पर ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है, उस पर दुकानों के आसपास वाहनों की पार्किंग से ट्रैफिक व्यवस्था और खराब हो जाती है।

ऐसे में कैसरबाग चौराहे को पूरी तरह से नो-पार्किंग जोन बनाते हुए बीएन रोड पर पार्किंग के लिए स्थान निर्धारित किया जाए। जिससे कि क्षेत्रीय दुकानदार व अन्य लोग अपने वाहन चौराहे के स्थान पर निर्धारित पार्किंग में खड़े कर सकें। इसके अलावा कैसरबाग चौराहे से बारादरी की तरफ मुड़ने पर एक पुलिस चौकी बनी है, जिसे अन्य अतिक्रमण के साथ शीघ्र हटवाया जाए। इसके अलावा हजरतगंज में नाली, फुटपाथ व कॉरिडोर आदि की साफ-सफाई के सम्बंध कमिश्नर ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हेरिटेज कॉरिडोर व हजरतगंज में जिन लोगों ने एक से अधिक साइनेज बोर्ड लगाये हैं, उन्हें चिन्हित करके तुरंत हटवाया जाए। बैठक में एलडीए, नगर निगम, लेसा, लोक निर्माण विभाग, एएसआई, डूडा, परिवहन समेत अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम के ट्रेड लाइसेंस शुल्क का व्यापारियों ने किया विरोध

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जिम, ब्यूटी पार्लर, ज्वेलरी शोरूम सहित 21 ट्रेड पर प्रस्तावित लाइसेंस शुल्क लगाने का व्यापारिक संगठनों ने विरोध किया है। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि सरकारी बिल्डिंगों पर करोड़ों रुपया बकाया है उसे नगर-निगम वसूल नहीं पा रहा है। व्यापारी पर टैक्स पर टैक्स लगाता जा रहा है। जबकि बाजारों में

- महापौर से मिलकर शुल्क वापस लेने की करेंगे मांग
- जबरन टैक्स लगाने पर सड़कों पर उतरेगा व्यापारी

पेयजल, शौचालय, पार्किंग आदि की बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं। अतिक्रमण की भरमार है, वेंडिंग जोन आज तक बना नहीं पाए। कामर्शियल टैक्स के रूप में व्यापारी अधिकतम टैक्स दे रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रस्तावित दरें व्यापारियों पर थोपने का प्रयास किया गया तो सड़क पर उतरकर



संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से ई-कामर्स नीति बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि कोई टैक्स व्यापारियों पर लगाया जाता है तो इसका असर सीधा आम जनता के ऊपर होगा। इसका जिम्मेदार नगर-निगम होगा। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा बताया कि ज्वैलरी, फर्नीचर, ब्यूटीपार्लर, कपड़ा, जूता, चाय, पेन्ट सहित 21 ट्रेड पर चार से 10 हजार रुपये तक प्रतिष्ठान शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया गया है। होटल, रेस्टोरेन्ट, जलपान गृह, आदि पर पूर्व से निर्धारित प्रतिष्ठान शुल्क में पांच गुना बढ़ोत्तरी करने का प्रस्ताव दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले से कॉमर्शियल हाउस टैक्स, वाटर टैक्स, सीवर टैक्स, नाम परिवर्तन टैक्स, यूजर चार्ज टैक्स सहित कई टैक्स है। अब यह टैक्स व्यावहारिक नहीं है।

## जीएसटी लागू होने के बाद कोई शुल्क लेना अनुचित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा जीएसटी लागू होने के बाद व्यापारियों पर किसी भी प्रकार का लाइसेंस शुल्क लागू किया जाना अनुचित है तथा जीएसटी की मूल अवधारणा के विरुद्ध है। उन्होंने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष से ज्वेलरी, कपड़े, जूते ,ब्यूटी पार्लर आदि क्षेत्र के व्यापारियों से लाइसेंस शुल्क लिए जाने के निर्णय से व्यापारियों में नाराजगी व्याप्त हो गई है। उन्होंने कहा संगठन महापौर से मिलकर प्रस्तावित लाइसेंस शुल्क लागू किए जाने के निर्णय को वापस लेने की मांग करेगा।

# व्यापारियों की समस्याओं के समाधान से प्रदेश में बढ़ेगी खुशहाली

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जो संगठन ईमानदारी और निस्वार्थ भाव से काम करते हैं। वह बहुत आगे बढ़ते हैं। उस संगठन से जुड़े वर्ग की समस्त समस्याओं का निराकरण भी तेजी से होता है। यह बात मंगलवार को वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कही। वह अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर

- ईमानदारी से काम करने वाले संगठन ही तरक्की करते हैं : सुरेश खन्ना

प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के 31वें स्थापना दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय व्यापारी दिवस को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के बिना सामाजिक ताना-बाना नहीं चल सकता और इसमें भी कोई दो मत नहीं है कि जैसे-जैसे व्यापारियों की तमाम समस्याओं का समाधान होगा वैसे-वैसे देश और प्रदेश में खुशहाली



बढ़ेगी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पित व्यापारी समाज सरकारों से सुरक्षा और सम्मान की अपेक्षा करता है। जिस देश में व्यापारी को समुचित सम्मान मिलता है। वह देश और वह राज्य स्वतः अग्रिम पंक्ति में आकर के खड़ा हो जाता है। जिसकी शुरूआत उत्तर प्रदेश में हो चुकी है और उनको उम्मीद है की आने वाले समय में उत्तर प्रदेश पूरे भारत में सबसे अग्रिम पंक्ति में आकर के खड़ा हो जाएगा। समारोह के दौरान कई गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। संदीप बंसल ने कहा कि जीएसटी से संबंधित समस्त समस्याओं को निराकरण हो। शिक्षक और स्नातक क्षेत्र की तरह व्यापारी समाज को विधान परिषद में चुनकर के भेजा जाना चाहिए। व्यापारियों के लिए पेंशन योजना प्रारंभ हो। व्यापारियों को स्वास्थ्य बीमा मिले। इसके अतिरिक्त कोई देवी आपदा यदि व्यापारी पर आती है तो उसको सरकार की तरफ से मुआवजा मिले। जरूरतमंद व्यापारियों को आत्म सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस भी प्राथमिकता पर निग्रत किए जाए।

# राजनाथ सिंह तीन दिवसीय यात्रा पर आज पहुंचेंगे राजधानी

**लखनऊ।** लखनऊ से सांसद व केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 04 सितंबर को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार अपराह्न 12:05 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। शाम 6:00 बजे सूर्या ऑडिटोरियम कैंट में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। रक्षा मंत्री



अगले दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 10:00 बजे सूर्या कॉन्फ्रेंस हॉल कैंट में आयोजित जॉइंट कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में सम्मिलित होंगे। शाम 5:00 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में जाएंगे। वहीं, अगले दिन 06 सितंबर को प्रातः 11:00 बजे खाटू श्याम मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे और उसके बाद 11:30 बजे ऐकेडी पब्लिक स्कूल आलमबाग में आयोजित बैठक में कैंट विधानसभा के वरिष्ठ जनों के साथ संवाद करेंगे। बैठक के बाद एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और अपराह्न 12:45 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# भाषा विवि में यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी का दौरा

**लखनऊ।** कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी कमान अधिकारी 20 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी का संस्थागत दौरा मंगलवार को भाषा विश्वविद्यालय में संपन्न हुआ। कमान अधिकारी का एएनओ एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

# मोहान रोड योजना में किसानों का विरोध

**लखनऊ।** एलडीए की मोहान रोड योजना से ग्रहण नहीं छंट पा रहा है। प्राधिकरण ने यहां जमीनों पर कब्जे का काम शुरू कराया है। सड़कों के लिए टेंडर निकाले हैं मगर किसानों ने एक बार फिर रुकवा दिया है। वह एलडीए को जमीन पर कब्जा नहीं करने दे रहे हैं। किसानों ने योजना में डेरा डाल दिया है। एलडीए के अफसरों ने किसानों के साथ बैठक की थी, लेकिन कोई हल नहीं निकला। एलडीए लगातार वार्ता कर रहा है। एलडीए ने अपनी मोहान रोड योजना को दिवाली पर लांच करने की तैयारी कर रखी है। प्राधिकरण ने यहां के कलिया खेड़ा तथा प्यारेपुर गांव की 785 एकड़ जमीन अधिग्रहित की है। कलिया खेड़ा को पहले मुआवजा दिया जा चुका है।

# लाभार्थियों की समस्याओं का निस्तारण करायें बैंक : सूडा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों व स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के सामने बैंक से जुड़ी हुई जो भी समस्याएं हैं, उनका जल्द से जल्द निस्तारण बैंकों को करना होगा। लाभार्थियों से जुड़ी

- विशेष अभियान चलाकर शिकायतों का त्वरित निस्तारण किए जायें

शिकायतों के निस्तारण में बैंकों को विभाग की ओर से पूरा सहयोग दिया जाता रहा है और आगे भी दिया जाता रहेगा। विशेष अभियान चलाकर शिकायतों का त्वरित निस्तारण किए जाने के निर्देश सूडा निदेशक ने दिए हैं। मंगलवार को सूडा भवन में बैंकर्स



संग आयोजित आवश्यक बैठक के दौरान निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरण तथा लाभार्थियों के सामने आने वाली बैंक से जुड़ी समस्याओं व स्वयं सहायता समूहों के लिए बैंक लिंकेज समेत बैंक से सम्बद्ध अन्य मुद्दों पर चर्चा की। बता दें कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम लोन के रूप में 10000 रुपये, द्वितीय लोन के रूप में 20000 रुपये व तृतीय लोन के रूप में 50000 रुपये का ऋण बैंक से दिया जाता है। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूह यानी एसएचजी का बैंक लिंकेज किया जाता है। स्वयं सहायता समूह को बैंक लिंकेज के माध्यम से उनकी बचत के अनुरूप व बैंक अपनी ग्रेडिंग के हिसाब से उनकी बचत का अधिकतम चार गुना ऋण देते हैं। इस बैठक में प्रदेश के सभी 75 जनपदों से परियोजना अधिकारियों व शहर मिशन प्रबंधक ने भी वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। इस दौरान बैंकर्स को समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसे समस्त बैंक प्रतिनिधियों ने बेहद गंभीरतापूर्वक सुना व जल्द ही प्रभावी निस्तारण का आश्वासन भी दिया। इस बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ ही अपर निदेशक सूडा आनंद कुमार शुक्ला व सहायक निदेशक सूडा मोनिका वर्मा आदि भी मौजूद रहे।

# चार व्यावसायिक व एक आवासीय निर्माण सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार व संजयगांधीपुरम में कार्यवाही की। इस दौरान अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे 04 व्यावसायिक निर्माण व 01 आवासीय निर्माण को सील किया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि एके सिंह व अन्य की ओर से गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 में भूखण्ड संख्या-1/सी-803ए पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। वहीं, रोहित सिंह व अन्य की ओर से सेक्टर-1 में भूखण्ड संख्या-1/बी-4ए पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह डॉ. विजित सिंह व अन्य की ओर से गोमती नगर विस्तार के



सेक्टर-4 में भूखण्ड संख्या-4/1059 पर लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। इसके अलावा निरंजन रस्तोगी व अन्य द्वारा अयोध्या रोड स्थित संजयगांधीपुरम में लगभग 110 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। चारों प्रकरण में विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश पारित किये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता आशीष श्रीवास्तव, संजय भाटी व एसके दीक्षित व पुलिस बल के सहयोग से चारों बिल्डिंगों को सील कर दिया गया। इसके अलावा लल्ली उपाध्याय व अन्य की ओर से गोमती नगर के विनम्र खण्ड में भूखण्ड संख्या-2/22 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से आवासीय भवन का निर्माण कराया जा रहा था। स्थल पर चोरी-छुपे निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसे प्रवर्तन टीम ने पुनः सील कर दिया।

# मोटे अनाजों का बहुत महत्व : संध्या मिश्रा

**लखनऊ।** चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के परिसर में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के तत्वावधान में किया गया। प्रशिक्षण में मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता करायी गयी। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि संध्या मिश्रा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बक्शी का तालाब ने बताया कि आज के परिवेश में मोटे अनाजों का बहुत महत्व है, मोटे अनाजों मैं कैल्शियम मैग्नीशियम आयरन पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जिनके प्रयोग से बीमारियां बिल्कुल नहीं होती। उप कृषि निदेशक अनिल कुमार यादव ने श्रीअन्न मिलेट्स के महत्व तथा जनपद में चल रही कृषि संबंधी लाभकारी योजनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। भूमि संरक्षण अधिकारी संगीता कटियार ने बच्चों के टिफिन में मोटे अनाजों का लंच रखने पर जोर देते हुए कहा कि श्री अन्न की आदत छोटे बच्चों में डालनी चाहिए जिससे उनका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। महाविद्यालय के निदेशक प्रो योगेश कुमार शर्मा ने कहा श्री अन्न कि आज बहुत आवश्यकता है।

# बकाये पर कनेक्शन कटा तो बिजली कर्मी को पीटा

वरिष्ठ संवाददाता

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र के बंग्ला बाजार विद्युत उपकेंद्र के तहत उपभोक्ता का बिजली बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया गया। कनेक्शन कटने पर उपभोक्ता ने बिजली कर्मचारियों से बहस शुरु कर दिया। देखते ही देखते उपभोक्ता बिजली कर्मचारियों से मारपीट करने लगा। देर रात कर्मचारियों ने थाने में तहरीर दिया है जिसके बाद जांच चल रही है। बंग्ला बाजार विद्युत उपकेंद्र पर एसएसओ पद पर कार्यरत रामसिंह के अनुसार एक उपभोक्ता रमेश चंद्र सिंह का 18 हजार रुपये बिल बकाया होने के कारण, बिजली कनेक्शन कट गया थो इस पर उपभोक्ता ने पहले फोन पर गाली गलौज की और फिर पॉवर हाउस पहुंचकर एसएसओ संग मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जिसकी सूचना बिजली कर्मचारी ने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को दी लेकिन तब तक उपभोक्ता मौके से फरार हो चूका थो पीड़ित राम सिंह ने स्थानीय आशियाना थाने पर पहुँच उपभोक्ता के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत की है। आशियाना पुलिस ने विद्युत कर्मचारी की शिकायत पर उपभोक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

# आईटीआई के छात्र देखेंगे बिजली मीटर की रीडिंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजली चोरी रोकने के लिए पावर कार्पोरेशन अलग-अलग उपाय कर रहा है। ऐसे में बिजली मीटर से रिडिंग सही करने के लिए आई आईटी के छात्रो से सर्वे कराने के लिए पावर कार्पोरेशन ने सभी डिस्काम को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि इसके लिए चार गांवो का चयन किया गया है पहले चार गांव का सर्वे कराकर फिर अन्य गांवों का भी सर्वे कराया जायेगा। पावर कार्पोरेशन के निदेशक वाणिज्य निधि कुमार नारंग ने पत्र मे लिखा है कि औद्योगिक प्रशिक्षण




संस्थान के प्रशिक्षुओं के माध्यम से यह कार्य कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि आईटीआई के ट्रेनिंग आयेगें तो उन्हें मीटर से जुड़े कार्य बिलिंग से जुड़े कार्य और विभाग से जुड़ा कार्य आसानी से सीख सकेगें। शहर से नजदीक और गांव से जुड़े गांव की रिडिंग सही समय पर नही हो पा रही है जिस मीटर की रिडिंग हो रही है वह सही हो रहा है या नही हो रहा है इसका भी सत्यापन हो जायेगा। कुछ गांव ऐसे भी है जहां पर मीटर नही लगा है और बिजली का बिल आ रहा है। ऐसे गांव को पहले चिन्हित किया जा रहा है। वर्तमान में मीटर रिडिंग का कार्य प्राईवेट संस्था से कराया जा रहा है। प्राइवेट संस्था के कर्मचारी किसी मीटर का कम तो किसी मीटर का ज्यादा रिडिंग का बिल बना दे रहे है। सर्वे में आईटीआई के छात्रो का कार्य अच्छा रहा तो आगे मीटर से जुड़े कार्य को पूर्ण रुप से दिया जायेगा।

# यूपी में 2030 तक 8500 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का लक्ष्य

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत के तहत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में उभरता हुआ राज्य बन रहा है। 2022 तक सोलर एनर्जी से 10,700 मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था । इसमें 6,400 मेगावाट का उत्पादन बड़ी परियोजनाओं से और 4,300 मेगावाट का उत्पादन ग्रिड कनेक्टेड सोलर रूफटॉप की मदद से किया जाएगा। 2030 तक इसे बढ़ाकर क्रमशः 15,000 मेगावाट व 8,500 मेगावाट किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को आत्म निर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार ने 3 साल में 18,823 किसानों को सोलर पंप दिए हैं। सरकार किसानों के डीजल पम्पसेट्स को सोलर पम्पसेट्स में बदलने का अभियान भी शुरू करने



जा रही है। इसके तहत 2030 तक 1 लाख डीजल पम्पसेट्स को सोलर पम्पसेट्स से बदलने का भी लक्ष्य रखा गया है। वहीं 1 लाख किसानों के यहां ग्रिड कनेक्टेड सोलर पंप स्थापित किये जायेंगे। अभी 3 हॉस पावर तक के सोलर पंप कनेक्शन पर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा क्रमशः 45 व 30 फीसदी, 5 हॉस पावर के कनेक्शन 30-30 फीसदी का अनुदान भी दिया जा रहा है। शेष 40 फीसदी राशि के लिए नाबार्ड व अन्य संस्थाओं की भी मदद ली जा रही है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में 16 हजार सोलर पम्प स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री कुसुम ए योजना के तहत वह अपनी भूमि पर 500 किलोवाट से लेकर 2 मेगावाट क्षमता तक के सोलर पावर प्लांट लगवा सकते हैं। इससे उत्पादित बिजली सरकार 3.10 रुपए-यूनिट की दर से खरीदेगी। जल्द ही सरकार इसके लिए केन्द्र सरकार से प्रस्ताव मागेंगी। 2030 तक 1000 मेगावाट की क्षमता प्लांट विभिन्न जिलो में लगाने का लक्ष्य रखा गया है। घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को भी सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना पर राज्य व केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है। अब तक 187.16 मेगावाट क्षमता के सोलर रूफ टॉप प्लांट लगवाए जा चुके हैं। 3 किलोवॉट तक के प्लांट पर केंद्र सरकार द्वारा 40 प्रतिशत, इससे ऊपर की क्षमता के प्लांट पर 20 प्रतिशत तथा राजीव सरकार द्वारा प्रति किलोवॉट 15 हजार व अधिकतम 30 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। नेडा द्वारा विभिन्न योजनाओं में अब तक 66,358 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगवाई जा चुकी हैं। प्रोजेक्ट मोड जिला योजना के तहत जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर प्रति लाइट 7,100 रुपए अनुदान भी दिया जाता है। मौजूदा समय में सरकार ने 5500 करोड़ से अधिक की विभिन्न योजनाओं में अब तक 1657 मेगावाट की परियोजनाओं की स्वीकृति दी है इसमें 946 मेगावाट की परियोजनाए स्थापित की जा चुकी है। इसमें सोनभद्र की रिहंद जल विद्युत परियोजना में 750 करोड़ की लागत से 150 टह क्षमता के देश के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट भी शामिल है। जिससे मार्च 2021 से विद्युत उत्पादन भी शुरू हो जाएगा।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में यूपी के 4 शहरों को मिलेगा पुरस्कार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की तरफ से कराए गए स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में यूपी के चार शहरों आगरा, फिरोजाबाद, झांसी और रायबरेली ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। वित्तीय

- आगरा, फिरोजाबाद, झांसी व रायबरेली ने कम किया वायु प्रदूषण

वर्ष 2023-24 के लिए 131 शहरों में वायु प्रदूषण की स्थिति का मूल्यांकन कराने के बाद यह परिणाम जारी किया गया है। इन शहरों को 7 सितंबर को जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने बेहतर काम करने के लिए निकाय अधिकारियों को बधाई दी है।



प्रमुख सचिव नगर विकास के मुताबिक, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत यह सर्वेक्षण कराया जाता है। इसमें शहरों के वायु गुणवत्ता सुधार के लिए किए गए उपायों का मूल्यांकन किया जाता है। श्रेणी-एक (10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में) आगरा को तीसरा स्थान मिला है। श्रेणी-दो (3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों में) फिरोजाबाद को पहला स्थान मिला है। फिरोजाबाद में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए हरित ऊर्जा समाधान और प्रभावी कचरा प्रबंधन पर काम किया गया है। इसी श्रेणी में झांसी को तीसरा स्थान मिला है। झांसी ने औद्योगिक उत्सर्जन नियंत्रण और शहरी हरित क्षेत्रों को बढ़ावा देने का काम किया है। श्रेणी-तीन (तीन लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों में) रायबरेली को पहला स्थान मिला है। रायबरेली ने सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना, हरित कवर को बढ़ाने और पर्यावरण कार्यक्रमों को वायु प्रदूषण कम किया है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# शॉर्ट सर्किट से दुकानों में लगी भीषण आग

## मोबाइल शॉप सहित पांच दुकानें जलीं, 55 लाख का हुआ नुकसान, दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू






विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** थाना गुडम्बा क्षेत्र के टेढ़ी पुलिया चौकी के अंतर्गत रतन प्लाजाकॉम्प्लेक्स टेडीपुलिया कुर्सी रोड में मोबाईल फोन की दुकान में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गयी। देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पांच दुकानों को अपने चपेट में लिया आग इतनी भीषण थी कि पांच दुकान जल कर राख हो गई। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया कोई जन हानि नही हुई। बताया जा रहा है कि लगभग 55 लाख का सामान जलकर राख हो गया।

गुडम्बा थाना प्रभारी नितीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जानकीपुरम गार्डेन निवासी पवन वर्मा की टेढी पुलिया चौराहा पर रतन कांपलेक्स के बेसमेंट में रियल मोबाइल स्टोर के नाम से चार दुकाने हैं। पवन मोबाइल बेचने, बनाने के साथ मोबाइल एक्ससरीज का थोक विक्रेता भी है। रात करीब 11:45 बजे मोबाइल शॉप में आग लगने पर राहगीरों ने 112 पर फायर कंट्रोल रूम और गुडंबा पुलिस को सूचना दी।

पुलिस से मिली सूचना पर जीपीआरए विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता विशाल चौधरी अपने स्टॉफ के साथ पहुंचकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई। एफएसओ इंदिरानगर शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से मोबाइल शॉप में सबसे पहले आग लगी। देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बेसमेंट के अंदर की अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। बेसमेंट के अंदर जाने वाली गैलरी वाला रास्ते का शटर बंद था। बड़ी मुश्किल से शटर तोड़कर अंदर दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पवन वर्मा के मुताबिक आग से करीब 50 लाख रुपए का मोबाईल और एसेसरीज जल कर राख हो गया उनका बड़ा नुकसान हुआ है। इसके अलावा जानकीपुरम गार्डेन निवासी आदिल का नॉनवेज रेस्टोरेंट, मेराज सिद्दीकी की साइबर कैफे, अनस की अंडे की दुकान, जानकीपुरम के मुमताज की चाय की कैंटीन आग की चपेट में आने से करीब पांच लाख का सामान जल गया। दुकानों में आग से उठने वाले धुएं के गुब्बार से पास के गर्ल्स हास्टल की लड़कियां भी घबराकर बाहर आ गई। वहीं आग बुझाने के दौरान कुर्सी रोड पर वाहनों का जमावड़ा लग गया। गुडंबा और विकासनगर पुलिस ने यातायात सामान्य कराया। दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया कोई जन हानि हुई।

# मायके जा रही महिला के गले से बाइक सवार बदमाशों ने लूटी चेन




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना कोतवाली क्षेत्र में नाबार्ड बैंक के पास बाइक सवार बदमाशों महिला के गले से चेन लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मूल रूप से

कानपुर जनपद हंसपुर नौबस्ता निवासी अंजू सिंह पत्नी धर्मराज सिंह के अनुसार वह अपनी बहनों के साथ सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे पैदल ही सेक्टर-एच, एलडीए कॉलोनी में स्थित अपने मायके जा रही थी अभी वह नाबार्ड बैंक के पास पहुंची ही थीं कि पीछे से बाइकसवार दो बदमाश आए और उनके गले में झपट्टा मार चेन लूट फरार हो गए। उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस को कंट्रोल नंबर पर देने के साथ स्थानीय आशियाना थाने पहुंचकर पुलिस से की है` पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है। किशोरी ने मोहल्ले में रहने वाले किशोर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी गयी है।

## युवती ने दर्ज कराया युवक पर दुराचार का मुकदमा

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी ने मोहल्ले में रहने वाला एक किशोर पर दुष्कर्म का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया है। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 30 अगस्त की शाम दुकान पर सामान लेने गई किशोरी को मोहल्ले के ही एक किशोर ने बातो में उलझा अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया और किशोर से छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म कर दिया थो जिसकी शिकायत पीड़ित किशोरी सोमवार को पुलिस से की थी ` किशोरी की शिकायत पर दुष्कर्म की धारा में केस दर्ज कर मामले में कार्यवाही की जा रही है।

**सीएमएस में शिक्षक दिवस समारोह आज:** सीएमएस के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन 4 सितम्बर को किया जा रहा है। बतौर मुख्य अतिथ राज्यसभा सदस्य डा. दिनेश शर्मा स्कूल के गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में समारोह का उद्घाटन करेंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र कामरान खान को उसका चल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। मोहम्मद सरफराज खान पुत्र मोहम्मद हनीफ खान नि. 544/20 कैम्पवेल रोड, एकता नगर, बालागंज, लखनऊ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपने पुत्र आलोक कुमार आयु लगभग 22 वर्ष नि.-ग्राम राधा कृष्ण खेड़ा मजरा उत्तरागॉव, थाना मोहन लालगंज, तहसील मोहनलालगंज, जिला-लखनऊ को उसके अनैतिक कार्यों व चालो चलन ठीक न होने के कारण उससे सारे सम्बन्ध समाप्त कर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। गनेश प्रसाद पुत्र श्री कृष्ण ग्राम राधा कृष्ण खेड़ा मजरा उत्तरागॉव, थाना/कोतवाली मोहनलालगंज, तहसील मोहनलालगंज, जिला-लखनऊ

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे ड्राईविंग लाईसेंस में मेरा नाम मों अजमत पुत्र रफीक है जो गलत है वास्तविक नाम आधार कार्ड पासपोर्ट व पैन कार्ड के अनुसार अमजद अंसारी Amjad Ansari पुत्र हाजी मोहम्मद रफीक पता 151 मोहल्ला कजियाना कलां जायस तिलोई रायबरेली है, जो सही है भविष्य में मुझे इसी नाम पते से जाना पहचाना जाये। **अमजद अंसारी पता-151 मोहल्ला कजियाना कलां जायस तिलोई रायबरेली**

**श्री सन्यासी संस्कृत महाविद्यालय, रजादे पुर, मठ जीयनपुर, सगड़ी, जनपद आजमगढ़।**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्र संख्या-मेमो/2024-25 दिनांक 23.08.2024 द्वारा जारी विज्ञप्ति प्रकाशन तिथि 28.08.2024 में टंकणीय त्रुटिवश अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य प्रसारित हो गयी है, जबकि उल्लिखित दोनों पदों हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। अतः उक्त दोनों पदों के लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष निर्धारित करते हुए उक्त विज्ञप्ति इस सीमा तक संशोधित की जाती है। पात्रता की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

**श्री सन्यासी संस्कृत महाविद्यालय राजादेपुर, मठ जीयनपुर, सगड़ी, जनपद आजमगढ।**

# ससुरालियों ने विवाहिता के काटे बाल पति ने बनाया अप्राकृतिक यौनसंबंध

- **विवाहिता के ससुर व देवर की अशलीलता का जताया विरोध**
- **पुलिस आयुक्त के आदेश पर आलमबाग कोतवाली में मुकदमा दर्ज**

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने अपने ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता के अनुसार उसका विवाह बीते 27 फरवरी 2011 को विशाल खोटे पुत्र नाथूराम खोट निवासी एम एल दबौली वेस्ट, उ ?द्योग नगर, कानपुर नगर के साथ हुआ था। विवाहिता के कुछ दिन बाद उसके ससुर नाथूराम उसके विवाह के कुछ दिन बाद से ही अशलील हरकत करने के साथ निर्वस्त्र हो उसके कमरे में आ जाते थे। जिसकी शिकायत उसने पति व सास से की तो वह लोग ससुर को बूढ़े है कहकर बात को टालने की बात कही।

आरोप है कि देवर शैलेन्द्र खोटे व ससुर नाथूराम दोनों लोग पीडिता से अश्लील हरकतें करने लगे और अकेला पाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जिसकी शिकायत उसने पति व सास से की तो उन्होंने उलटे ही पीडिता संग मारपीट करने के साथ उसे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दे दी। उसके ससुर नाथूराम ने ममिया ससुर के लड़के की शादी में लड़की पक्ष की बुआ की छाती में हाथ डाल दिया था, जिस पर लोगों ने उन्हें मारने के लिए घेर लिया तब ममिया ससुर ने सबसे माफी मांग कर उन्हें बचाया था। वही पीडिता का कहना था कि उसका पति विशाल आये दिन उसे जबरन पानी में भांग मिलाकर पिलाते और जबरन गंदी वीडियो दिखाकर उसके संग अप्राकृतिक व मुख मैथुन करने पर मजबूर करते और विरोध करने पर बुरी तरह मारते पीटते व बच्चों के सामने भी आये दिन गन्दी हरकतें करते थे। बीते 16 मार्च 24 की रात लगभग 11:30 बजे पति दारु पीकर आये व जोरदार थप्पड़ मारकर मुझे जगाया और कहा कि आज के बाद बिना मुझे खाना दिये सोना नहीं। वही पीडिता का कहना था कि खाना न बनाने की बात पर सास मुन्नी देवी, ननदों ऐलेन, रेखा उर्फ लालू व जेन्ड्रीला उर्फ बाबू ने नन्दोई नरेश व वीरेन्द्र के साथ मिलकर पीडिता के कमरे में जबरन घुसकर उसे मारा-पीटा व सबने मिलकर जबरन पीडिता के हाथ पैर पकड़कर कैंची से उसके बाल काट दिये। जिसकी शिकायत पीडिता ने स्थानीय थाने में करने के साथ पुलिस आयुक्त लखनऊ से की। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर अधिकारियों के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# स्प्रिंगडेल सीनियर स्कूल, अमृतसर ने जीती ओवरऑल चैम्पियनशिप



**लखनऊ।** सीएमएस के राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव ओडिसी इण्टरनेशनल-2024 का समापन मंगलवार को स्कूल के कानपुर रोड ऑडिटोरियम में हुआ। इस अवसर पर रंगारंग शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच देश-विदेश के प्रतिभागी विजयी छात्रों को शील्ड, मेडल व सार्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्प्रिंगडेल सीनियर स्कूल, अमृतसर की छात्र टीम ने ओडिसी इण्टरनेशनल-2024 की ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्राफी जीतकर अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहराया जबकि सेंट मार्क्स सीनियर सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली के छात्रों ने रनरअप ट्राफी पर कब्जा जमाया। ओडिसी इण्टरनेशनल-2024 का आयोजन 31 अगस्त से 3 सितम्बर तक स्कूल के कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया गया, जिसमें अमेरिका, इंग्लैण्ड, रूस, नेपाल, श्रीलंका एवं देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे लगभग 500 छात्रों व विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। इससे पहले मुख्य अतिथि डा. जकारी एडम, यूपी स्टेट हेड, यूनिसेफ, ने दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह का उद्घाटन किया एवं विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

# बैंक खाते से उड़ाये 50 हजार, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में रहने वाले एक युवक को मोबाइल फोन थाना क्षेत्र स्थित बंगला बाजार सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने के दौरान चोरी हो गया। वही चोरों ने पीड़ित के बैंक खाते से 50 हजार रुपये पार कर दिया। आशियाना क्षेत्र के शारदा नगर रूचि खंड प्रथम में रहने वाले विजय सिंह के मुताबिक वह बीती 27 जून को रात करीब 09:30 बजे सब्जी खरीदने के लिए गया था। उस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके सफारी सूट की जेब से सैमसंग मोबाइल फोन पार कर दिया।चोरी हुए मोबाइल में फोन पे का उपयोग किया जाता था जो उनके एसबीआई बैंक खाते से कनेक्ट था। वहीं दूसरे सिम पर जियो नेटवर्क का नंबर था जो कि उनकी पत्नी कांति सिंह के बैंक खाते से जुड़ा हुआ था।चोर ने मोबाइल का उपयोग करके पीड़ित व उसकी पत्नी के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर कुल 43,838 रुपए ट्रान्सफर कर लिए। जिसकी जानकारी उन्हें अपने पुराने नंबर के दूसरे सिम को निकलवाने पर हुई जिसकी शिकायत पीडित ने स्थानीय थाने में पुलिस से की है।

# आज देखा जायेगा रबीउल अव्वल का चांद

लखनऊ। माहे रबी उल अव्वल की तैयारियों के सिलसिले में बैठक इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया में हुई। बैठक की अध्यक्षता फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद ने की। जिसमें में यह निर्णय लिया गया कि हर साल की तरह इस साल भी पहली तारीख से 10 रबी उल अव्वल तक इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया की निगरानी में ऑल इण्डिया सुन्नी बोर्ड शहर की विभिन्न मस्जिदों और मोहल्लों में अशरा रहमत का आयोजन करेगा। इसका मकसद नबी पाक की सीरत से लोगों को अवगत कराया कराना है। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि 4 सितम्बर को चांद देखने का एहतिमाम किया जायेगा। उस दिन चांद हो जाता है तो पहली रबी उल अव्वल 5 सितम्बर को नहीं 6 सितम्बर को होगी और मीलादुन्नबी 16 सितम्बर या 17 सितम्बर होगा। उन्होने अवाम से अपील की कि 11 और 12 रबी उल अव्वल की रात में होने वाले जश्न रहमतुल लिल आलमीन के जलसों को आयोजित करें और उनमें बड़ी सख्या में शरीक हों।

# व्यक्ति को आत्मविश्वासी और उत्कृष्ट होना चाहिए : प्रो संगीता

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने नए प्रवेशित बीबीए (एनईपी) 2024 छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एफएमएस) की डीन और लुंबा की प्रमुख प्रो संगीता साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. राकेश कुमार सिंह, आईएमएस के संकाय सदस्य, बीबीए (एनईपी) के नव प्रवेशित छात्र भी उपस्थित थे।

प्रो काचर ने डीन प्रो संगीता साहू, प्रो राकेश कुमार सिंह, निदेशक द्वितीय परिसर, छात्रों और अभिभावकों का स्वागत किया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। संबोधन और सम्मान सत्र में प्रो. सिंह ने छात्रों से कहा कि वे प्रो. काचर के हाथों में हैं जो आईएमएस के पायलट हैं, जो सभी विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य को प्राप्त कराने में सफलता हासिल है। विद्यार्थियों को महान व्यवसायी व उद्योगपति के रूप में ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए काम करना चाहिए और उन्होंने प्रबंधन के क्षेत्र में नेटवर्किंग की भूमिका भी बताई। कार्यक्रम के क्रम में प्रो साहू ने बच्चों को तीन अलग-अलग कहानियों के माध्यम से प्रबंधन कौशल के बारे में बताया, व्यक्ति को जागृत, चुस्त और सतर्क रहना चाहिए, व्यक्ति को पुनर्विचार करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। व्यक्ति को आत्मविश्वासी और उत्कृष्ट होना चाहिए उसका क्षेत्र चाहे कोई भी हो। वहीं, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में नवप्रवेशित एमए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमें विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष प्रो अनिल कुमार ने उनका स्वागत किया और विभाग का संक्षिप्त परिचय दिया। साथ ही विभाग के शिक्षकों से परिचय कराया। इसके अतिरिक्त प्रो प्रशांत श्रीवास्तव, प्रो ममता मिश्रा, प्रो पीयूष भार्गव, प्रो दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव, प्रो उमेश सिंह आदि शिक्षकों ने विद्यार्थियों को विभाग एवं विश्वविद्यालय से संबंधित अनेक पहलुओं से अवगत कराया।

# एकेटीयू के 434 छात्रों का टीसीएस में हुआ चयन

- **37 छात्रों को मिला अधिकतम 11 लाख का सालाना पैकेज**
- **कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने चयनित छात्रों को दी बधाई**

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के बीटेक, एमटेक और एमबीए के 434 छात्रों का चयन टाटा कंसल्टेंसी सर्विस यानी टीसीएस में हुआ है। कंपनी की ओर से नेशनल टैलेंट हंट का आयोजन किया गया था। जिसमें विश्वविद्यालय के संबद्ध संस्थानों के छात्रों ने हिस्सा लिया था। पहले चरण के परीक्षा परिणाम में 1321 छात्र चयनित हो चुके हैं। कंपनी की ओर से दूसरे चरण के परिणाम में छात्रों का चयन हुआ है।

कंपनी की ओर से तीन प्रोफाइल प्राइम, डिजिटल और निंजा में इन छात्रों को सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर चयनित किया गया है। प्राइम प्रोफाइल में 37 छात्रों को अधिकतम 11 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिला है। इसके अलावा डिजिटल प्रोफाइल में 122 छात्रों को अधिकतम सात लाख 30 हजार रुपये सालाना और निंजा में 275 छात्रों का चयन तीन लाख 60 हजार रुपये सालाना के पैकेज पर कंपनी ने किया है। इन छात्रों का चयन कंपनी की ओर से शॉर्टलिस्टेड 3778 छात्रों में से हुआ है। पिछले दिनों कंपनी ने विश्वविद्यालय परिसर में पर्सनल राउंड के तहत साक्षात्कार लिया था। छात्रों से उनके टेक्निकल नॉलेज इंटरनेट, कम्प्यूटर क्लाउडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि सवाल पूछे गये थे।इसके अलावा छात्रों के व्यक्तित्व का भी परीक्षण कंपनी के विशेषज्ञों ने किया था। छात्रों के कम्युनिकेशन स्किल को भी परखा गया। सभी मानकों का परीक्षण करने के बाद कंपनी ने परिणाम घोषित कर दिया है। वहीं, इसमें सबसे ज्यादा एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद के 220, केआईईटी गाजियाबाद के 170, अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद के 145 और पीएसआईटी कानपुर के 106 छात्रों चयन कंपनी में हुआ है। इतनी बड़ी संख्या में कैंपस प्लेसमेंट मिलने पर कुलपति प्रो जेपी पांडेय ने छात्रों बधाई दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में और भी छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट कराने पर विश्वविद्यालय का प्रयास है। कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है। आने वाले दिनों में इस तरह की ड्राइव आयोजित होती रहेगी। साक्षात्कार डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग ने कराया है।

# अपहरण करने वाले आठ लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने अपहरण की घटना का खुलासा करते हुए अपहृत युवकों को सकुशल बरामद करते हुए आठ शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार उनके पास से कई इलेक्ट्रानिक उपकरण बरामद किये।हालाँकि अपहरण की घटना में प्रयुक्त थार गाड़ी अभी बरामद नही हो सकी है। ग्राम कटरा दुर्घा पो०- पुरवारा पाना- लालगंज जिला प्रतापगढ़ के रहने वाले पवन कुमार पटेल ने 2 सितम्बर को सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर शिकायत की थी कि सेक्टर-7 भिलाई थाना भिलाई नगर जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ में रह रहे उनके चचेरे भाई अंकित पटेल व उसके दोस्त अनीश कुमार सिंह का कुछ लोगों ने 5 अगस्त को प्रयागराज से अपहरण कर लिया है और उन्हें सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र के एक मकान में रखा गया है।पीड़ित ने अपहृत युवक द्वारा भेजी गईं लोकेशन भी पुलिस को दे दी थी।इस पर सुशान्त गोल्फ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया था।उसके बाद पुलिस टीम ने अपहृत युवकों व उनके अपहरणकताओं की बरामदगी के लिए पीड़ित द्वारा बताई गई लोकेशन के आधार पर सेक्टर न्यू ए4 लोटस स्कूल के आगे व प्राइमरी स्कूल से पहले बने मकान पर पहुँची और वहां से अपहृत अंकित कुमार पटेल व अनीस कुमार सिंह को सकुशल बरामद कर आठ आरोपियों को पकड़ लिया।

**आठ अभियुक्त पकड़े गये:** पकड़े गए लोगों ने पूँछतांछ में अपने नाम राजा खाँ निवासी 51डी ऐक्न्यू ए सेक्टर 7 भिलाईनगर थाना सेक्टर 6 कोतवाली जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, सैलाब दीवान निवासी ग्राम जेवरा सिरसा थाना जेकरा जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, अमन सिंह निवासी कुसीपार लेबर कालोनी क्वाटर नं0 87 की जोन-2 सेक्टर 11 थाना कुसीपार जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, सुज्वाय निवासी सेक्टर 7 स्ट्रीट 7 क्वाटर नं0 01 बी थाना सेक्टर 6 जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, राज नारायण पाल निवासी क्वाटर नं0 14 ए स्ट्रीट -8 सेक्टर 7 घाना सेक्टर 6 जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, महेश्वर विश्वकर्मा निवासी बाबा कालोनी मिलन चौक कैम्प 2 भाना छावनी जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, जितेन्द्र साहू निवासी भिलाई पावर हाउस शारदा पारा कैम्प 2 थाना छावनी जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, सचिन कुमार शाह निवासी कैन्ट 2 भिलाई गणेश चौक थाना छावनी जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ बताया।

**कई फोन व अन्य उपकरण बरामद:** पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से 18 मोबाइल फोन 2 चार्जर 4 लैपटाप 3 चार्जर 1 क्यूआर कोड स्पीकर व 5 अदद सिम कार्ड बरामद किए है।

**अभियुक्तों ने पूँछतांछ में किया खुलासा:** अभियुक्तों ने पुलिस द्वारा की गई पूँछतांछ में बताया कि अंकित व अनीश आनलाइन महादेव गेमिंग ऐप के माध्यम से लोगो का पैसा लगवाकर कमाई करते हैं उसी ऐप का यूजर आईडी और पासवर्ड देने के लिए इन्होंने हम लोगों से 13 लाख रुपये लिये थे लेकिन आईडी पासवर्ड नही दे रहे थे।इस पर हम लोगों ने इन्हें किसी तरह प्रयागराज बुलाया और वहां से इनका अपहरण कर लखनऊ ले आये।यहां भी इनके द्वारा लागिन आईडी व पासवर्ड न देने के कारण हमनें इन्हें कमरे में बन्द कर दिया था।

**अपहरण किये गए युवक करते थे ऐप के जरिये ठगी:** अभियुक्तो द्वारा यह भी बताया गया कि अंकित व अनीश की आय का जरिया महादेव गेमिंग ऐप ही है इन्होंने कई बार इस ऐप के जरिये कमाई की है।इस ऐप के द्वारा ये लोग बैंक खाते खरीदते हैं जिसमें बचत खाते 25 से 30 हजार रुपये में और करन्ट अकाउण्ट 40 से 45 हजार रुपये में लेते हैं।इसके साथ ही ये लोग कुछ बैंक खाते ये लोग खुद अलग अलग आईडी पर खुलवाते हैं और पैसों का लेन देन अलग अलग खातों में कराते हैं।इनके द्वारा यह ऐप व्हाट्सएप व टेलीग्राम के लिंक द्वारा लोगों को भेजा जाता है तथा लोगों से टास्क के नाम पर पैसा जमा कराया जाता हैं और अधिक फायदा पहुँचाने के नाम पर ठगी करके रुपये अकाउण्ट में जमा करा कर फिर उस पैसे को अन्य अकाउण्ट में ट्रान्सफर कराकर निकाल लिए जाते हैं।

**बदल देते है स्थान :** इनके द्वारा ठगी का शिकार कोई व्यक्ति यदि पुलिस से शिकायत कर देता है तो ये लोग उस अकाउण्ट को फ्रीज करा देते है और उन खातों का प्रयोग बन्द कर देते है।इसके साथ ही कुछ दिनों बाद लैपटाप मोबाइल व सिमकार्ड को नष्ट कर देते हैं तथा अपना स्थान भी बदल देते हैं।

**यहाँ भी ठगी करने की थी तैयारी:** अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग यहाँ कुछ दिनों पहले ही आकर किराये पर कमरा लेकर अपना काम शुरू करना चाहते थे लेकिन आईडी व पासवर्ड न मिलने के कारण काम शुरू नहीं कर पाये थे।

**उपकरणों का होता था ठगी में उपयोग:** पुलिस को मकान से मिके इलैक्ट्रानिक उपकरणों लैपटाप व अधिक संख्या में मोबाइल फोन व एटीएम चेक बुक क्यूआर कोड बाक्स के बारे में अभियुक्तों ने बताया कि इन सब का प्रयोग इसी गेमिंग ऐप के संचालन में करते हैं तथा क्यू आर कोड को व्हाट्सएप्प व टेलीग्राम के जरिये भेजकर पैसा मंगाया जाता है।

# पति की दीर्घायु के लिए 6 को सुहागिनें रखेंगी हरतालिका तीज का व्रत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हर साल भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का पर्व मनाया जाता है। यह व्रत माता पार्वती और भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। यह व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु और सुख-सौभाग्य की कामना के लिए रखती हैं। कुछ स्थानों में कुंवारी कन्याएं भी अच्छे वर की प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती हैं।

निर्जला व्रत होने के कारण ये बेहद ही कठिन माना जाता है। इस दिन महिलाएं अन्न-जल ग्रहण किए पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं। हरतालिका तीज खासतौर से उत्तर भारत के राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल हरतालिका तीज 6 सितंबर को मनाया जाएगा।

**हरतालिका तीज पूजा सामग्री:** शिवलिंग बनाने के लिए तालाब या नदी की स्वच्छ मिट्टी, रेत का भी उपयोग कर सकते हैं। चंदन, जनेऊ, फुलेरा, पुष्प, नारियल, अक्षत 5 पान के पत्ते, 5 इलायची, 5 पूजा सुपारी, पांच लौंग, 5 प्रकार के फल दक्षिणा, मिठाई, पूजा की चौकी, धतूरे का फल, कलश, अभिषेक के लिए तांबे का पात्र, दूर्वा, आक का फूल, घी, दीपक, अगरबत्ती, धूप, कपूर, व्रत कथा पुस्तक, शिव को चढ़ाने के लिए 16 तरह के पत्ते - बेलपत्र, तुलसी, जातीपत्र, सेवंतिका, बांस, देवदार पत्र, चंपा, कनेर, अगस्त्य, भृंगराज, धतूरा, आम पत्ते, अशोक के पत्ते, पान पत्ते, केले के पत्ते, शमी के पत्ते पूजन सामग्री में शमिल करें।

**हरतालिका तीज व्रत की पूजा विधि:** हरतालिका तीज पर ब्रह्ममुहूर्त में स्नान करने के बाद व्रत का संकल्प लें। जो महिलाएं सुबह पूजा करते हैं वह शुभ मुहूर्त का ध्यान रखें। हरतालिका तीज के सूर्यास्त के बाद शुभ मुहूर्त में पूजा श्रेष्ठ होती है। पूजा से पहले सुहागिन स्त्रियां सोलह श्रृंगार कर बालू या शुद्ध काली मिट्टी से शिव-पार्वती और गणेश जी की मूर्ति बनाएं। पूजा स्थल पर केले के पत्तों से मंडप बनाएं। गौरी-शंकर की मूर्ति पूजा की चौकी पर स्थापित करें। गंगाजल, पंचामृत से उनका अभिषेक करें। इसके बाद गणेश जी को दूर्वा और जनेऊ चढ़ाएं। शिव जी को चंदन, मौली, अक्षत, धतूरा, आंक के पुष्प, भस्म, गुलाल, अबीर, 16 प्रकार की पत्तियां आदि अर्पित करें। मां पार्वती को सुहाग की सामग्री चढ़ाएं। अब भगवान को खीर, फल आदि का भोग लगाएं। धूप, दीप लगाकर हरतालिका तीज व्रत की कथा सुनें। कथा समाप्त होने के बाद आरती करें। रात्रि जागरण कर हर प्रहर में इसी तरह पूजा करें। अगले दिन सुबह आखिरी प्रहर की पूजा के बाद माता पार्वती को चढ़ाया सिंदूर अपनी मांग में लगाएं। मिट्टी के शिवलिंग का विसर्जन कर दें और सुहाग की सामग्री ब्राह्मण को दान दें। प्रतिमा का विसर्जन करने के बाद ही व्रत का पारण करें।

**हरतालिका तीज में करें इन चीजों का दान :** हरतालिका तीज के दिन चने और मसूर की दाल का दान अवश्य करें। इससे सुहागिन महिलाएं को सौभाग्य की प्राप्ति होती है और उनकी जीवन में आ रही परेशानियां भी दूर हो सकती है। इस दिन सुहागिन महिलाएं दान करने के बाद अपना हाथ साफ पानी से जरूर धोएं।

### हरतालिका तीज पूजा का शुभ मुहूर्त

- भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 06 सितंबर 2024 को प्रातः 06:01 बजे से प्रातः 08:32 बजे तक रहेगी।
- कुल मिलाकर 2 घंटे 31 मिनट का पूजा का शुभ मुहूर्त रहेगा।

# कार्यशाला में मूर्तिकारों ने सीखे कला के गुर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ के जानकीपुरम स्थित क्ले एंड फायर स्टूडियो में एक विशेष आठ दिवसीय ग्लेज राकू फायरिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के प्रमुख प्रशिक्षक के तौर पर सिरेमिक ऑर्टिस्ट व क्ले एंड फायर के ऑनर प्रेमशंकर प्रसाद एवं सहयोगी प्रशिक्षक मूर्तिकार विशाल गुप्ता (स्वतंत्र कलाकार) और कोऑर्डिनेटर अजय कुमार रहे। इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले युवा कलाकार अर्चना सिंह , दृश्या अग्रवाल, वंशिखा सिंह , प्रीती कनौजिया, प्रदीपिका श्रीवास्तव, उत्कल पांडे , हर्षित सिंह, प्रकृति शाक्या थे। कलाकार भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि बातचीत के दौरान कार्यशाला कोऑर्डिनेटर अजय कुमार ने बताया कि कार्यशाला के प्रथम दिन दोनों प्रशिक्षको द्वारा सभी प्रतिभागी कलाकारों को टूल्स किट देकर स्वागत किया गया। उसके बाद राकु ग्लेज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई जो इस प्रकार है- (राकू एक प्रकार का मिट्टी के बर्तन बनाने की जापानी विधी है जो पारंपरिक रूप से जापानी चाय समारोहों में उपयोग किया जाता है, ये अक्सर चाय के प्याले के रूप में बनाये जाते थे।

# बप्पा के स्वागत के लिए इको फ्रेंडली मूर्तियों से सजे बाजार



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गणेशोत्सव को लेकर राजधानी लखनऊ में बप्पा की मनमोहक मूर्तियों से बाजार पूरी तरह से सजने लगे हैं। जगह-जगह छोटी-बड़ी दुकानें लगाई गयी हैं, जहां तरह-तरह के गणेश जी की मूर्तियां बिकने के लिए आयी हैं। शहर में कई जगह अस्थाई दुकानें सज गई हैं।

गणपति बप्पा की मूर्ति के लिए मूर्ति विक्रेताओं एवं निमार्ताओं को आर्डर भी मिल रहे हैं। इस बार गणेश उत्सव 7 सितबंर से शुरू हो रहा है, जिसको लेकर बाजारों में भी अभी से खरीदारी के लिए खासी भीड़ उमड़ रही है। मूर्तिकार और कारीगर गणेश प्रतिमा को बनाने के काम में जुट गए हैं। छोटी मूर्तियों की सजावट का काम भी जोर शोर से चल रहा है। इस बार महंगाई का असर भगवान गणेश की मूर्तियों पर भी देखने को मिलेगा। मूर्तिकारों ने बताया कि लगभग 20 से 25 फीसदी तक मूर्तियां महंगी हो जाएगी। मूर्तिकार अलग अलग डिजाइन और पैटर्न में गणेश प्रतिमा का निर्माण कर रहे हैं। बाजार में 8 इंच से लेकर 14 फीट तक की गणेश प्रतिमाएं बाजार में देखने को मिलेंगी।

**गणपति पूजा पर दिखेगा महंगाई का असर:** इस बार गणपति पूजा पर महंगाई का असर दिखेगा। मूर्ति बना रहे कारीगर अमरीश ने कहा है कि हर साल की तरह इस साल भी भगवान गणेश जी की मूर्ति को बनाने का काम 2 महीने पहले शुरू किया गया था। गणेश की छोटी मूर्तियों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। अब बड़ी मूर्तियों के सजावट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस साल मूर्तियों को बनाने में लगने वाले कच्चे सामान जैसे मिट्टी, लकड़ी, बांस, और पैरा के दाम बढ़ने के कारण मूर्ति के भी दाम में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी, साथ ही इस बार कोरोना का असर कम होने के कारण बाजार में लगभग 14 फीट तक की गणेश प्रतिमाएं देखने को मिलेंगी।

## भगवान गणेश जी की मूर्ति को आकर्षक रूप देने का काम तेज



**लखनऊ।** छोटी और आकर्षक गणेश प्रतिमा का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उसका सजावट करने वाली महिला सुरेखा ने बताया कि इन छोटी, बड़ी और आकर्षक मूर्तियों को सजाने में भी काफी समय लगता है। घर के काम से समय निकालकर भगवान गणेश की इन प्रतिमाओं को सजाने के लिए गणेश जी को पगड़ी पहनाना, लेस स्टोन जैसी चीजें सजावट करके इन मूर्तियों को आकर्षक रूप दिया जा रहा है।

**कई पैटर्न और डिजाइन में तैयार की गयी गणेश प्रतिमा:** मूर्तिकार अमित सेन ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी गणेश प्रतिमा का निर्माण कार्य पिछले 2 महीने से किया जा रहा है। 8 इंच से लेकर लगभग 14 फीट तक की गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। मूर्ति की कीमत लगभग 1500 रुपए से लेकर 11 हजार रुपये तक होंगी। मूर्तिकार को उम्मीद है कि इस बार ग्राहकी और बाजार भी अच्छा रहेगा।

**इको फ्रेंडली हैं मूर्तियां:** उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने उन्हें मूर्ति तैयार करने का ऑर्डर दिया था उनकी मूर्तियां तैयार हो चुकी हैं, जबकि कई लोग एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गणेश चतुर्थी पर सभी मूर्तियां इको फ्रेंडली बनाई गई हैं। इन मूर्तियों को कच्ची मिट्टी से बनाया गया है, यानी विसर्जन के वक्त नदी में बहते ही सिर्फ पांच मिनट के अंदर ही यह पूरी मिट्टी की तरह पानी में घुल जाएंगी, जिससे नदी को नुकसान नहीं होगा।

दुकानदार राजू ने बताया कि इस बार मूर्तियों की कीमत लगभग 15.20 प्रतिशत बढ़ गयी है, जिसकी सीधी वजह है अखबार का महंगा होना। जो अखबार पिछले साल तक 10 रुपये किलो मिलता था, इस बार वही अखबार की कीमत 30 रुपये किलो तक पहुँच गयी है। बड़ी मूर्तियों को बनाने के लिए काफी अखबार की जरूरत पड़ती है। इसलिए जो मूर्ति पिछले साल तक 2000 की मिलती थी वो अब 2500 तक की हो गयी है।

**शुभ हैं ये अवतार:** राजकुमार ने बताया कि वह मूर्तिकार हैं, हमेशा से ही मूर्तियां तैयार कर रहे हैं, लेकिन लखनऊ के लोगों की ओर से इस तरह का खास आदेश पहली बार आया है जब लोगों ने कहा कि उन्हें गजानन की मूर्ति डमरू, शिवलिंग, मोर और सिंहासन के साथ ही गाय के साथ चाहिए। इसी के साथ ही उनका मूषक भी लोगों को चाहिए था इसीलिए लोगों के आदेश के अनुसार मूर्तियां तैयार कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि गणेश भगवान को गाय, डमरू और मोर के साथ ही सिंहासन या शिवलिंग के साथ रखना घर में शुभ माना जाता है।

**जगन्नाथपुरी मंदिर में इस बार विराजेंगे पेपर मिल के बप्पा:** पेपर मिल कॉलोनी, निशातगंज में आयोजित गणेश उत्सव में इस बार भक्तों को जगन्ननाथपुरी मंडप के भव्य दर्शन होंगे। इसी जगन्नाथपुरी मंदिर के आकार में सजे भव्य पंडाल में पेपर मिल के बप्पा भक्तों को दर्शन देंगे। यहां गणेश उत्सव सात सितम्बर से 15 सितम्बर तक आयोजित होगा। यह जानकारी अक्षय समिति के महासचिव रोहित आहूजा ने दी। उन्होंने बताया कि बीते 14 वर्षों से पेपर मिल कॉलोनी में अक्षय समिति द्वारा भव्य गणेश चतुर्थी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसे पेपर मिल के बप्पा के नाम से जाना जाता है। गणेश उत्सव के दौरान हर रोज शाम को सामूहिक आरती होगी। इसमें सभी भक्त जनों को आरती का मौका मिलता है। फिर गंगा आरती होती है। इसके बाद प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। भजन संध्या, नृत्य और नाटिका प्रस्तुत की जाएगी।



## मोर, डमरू और सिंहासन पर सवार होंगे गजानन

शहर के सबसे पुराने लकड़मंडी बाजार में कई सालों से गणपति बप्पा गौरी पुत्र गणेश जी की मूर्तियां तैयार कर रहे राजकुमार ने बताया कि जिस तरह से गणेश भगवान के नाम हैं जैसे सुमुख, एकदंत, कपिल, गजकर्णक, लंबोदर, विकट, विघ्न-नाश, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचंद्र और गजानन उसी के अनुसार मूर्तियां तैयार की जाती हैं। इस साल लोगों ने उन्हें खास आदेश दिया था कि गजानन की मूर्तियां मोर, डमरू, सिंहासन, गाय और शिवलिंग के साथ ही होनी चाहिए इसीलिए इस बार ज्यादातर मूर्तियों को यही रूप देकर तैयार किया गया है। छोटी मूर्तियों की कीमत जहां 1000 रूपए से लेकर 3000 रूपए तक है तो वहीं बड़ी मूर्तियां कीमत 7000 रूपए से लेकर 20,000 रूपए तक है।

# प्रकाश पर्व पर शबद कीर्तन सुन संगत हुई निहाल

- श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी महाराज का 420वां प्रकाश पर्व

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी महाराज का 420वां प्रकाश पर्व सिख सेवक जत्थे एवं श्री गुरु सिंह सभा के सहयोग से ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिण्डोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रातः के दीवान में श्री सुखमनी साहिब के पाठ के उपरांत गत वर्ष रखे गए सहज पाठों (धीमी गति से किए गए पाठ) की समाप्ति के उपरांत मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखजिंदर सिंह ने कथा व्याख्यान किया।

सायं का दीवान 6:15 बजे श्री रहिरास साहिब के पाठ से आरम्भ हुआ जो रात 10:30 बजे तक चला जिसमें हजूरी रागी भाई राजिन्दर सिंह ने शब्द कीर्तन गायन एवं समूह संगत को नाम सिमरन करवाया उसके उपरांत के.के.एन.एस गुरमत संगीत एकेडमी एवं सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने शब्द कीर्तन गायन कर समूह साथ संगत को निहाल किया। विशेष रूप से पधारे रागी तथा भाई हरभेज सिंह जी वडाला हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब ने बाणी गुरु गुरु है वाणी विच वाणी अमृत सारे वाणी कहे सेवक जनि माने पर तक गुरु निस्तारे... गायन कर साथ संगत को मंत्र मुग्ध कर दिया। समाप्ति के उपरान्त दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा गुरू का लंगर समूह संगत में वितरित किया गया।

4 सितम्बर को प्रातः 5.00 बजे से शबद चौकी, कीर्तन के कार्यक्रम से आरम्भ होगा जो दोपहर 3:00 तक चलेगा जिसमें रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी अमृतमयी पवित्र आसा दी वार का शबद कीर्तन गायन करेंगे विशेष रूप से पधारे आगे जत्था भाई हरभेज सिंह जी वडाला हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब एवं भाई गुरमीत सिंह गुरुद्वारा आशियाना वाले शब्द कीर्तन गायन कर समूह संगत को निहाल करेंगे मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी गुरजिंदर सिंह जी श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी की बाणी का व्याख्यान करेंगे। माता गुजरी सत्संग सभा एवं सिमरन साधना परिवार के बच्चे भी शबद कीर्तन गायन करेंगे। दीवान की समाप्ति के उपरान्त गुरू का लंगर समूह संगत में वितरित किया जायेगा।

# नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

- हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री राधा सखी का वार्षिकोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री राधा सखी सेवा परिवार समिति का छठा वार्षिकोत्सव आज मंगलवार को निरालानगर स्थित होटल मे धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर संस्था की संस्थापिका सुषमा अग्रवाल के निर्देशन व संयोजन में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें गोपी गीत मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की शुरूआत श्री गणेश आराधना से किया गया। भजन गायक दीपक सिंह ने नन्द उत्सव पर भजन लल्ला की सुनकर मैं आई यशोदा मैया दे दो बधाई.., नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की.. के गीतों की प्रस्तुति दी।

सुषमा ने राधा जी जनमी आज चालो चालो दर्शन... हे सुन राधिका दुलारी... इक तेरी दया का दान मिले.. गाया तो सभी सखियां भक्त झूम उठे। वही राघवेंद्र सिंह के गोपी गीत निर्देशन में सखियां, कविता, विधि बंसल, निरुपमा, ऊषा अग्रवाल, गीता गुप्ता, शीला सिंह, सरिता, शिखा , पारुल ने भाव प्रस्तुति दी। गोपीगीत संस्थापक अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने संस्कृत में सुंदर गायन कर वृन्दावन का भाव किया। श्री राधा प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जिसमे सखियों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए श्री राधा जी को रिझाते हुए दिख रही थी। सुनीता, उर्मिला जी, अंजली बंसल, मंजू, अलका जी अनीला जी शरद जी सुनीता शर्मा जी एवं सभी सखियां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अध्यात्मिक पथ प्रदर्शक अपर्णा नेवटिया, भारत भूषण गुप्ता, धनश्याम दास अग्रवाल, शिव बिहारी, अनिल जैन, अमरनाथ अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, द इवेंट हाउस कम्पनी के फाउंडर मुदित अग्रवाल, शिवांस ने कार्यक्रम की व्यवस्था की । वरिष्ठ समाज सेविका संस्थापक अध्यक्ष सुषमा ने बताया कि आगामी कार्यक्रम हमारा 22 दिसम्बर को 5 कन्याओं का पाणिगृहण संस्कार जो कि समिति द्वारा हर वर्ष सम्पन्न किया जाता है निर्धारित है। इस मौके श्री राधा सखी सेवा परिवार समिति के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# घर में पधारो गजानन जी मेरे घर में पधारो...

- श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति ने किया भजन संध्या का कार्यक्रम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कृष्ण भगवान की अपरंपार लीलाएं हैं। श्रीकृष्ण एक मात्र ऐसे भगवान थे जो चोर कहलाए, रणछोड़ कहलाए। महाभारत के युद्ध में जब पाण्डवों को युद्ध जीतने के बाद अभिमान हुआ तो श्रीकृष्ण ने उसे दूर भी किया। यह माया सिर्फ श्रीकृष्ण ही कर सकते थे। पहले कोई त्यौहार होता था तो पूरा परिवार एक साथ मनाता था अब लोग इसे भूलते जा रहे हैं। हमनें त्यौहार को नहीं खोया है बल्कि अपने सुख शान्ति खोते जा रहे हैं। यह बाते पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्य सभा सदस्य दिनेश शर्मा ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कही।

इस अवसर पर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज द्वारा रचित श्रीमद् भागवत गीता का हिन्दी रुपांतरण यथार्थ गीता लोगों को भेंट किया गया। सांस्कृति संध्या का शुभारम्भ समिति के अध्यक्ष डीएन यादव व उनकी भजन मंडली ने स्वामी अड़गड़ानंद महाराज जी की आरती से शुरू किया। इसके बाद डीएन यादव ने अनमोल रतनवा देलही, सद्गुरु ज्ञनवा दुनिया पूजा करे। भक्तन के कष्ट स्वामी ऊबारेल, दुनिया पूजा करे। सुनाकर सबकी तालियां बटोरी। इसके बाद घर में पधारो गजानन जी मेरे घर में पधारो... सुनाकर से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ती से भरे भजनों को सुनाकर लोगों को भक्तिरस का पान कराया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में मथुरा और उप्र के लोक कलाकारों ने राधा कृष्ण, मयूर नृत्य, शिव तांडव की झांकी प्रस्तुत की। राधा कृष्ण की फूलों की होली ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। फूलों की झांकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। इसके बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भक्ति रस से सराबोर यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

# कवि सम्मेलन संग विभिन्न गुरुओं को मिला 'गुरु सम्मान'

- राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से हिंदी संस्थान में हुआ आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ.प्र. द्वारा मंगलवार को प्रेमचन्द्र सभागार, उ.प्र. हिन्दी संस्थान, में गुरु सम्मान एवं कवि सम्मेलन विषयक गुरुर्ब्रहमा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम की शुरूआत मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा, एवं संस्थान के अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलन से किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान की महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता, महामंत्री द्वारा वाणी वन्दना एवं संस्थान का परिचय दिया गया।

तदोपरान्त संस्थान के इस नये कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा एवं संस्थान के पदाधिकारियों/सदस्यों द्वारा किया गया। संस्थान के उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत दीपशिखा शुक्ला, अभिषेक पाण्डेय, कौशलेन्द्र सिंह, सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी, डॉ. शोभा दीक्षित भावना, डॉ. दिनेश चन्द्र अवस्थी, डॉ. अम्बरीश सिंह, डॉ. रश्मिशील, आरती गौतम, गीतिका चतुर्वेदी, अमित अवस्थी, राममिलन, रामदेव प्रजापति, डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा, आईएएस, श्रवण कुमार, रामसेवक द्विवेदी, रेखा त्रिपाठी, वैभव द्विवेदी, नीतू वर्मा, समीर खान, सुनीता राय, नवीन कुमार, संदीप वर्मा, सौरभ पाण्डेय समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गुरुओं को गुरु सम्मान से नवाजा गया। गुरुर्ब्रहमा कार्यक्रम में शिखा, मुकुल महान, सरला शर्मा, पूर्णिमा वेदार, उमेश आदित्य, चन्द्रदेव दीक्षित चन्द्र एवं संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश मिश्रा द्वारा काव्य पाठ किया गया। अनन्त प्रकाश तिवारी द्वारा कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा आमजनों द्वारा की गयी। संस्थान के अध्यक्ष डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान द्वारा साहित्य में सेवा करने वाले गुरु को सम्मानित करने के साथ शिक्षा के क्षेत्र से जुडे.गुरुओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी/सदस्य सहित कार्यक्रम में लखनऊ समेत बाहर के साहित्यकार एवं श्रोतागण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन सुरेश चन्द्र पाण्डेय, अनन्त प्रकाश तिवारी एवं अमरेन्द्र द्विवेदी ने किया।

# बीएसए को विद्यालय की छुट्टी के समय से पूर्व बंद मिले विद्यालय

## तीन विद्यालयों को समय से पूर्व ही बंदकर चला गया विद्यालय स्टाफ, स्पष्टीकरण तलब

ललितपुर। जनपद की बेसिक शिक्षा बेपटरी नजर आ रही है। हजारों से लेकर लाख रूपया तक वेतन लेने वाले शिक्षक बच्चों की पढ़ाई में कम और विद्यालय में बैठकर ऑनलाइन नेट चलाने, फिल्म एवं गेम खेलने में ज्यादातर व्यस्त रहते हैं, और तो और देर से विद्यालय पहुंचकर समय पूर्व ही विद्यालय बंद करकर चले जा रहे हैं, जिससे गरीब बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। इसी समस्या के दृष्टिगत सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर प्रसाद ने जनपद के तीन विद्यालयों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने पाया कि विद्यालय की छुट्टी के समय से पूर्व ही शिक्षक ताला बंदकर अपने-अपने घरों को चले गये। बीएसए ने ब्लाक जखौरा के प्राथमिक विद्यालय बम्हौरी नांगल का दोपहर एक बजकर तीस मिनट पर निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने पाया कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय पूर्णतः बंद था, और विद्यालय से बाहर दो शिक्षिकाएं अपने वाहनों से घरों के लिए जा रही थीं। विद्यालय में अध्ययनरत




बच्चों की संख्या शून्य थी और कोई भी छात्र-छात्रा मौके पर मौजूद नहीं थे। विद्यालय के ऑनलाइन निरीक्षण हेतु यू डायस कोड विद्यालय की किसी भी दीवाल पर अंकित नहीं था। जबकि विद्यालय संचालन का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक का था। जिस पर बीएसए ने विद्यालय में कार्यरत समस्त स्टॉफ का अनुपस्थित दिवस का वेतन, मानदेय अवरूद्ध करदिया। साथ ही निर्देषित किया कि विद्यालय में पायीं गयीं कमियों के संबंध में अपना तीन दिवस के अंदर स्पष्टीकरण उपस्थित होकर देना सुनिश्चित करें।

इसी क्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बिरधा ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय झरकौन का दोपहर 1 बजकर 45 मिनट पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें विद्यालय पूर्णतः बंद मिला। विद्यालय में कोई भी छात्र-छात्रा मौजूद नहीं पाये गये। शिक्षिकों द्वारा समय से पूर्व ही विद्यालय के बच्चों का अवकाश कर स्वयं विद्यालय से नदारत हो गये।

जबकि विद्यालय संचालन का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक का था। जिस पर बीएसए ने विद्यालय में कार्यरत समस्त स्टॉफ का अनुपस्थित दिवस का वेतन, मानदेय अवरूद्ध करदिया। साथ ही निर्देषित किया कि विद्यालय में पायीं गयीं कमियों के संबंध में अपना तीन दिवस के अंदर स्पष्टीकरण उपस्थित होकर देना सुनिश्चित करें।

वहीं प्राथमिक विद्यालय झरकौन के निरीक्षण में जो बीएसए द्वारा 1 बजकर 50 मिनट पर किया गया के दौरान विद्यालय बंद पाया गया। कोई भी छात्र-छात्रा मौजूद नहीं पाये गये। जबकि विद्यालय संचालन का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक का था। जिस पर बीएसए ने विद्यालय में कार्यरत समस्त स्टॉफ का अनुपस्थित दिवस का वेतन, मानदेय अवरूद्ध करदिया। साथ ही निर्देषित किया कि विद्यालय में पायीं गयीं कमियों के संबंध में अपना तीन दिवस के अंदर स्पष्टीकरण उपस्थित होकर देना सुनिश्चित करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर प्रसाद ने बताया कि लापरवाह शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण तलब करते हुये वृहद एवं दण्डात्मक कार्यवाही भी की जायेगी।

## 38 छात्र छात्राओं को ने लिया एमबीबीएस में प्रवेश

ललितपुर। ललितपुर मेडीकल कालेज में प्रथम बार एमबीबीएस उत्तर प्रदेश यू जी एमबीबीएस (स्नातक) नीट ऑन लाइन प्रवेश प्रथम चक्र में प्रदेश के 85 प्रतिशत सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जानकारी देते हुये काउंसलिंग के नोडल अधिकारी डॉक्टर वी डी पाण्डेय ने बताया की प्रथम चक्र की प्रवेश प्रक्रिया आज से प्रारंभ कर दी गई है जो की 05 सितंबर तक चलती रहेंगी। स्टेट कोटा की सीटों के लिए छात्र छात्राओं का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रदेश के राजकीय मेडीकल कालेजों में किया जा रहा था। मेडीकल कॉलेज ललितपुर की सीटों में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग निर्बाध्य रुप से संचालित की जा रही है। प्रधानाचार्य डॉ द्विजेंद्र नाथ ने बताया की मेडिकल कॉलेज ललितपुर में एम बी बी एस के छात्र छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है प्रथम चक्र के लिए स्टेट कोटा के 40 छात्रों को ललितपुर मेडिकल कालेज आवंटित किया गया है जिनका प्रवेश 5 सितंबर तक पुर्ण कर लिया जाएगा। 3 सितम्बर सोमवार को 21 नए छात्र छात्राओं को प्रवेशित किया गया, जिससे अब तक कुल 38 छात्र छात्राओं को प्रवेश प्राप्त कर लिया है।

## गांजे की बिक्री पर कड़ी पाबंदी लगायें : डीएम



महोबा। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में नशा विरोधी जागरूकता अभियान में सहभागिता, सहयोग हेतु नकॉर्ड की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी नें निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में ढाबों एवं रेस्टोरेन्टस पर नारकोटिक्स के दुष्प्रभाव सम्बन्धी पम्पलेट/बैनर लगवायें जायें। उन्होंने निर्देशित किया कि नारकोटिक्स एवं अवैध शराब के अधिक से अधिक अभियोग पकडें जायें तथा मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया जाय तथा विक्रेताओं/फार्मेसिस्टों को निर्देशित किया जाये कि रोगियों को चिकित्सक के सुझाव पर ही ड्रग्स से सम्बन्धित दवाओं की बिक्री की जायें एवं मेडिकल स्टोर पर जागरूकता सम्बन्धी चेतावनी बैनर लगवायें जायें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में नशा सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायें तथा गोष्ठी का आयोजन किया जायें। पान-मसाला एवं परचून आदि की फुटकर दुकानों पर अभियान चलाकर गांजे के बिक्री की चेकिंग की जायें। अस्पतालो में नशा मुक्ति संबन्धी एक हेल्प लाइन डेस्क का संचालन किया जाये। एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत दर्ज अभियोगों को माननीय न्यायालय द्वारा जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम के साथ संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने निर्माणाधीन भवनों पर की समीक्षा बैठक



महोबा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस लाइन महोबा सहित जनपद के विभिन्न थानों में चल रहे वृहद एवं लघु निर्माण कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर तथा थानों में नवनिर्मित भवनों के निर्माण कार्य को कराने वाली लोक निर्माण विभाग/कार्यदायी संस्था के पदाधिकारियों से वार्ता कर निमार्णाधीन भवनों की प्रगति तथा उनके हस्तांतरण के सम्बन्ध में विभिन्न कार्यदायी संस्था के पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श गोष्ठी में भवन निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रयोग करते हुए निर्माण कार्य को शीघ्र सम्पन्न कर पुलिस विभाग को यथाशीघ्र हस्तांतरित किये जाने निर्देश दिए गए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम प्रधान लिपिक शशि तोमर, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग, अवर अभियंता पुलिस आवास निगम निर्माण सहित विभिन्न कार्यदायी संस्था के सम्बन्धित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

आंवला, बरेली। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। शीशगढ़ क्षेत्र के ग्राम बूची गौटिया निवासी हरपाल की 23 वर्षीय पुत्री नीरज देवी का विवाह एक वर्ष पूर्व थाना आंवला क्षेत्र के ग्राम गनेशपुर गौटिया मजरा निवासी तोताराम के पुत्र कुबरपाल से हुआ था। मायके वालों ने विवाह में अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग करते हुए विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। फिर मायके पक्ष के लोगों को सूचना मिली कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है मृतका के पिता हरपाल ने बेटी के पति, ससुर, सास, देवर जेठ, समेत पांच के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है उनका आरोप है कि दहेज के कारण उनकी बेटी की हत्या की गई है। पुलिस ने पंचनामा भरकर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल सिद्धार्थ सिंह तोमर ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हुई है शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रा की सड़क हादसे में मौत

आंवला, बरेली। विद्यालय से घर वापस आ रही एक बच्ची की सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजने की तैयारी शुरू की तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। परिजनों के समझाने पर छात्रा के परिजन पोस्टमार्टम को तैयार हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पालपुर गौटिया की काजल पुत्री देशराज कनगाँव के एक विद्यालय में पढ़ती थी और छुट्टी होने के बाद घर वापस आ रही थी तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आँवला लाया गया डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया डाक्टर द्वारा मृत घोषित करने के बाद परिवार में कोहराम मच गया रोते बिलखते परिजनों ने बच्ची का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया परिजनों को ग्रामीणों व उनके रिश्तेदारों द्वारा समझाया गया। तो परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। पुलिस ने मृतक छात्रा के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### मोबाइल छीनने की घटना में सम्मिलित लोगों को भेजा जेल

आंवला, बरेली। रामनगर के रहने वाले ग्रामीण ने थाना आँवला में शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया था कि वह अपने मोबाइल फोन से बात करते हुए जा रहा था तभी कोई अज्ञात बाइक सवार उसके मोबाइल को छीनकर भाग गया था उसकी शिकायत पर आँवला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस को कुछ लोगों के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अमरपाल, आकाश, व महेंद्र पाल सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया युवक, रिपोर्ट

सिरौली, बरेली। थाना सिरौली क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने सोमवार को थाना सिरौली लिखाई रिपोर्ट में बताया कि उसकी बेटी शौच को गई थी काफी देर तक वापस नहीं लौटी काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता जब नहीं लगा तो गांव के ही लाल सिंह ने फोन पर पूछा कि घर पर कोई लड़ाई झगड़ा तो नहीं हो रहा है तब पता चला कि ग्राम बेनीपुर थाना अलीगंज का गौतम उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। गांव के लाल सिंह से पुत्री वापस करने की बात की गई तो वह लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा हो गया और जान से मारने की धमकी देने लगा है। पुलिस ने तहरीर आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है और लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

## तुवन मंदिर पर लगा मेला समय पर हटाये जाने की मांग

ललितपुर। जिले के हृदय स्थल श्री श्री 1008 श्री तुवन मंदिर प्रांगण में ग्रामीण स्वरोजगार व कला संस्कृति के प्रोत्साहन एवं प्रचार तथा उद्यमिता मेला को हटाये जाने की मांग करते हुये लोहेकार, काष्टकार, ताम्रकार, स्वर्णकार, शिल्पकार, विश्वकर्मा समाज ने जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिला प्रशासन को भेजा गया है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि श्री श्री 1008 श्री तुवन मंदिर प्रांगण में ग्रामीण स्वरोजगार व कला संस्कृति के प्रोत्साहन एवं प्रचार तथा उद्यमिता मेला का आयोजन 15 अगस्त से 10 सितम्बर तक किया जा रहा है, जिसकी अवधि 10 सितम्बर को समाप्त हो रही है। उन्होंने अवगत कराया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री विश्वकर्मा भगवान पूजन दिवस समारोह आगामी 17 सितम्बर मंगलवार को तुवन मंदिर प्रांगण में होना सुनिश्चित किया गया है। बताया कि विगत वर्षों में यह कार्यक्रम इसी प्रांगण में होता रहा है, जिसमें संपूर्ण जिला के स्वजातीय बंधु एवं अन्य जनपद से स्वजातीय बंधु एवं प्रान्त से भी समाज के पदाधिकारी का आगमन हो रहा है। इस वर्ष भी यह आयोजन धूमधाम से मनाया जाना सुनिश्चित हुआ है। कहा कि पूजन महोत्सव के उपरान्त विशाल शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें जिले के लोगों का आगमन होता है। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए तुवन मंदिर प्रांगण को समय से खाली करवा दिया जाये, ताकि सभी सजातीय बंधु उक्त मैदान की साफ-सफाई करा सकें। उन्होंने जिला प्रशासन से आह्वान किया कि उक्त मेला की अवधि समाप्त हो रही है। इसकी अनुमति को और न बढ़ाये जाने और समय से तुवन मंदिर परिसर खाली कराये जाने की मांग उठायी गयी है। ज्ञापन देते समय जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा, हुकुम सिंह, रज्जनलाल, राजेश, कमल विश्वकर्मा, जगदीश झां, कैलाश झां, गोविन्द सिंह विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, रामगोपाल विश्वकर्मा, बालचंद्र झां आदि मौजूद रहे।

## गिरार आयरन एवं गोल्ड ब्लॉक में शुरू हुआ अन्वेषण कार्य

### जिला खान अधिकारी ने क्षेत्र का निरीक्षण कर दिये आवश्यक सुझाव

ललितपुर। जनपद की मड़ावरा तहसील स्थित गिरार क्षेत्र में फोमेन्टो रिसोर्से, गोवा द्वारा कम्पोजिट लाइसेंस के तहत अन्वेषण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। गिरार लौह अयस्क एवं स्वर्ण धातु ब्लॉक, ग्राम गिरार से बड़वार तक कुल क्षेत्रफल 231.175 हेक्टेयर में विस्तृत है। गिरार खनिज ब्लॉक में लौह अयस्क एवं स्वर्ण धातु की उपलब्धता की सिद्धि भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उ.प्र. ने करने के पश्चात ब्लॉक को कम्पोजिट लाइसेंस हेतु नीलामी निकाली थी, जिसमें फोमेन्टो रिसोंसेस को कम्पोजिट लाईसेन्स के तहत एक्सप्लोरेशन कार्य कर खनिज भण्डार सिद्ध करने हेतु कार्य करने हेतु चयन किया गया था। गिरार खनिज ब्लॉक में भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के दौरान मैपिंग, सेम्पलिंग, भू-भौतिकी अध्ययन, भूरासायनिक अध्ययन के साथ खनिज ब्लॉक 31



बोरहोलस कर रासायनिक विश्लेषण के आधार पर खनिज भण्डार सिद्ध किया जायेगा। वेधन के कार्य के लिये दो कम्पनियों के लिये जियोलॉजी एण्ड माईनिंग एस्सोसिऐट झाँसी एवं जियोटेक कॉरपेरिशन लिमिटेड नागपुर को चयनित किया गया है। वेधन कार्य के पश्चात प्राप्त आंकडों, विस्तृत भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण / अध्ययन के आधार पर खनन कार्य की योजना बनाई जाएगी। इस अवसर पर भूवैज्ञानिक (क्षेत्रीय अधिकारी) गौतम दिनकर एवं जिला खान अधिकारी अमितोष वर्मा द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण कर फोमेन्टो रिसोर्सस एवं वेधन कम्पनीयों के भूवैज्ञानिकों को आवश्यक सुझाव दिये गये।

## मलेरिया अधिकारी व टीम ने डेंगू बचाव अभियान चलाया



बांदा। शहर की तुलसी बिहार कालोनी कालुकुआं में मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार की देखरेख में सघन डेंगू अभियान चलाया गया। इसके तहत मलेरिया विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने घर-घर जाकर डेंगू फैलाने के लिए उत्तरदायी एडीज मच्छर लार्वा सर्वे किया और सर्वे में मच्छर लार्वा धनात्मक पाए गये पात्रों को खाली कराया। इस दौरान आडियो क्लिप चलाकर एवं पंपलेट वितरित कर डेंगू तथा अन्य मच्छर जनित रोगों से बचाव के बारे में लोगों को क्या करें, क्या न करें के बारे में जागरूक किया तथा क्षेत्र में बुखार के रोगी मिलने पर 12 रोगियों की मलेरिया जांच की गयी। जिला मलेरिया अधिकारी ने मच्छर जनित व डेंगू रोगों से बचाव के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होने बताया कि बुखाार होने पर पास के राजकीय चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर रक्त की जांच एवं उपचार जरूर कराएं कोई भी बुखार डेंगू, मलेरिया हो सकता है। घर के कूलर, बाल्टी, घड़े तथा ड्रम का पानी साप्ताहिक अंतराल में बदलते रहें। घर के आस-पास एवं गढ्ढों मे पानी एकत्र न होने दें। यदि संभव न हो तो कुछ बूंद जले हुए मोबियाइल को जरूर डाल दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। शरीर पर मच्छर निरोधक क्रीम, नीम तथा सरसों के तेल का लेप खुले भाग पर लगाएं और नीम की पत्ती का धुआं करें। घर के आस पास छत पर तथा आंगन में पड़े पुराने बर्तनो, टायर, कूलर, गमले में पानी एकत्र न होने दें। घर के पास कूड़ा एकत्रित न होनें दें और सफाई का विशेष ध्यान दें। घर में यदि बुखार का रोगी है तो उसे बगैर मच्छरदानी के न रहने दें अथवा ऐसे कमरे में रोगी की देखभाल करें जिसकी खिड़की तथा दरवाजे पर जालियां लगी हों। इस दौरान सहायक मलेरिया अधिकारी विजय बहादुर, एस एल टी बृजबिहारी, मलेरिया निरीक्षक राजकुमार, परीक्षित द्विवेदी, भानु प्रताप सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं को लैंगिक शोषण से सुरक्षा की दी जानकारी



बांदा। जिला जज डॉ बब्बू सारंग के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने महिलाओं को लैंगिक शोषण से सुरक्षा प्रदान किए जाने तथा आत्मनिर्भर बनाए जाने तथा लैंगिक शोषण से बचाव के बारे में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। शिविर में अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह ने कहा कि किसी पुरूष द्वारा किसी महिला की इच्छा या सहमति के विरूद्ध उसके कार्यस्थल पर बलात्कार, यौन याता व क्रूरता के साथ बनाया गया शारीरिक संबंध अथवा हत्या व चोंट का भय दिखाकर दबाव में यौन संबंध के लिए किसी महिला की सहमति हासिल करना एवं 18 वर्ष से कम आयु की किसी महिला के साथ उसकी सहमति या बिना सहमति के यौन संबंध बनाना बलात्कार के श्रेणी में आने वाले गंभीर अपराध हैं। इसके लिए आईपीसी की धारा-376 अथवा पाक्सो अधिनियम के तहत न्यूनतम 7 वर्ष व अधिकतम आजीवन कारावास की सजा का प्राविधान है साथ ही क्रूरता के साथ बलात्कार कर हत्या करने पर मृत्यु दंड का कभी प्राविधान है। अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन मुनि कुमार सिंह ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओ के साथ यौन उत्पीड़न, रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के तहत ऐसी घटनाएं होने पर तीन से 7 वर्ष तक सजा व जुमार्ना का प्राविधान है। आरोपी के विरूद्ध आईपीसी की धारा-354 के तहत दांडक कार्रवाई भी की जा सकती है। प्रबंधक वन स्टॉप सेंटर, जिला प्रोवेशन कार्यालय रमा साहू ने सरकार के संचालित कार्यक्रम-एचईडब्लू तथा भ्रूण हत्या के बारे में जानकारी दी। पराविधिक स्वयं सेवकम सुमन शुक्ला ने कहा कि देश में उचित सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए लड़कियों की शिक्षा आवश्यक है।

## दबंगों ने सरकारी जमीन पर शुरू किया अवैध निर्माण

मीरगंज, बरेली। गांव पहुंचाखुर्द में आवादी की सरकारी भूमि पर दबंगई के बल पर अवैध रूप से पक्का निर्माण शुरू कर दिया। इस मामले में शिकायत पर एसडीएम ने मीरगंज कोतवाल व राजस्व निरीक्षक को अवैध निर्माण रोके जाने एवं आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। मामला क्षेत्र के गांव पहुंचा खुर्द का है। गांव की गुड़िया देवी ने उपजिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थनापत्र देकर कहा है कि उसके घर के समीप आवादी की गाटा संख्या 290 सार्वजनिक कुआ स्थापित है। और उसी के समीप से रास्ता है। इसी कुंआ से ग्रामीण पानी भरकर अपने पशुओं को पानी पिलाते एवं नहलाते थे और शादी समारोह में भी पानी को उपयोग किया करते थे। गांव के ही पड़ोसी विपक्षीगणों विक्की व यशु पुत्रगण गुरपाल सिंह व सरोज देवी पत्नी गुरूपाल सिंह ने दबंगई के बल पर कुआ को मिटटी आदि से पाटकर बंद कर दिया और उसी पर ईंटे आदि रखकर रास्ता भी बन्द कर दिया उक्त के संदर्भ में की गई शिकायत के तहत आपके निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल ने पुलिस बल की मौजूदगी में पैमाइश कर भूमि को चिन्हित करते हुए दोनों पक्षों को सख्त हिदायत दी गई कि दोनों में से कोई भी पक्ष आवादी की सरकारी भूमि गाटा संख्या 290 पर किसी तरह का निर्माण नहीं करेगा। लेकिन विपक्षी विक्की व यशु पुत्रगण गुरूपाल आदि ने विगत दिनों पक्का निर्माण शुरू कर दिया और दबंग सरकारी भूमि पर मकान बनाना चाह रहे हैं।

## संत तुलसी की छात्राओं को मिला स्वर्ण व रजत पदक



बांदा। संत तुलसी पब्लिक स्कूल में प्रदेश स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में दसवीं की छात्रा कनक चैधरी को स्वर्ण पदक मिला। बीते 31 अगस्त को लखनऊ में आयोजित ताईक्वांडो प्रतियोगिता में करीब एक हजार प्रतिभागियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि कक्षा 4 की छात्रा प्रतिष्ठा सिंह ने रजत पदक पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर शहर के संत तुलसी पब्लिक स्कूल में डॉ मनीष कुमार गुप्ता, डायरेक्टर जगनायक यादव व डॉ रिंकू सिंह उर्फ प्राचार्या ने दोनो छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रार्थना सभा में छात्राओं के कौशल प्रदर्शन की सराहना करते हुए इनके उज्वल भविष्य की कामना तथा अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से प्रेरणा लेने की अपील की। ताईक्वांडो कोर्स के प्रशिक्षक पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा को बधाई देते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# चर्चित कोतवाल प्रिंस शर्मा पर चला एडीजी का हंटर

## महिला के उत्पीड़न के मामले में हुए सस्पेंड

**शहजाद अंसारी**



बरेली। महिला उत्पीड़न के मामले में कार्रवाही के नाम पर पीड़िता से रुपए मांगने व रुपए न देने पर अभद्रता करने के आरोप में एडीजी बरेली से शिकायत के बाद रामपुर एसपी विद्या सागर मिश्र ने शाहबाद के चर्चित कोतवाल प्रिंस शर्मा को निलंबित (सस्पेंड) कर दिया है। निलम्बित कोतवाल प्रिंस शर्मा वर्ष 2022 में बिजनौर के थाना नगीना में अपनी तैनाती के दौरान भू-माफिया व अपराधियों को संरक्षण देने के चलते खूब चर्चा में आया था। कारनामे उजागर करने वाले पत्रकार शहजाद अंसारी के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कराकर योगी सरकार व पुलिस विभाग की कराई थी किरकिरी।

जनपद रामपुर सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम टिकट गंज निवासी एक महिला थाना शाहबाद क्षेत्र में रहकर जागरण पार्टी में काम करती है। महिला ने थाना शाहबाद पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बदायूं क्षेत्र का योगेश शर्मा उसके मोबाइल पर आपत्तिजनक मैसेज भेजता है और गुंडों से उठवाने की धमकी देता है। मृतक आश्रित में भर्ती हुए शाहबाद थाने के भ्रष्ट कोतवाल प्रिंस शर्मा ने आरोपी का मात्र शांतिभंग में चालान कर अपना गुडवर्क दिखा दिया। पीड़िता ने कोतवाल प्रिंस शर्मा की कारगुजारी की शिकायत एसपी रामपुर से की। एसपी के आदेश के बाद पुलिस को आरोपी के खिलाफ 21 अगस्त को मुकदमा दर्ज करना पडा।

### पैसों की मांग का लगाया आरोप:

पीड़ित महिला का आरोप है जब वह अपने मुकदमे में कार्रवाई के लिए शाहबाद थाने गई तो बेलगाम कोतवाल प्रिंस शर्मा आला अधिकारियों के बारे में गलत टिप्पणी करते हुए कार्रवाई के नाम पर पीड़िता से पैसों की मांग करने लगा। जब पीडिता उसकी डिमांड पूरी नहीं कर सकी तो उसके साथ अभद्रता की गई। पीड़ित महिला ने मजबूर होकर बेलगाम कोतवाल प्रिंस शर्मा की करतूत की शिकायत एडीजी बरेली रमित शर्मा से की। एडीजी के दरबार में शिकायत पहुंचने के बाद पूरे मामले की जांच सीओ शाहबाद संगम कुमार को सौंपी गई। बेलगाम कोतवाल प्रिंस शर्मा ने पुलिस अधिकारियों की छवि खराब करने के लिए शनिवार की रात आरोपी पक्ष की महिला की तरफ से उल्टा पीड़ित महिला के सहयोगी के खिलाफ दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज कर लिया। सीओ कि जांच में चर्चित कोतवाल प्रिंस शर्मा की कारगुजारी सामने आई है। सीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी विद्या सागर मिश्र ने बीती शाम भ्रष्ट कोतवाल प्रिंस शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलम्बित कोतवाल प्रिंस शर्मा ने वर्ष सितम्बर 2022 में बिजनौर के थाना नगीना मे अपनी तैनाती के दौरान भू-माफिया व अपराधियों के साथ मिलकर पत्रकार शहजाद अंसारी के खिलाफ कई झूठे मुकदमें दर्ज कराए थे जिसकी गूंज शासन तक पहुंची थी। चर्चित कोतवाल प्रिंस शर्मा द्वारा अपने गैंग से लिखाए गए पत्रकार शहजाद अंसारी के खिलाफ सभी मुकदमे झूठे पाए गए थे।

## श्रमिकों को अपने ही जनपद में मिल रहा कार्य

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया है कि ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार देने हेतु संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंण्टी योजना में जनपद ललितपुर में 1.36 लाख परिवार, जालौन में 1.76 लाख एवं जनपद झांसी में 1.16 लाख सक्रिय जॉब कार्ड धारक परिवार है जिसके सापेक्ष 99.99 प्रतिशत जनपद ललितपुर में, जालौन में 99.98 प्रतिशतपरिवारों एवं झांसी में 99.98 प्रतिशत परिवारों को कार्य की मॉग के सापेक्ष रोजगार दिया गया है। इसके साथ-साथ जनपद ललितपुर में 2121 परिवारों को 100 दिन का रोजगार दिये जाने में जनपद मण्डल में अव्वल है। अधिक से अधिक रोजगार सृजन एवं पलायन को रोकने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं कि किसी भी श्रमिक को काम की तलाश में जनपद के बाहर न जाना पड़े, उन्हें अपने गांव में ही काम मिले।

## अदालत का आदेश न मानने पर अधिशाषी अभियंता को नोटिस

बांदा। अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड नगरीय के विरूद्ध अदालत ने आदेश का पालन तय समय सीमा में न करने पर नोटिस जारी कर कहा है कि क्यों न उन्हे कारागार में निरूद्ध किया जाए और इसके लिए अपना हेतुक प्रस्तुत करें। बांदा की व्यवहार न्यायाधीश प्रवर खंड गरिमा सिंह की अदालत से जारी इस नोटिस में निर्णीत है कि यूपीपीसीएल के बांदा नगरीय विद्युत वितरण खंड के एक्जीक्यूटिव इंजीरियर को 11 सितंबर को न्यायालय में उपस्थित होकर हेतुक प्रदर्शित करने का आदेश दिया गया है। शहर के श्रीनाथ बिहार कालोनी निवासी जितेन्द्र कुमार सिंह चैहान बनाम एक्जीक्यूटिव इंजीनियर व बांदा विकास प्राधिकरण आदि के विरूद्ध स्थायी लोक अदालत के समक्ष वाद दायर किया गया था। उसमें स्थायी लोक अदालत ने अपने निर्णय व आदेश में वादी जितेन्द्र सिंह चैहान का वाद स्वीकार कर विपक्षी अधिशाषी अभियंता को यह आदेश जारी करते हुए बीते 7 मार्च को आदेश पारित किए थे कि एक माह की अवधि के अंदर डिग्री धारक को उसके भवन स्थित श्रीनाथ बिहार कालोनी में विद्युत संयोजन प्रदान करें।

# जमानत का अधिकार

आधुनिक सांविधानिक लोकतंत्र में राज्य की शक्तियों के विरूद्ध मानव अधिकारों की रक्षा के लिए संविधान में ऐसे प्रावधान किये गये हैं, जिनका प्रयोग कर व्यक्ति अपने मौलिक अधिकारों का संरक्षण कर सकता है। जमानता का अधिकार भी उदारवादी लोकतंत्र की एक ऐसी आदर्श व्यवस्था है जिसमें कोई आरोपी सक्षम न्यायालय में दोषसिद्धि तक जेल की सजा से अपने को बचा सकता है। सर्वोच्च अदालत ने इस सांविधानिक अधिकार की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त करते हुए इस तथ्य को दोहराया है कि न्यायिक सिद्धांत में जेल 'अपवाद है और जमानत नियम है।' धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में भी यह सिद्धांत लागू होता है। निचली अदालतों को भी यह ध्यान में रखना चाहिए और जमानत देने में संकोच नहीं करना चाहिए। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ ने 'प्रेम प्रकाश बनाम प्रवर्तन निदेशालय' के मामले में आरोपित को जमानत दी है। मामला धन शोधन का ही था। गौरतलब है कि दिल्ली शराब नीति घोटाले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 'भारत राष्ट्र समिति' की नेता के. कविता को भी सर्वोच्च अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया है। हालांकि सिसोदिया को करीब डेढ़ साल और कविता को पांच महीने जेल काटने पड़े हैं। जबकि दिल्ली के मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसी केस में जेल में अब भी बंद हैं। मामले का औपचारिक ट्रायल अभी शुरू नहीं हो पाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी जांच पूरी कर आरोप-पत्र अदालत में दाखिल कर दिए हैं, जबकि सीबीआई जांच अभी जारी है, जेल-जमानत वाले न्यायिक सिद्धांत के पीछे सर्वोच्च अदालत के न्यायाधीश मौलिक और संवैधानिक अधिकार की दलील देते रहे हैं कि महज जांच और पूछताछ के लिए व्यक्ति को लंबे समय तक जेल में बंद रखना न्यायोचित नहीं है। जमानत का प्रावधान भी संवैधानिक नियम है। जेल बनाम जमानत वाले सिद्धांत पर उन दो न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया है, जो भविष्य में भारत के प्रधान न्यायाधीश भी बनने वाले हैं। बीते कुछ समय से जमानत को लेकर सर्वोच्च अदालत की सोच-समझ में बदलाव आया है। यह बदलाव आना भी चाहिए। क्योंकि मानवीय दृष्टिकोण के साथ न्यायिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाना उदारवादी सांविधानिक व्यवस्था का सर्वोच्च गुण है। यह बदलाव अपेक्षित था और कई मंचों पर विमर्श के जरिए मांग की जा रही थी कि जमानत की प्राथमिकता होनी चाहिए। एक अहम कारण यह भी रहा है कि देश में जितनी जेलें हैं और उनमें कैदियों की जितनी क्षमता है, उनसे अधिक कैदियों को जेल में बंद किया जा रहा है। हिरासत वाले आरोपितों को भी जेल में कैद किया जा रहा है, लिहाजा लगातार अनियमितताएं उभर कर सामने आ रही है। राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ सरकार ईडी की अतिरिक्त सक्रियता की शिकायत और सियासी आरोपों के कारण यह जरूरी हो गया है कि अदालत ऐसे में मामलों में जमानत देने की प्रक्रिया में उदार रुख अपनाये जिनमें आरोपी के भागने की संभावना कम से कम हो, लेकिन जेल अपवाद और जमानत नियम के आदर्श न्यायिक सिद्धान्त को सिर्फ विशिष्ट मामलों तक सीमित रखने के बजाय इसको आमतौर पर सभी सामान्य प्रकृति के मुकदमों पर भी लागू करना चाहिए। अगर किसी आरोपी को ऐसे मुकदमें में जेल में बंद न किया गया हो जिसमें सजा-ए-मौत या आजीवन कारावास जैसी कठोर सजा हो सकती है, तो फिर किसी भी आरोपी को तीन महीने से अधिक जेल में नहीं रखना चाहिए। जांच एजेंसियों को गिरफ्तारी के दिन से तीन महीने के अंदर अपनी जांच पूरी कर चार्जशीट कर देना चाहिए। अगर इससे अधिक समय जांच में लगता है तो आरोपियों को जमानत देनी चाहिए और यह सामान्य न्यायिक सिद्धान्त के रूप में सभी मामलों पर लागू करना चाहिए।



**जमानत के नियम का पालन विशिष्ट मामलों तक सीमित रखने के बजाय विचाराधीन सभी कैदियों पर लागू करें।**

### विचार

गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे संबंध विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

# अदालत की गाइड लाइन से थमेगा बुलडोजर

नरेंद्र शर्मा



**'उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार की तरफ से अदालत में अपनी बात रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक तरह से सुप्रीम कोर्ट के दृष्टिकोण का समर्थन किया। उन्होंने यह दोहराया कि उत्तर प्रदेश सरकार आपराधिक गतिविधि के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता की नीति अपनायेगी और अपराधों को सख्ती से कानून व संविधान के अनुसार नियंत्रित करेगी।**

बुलडोजर के माध्यम से चुनावी संदेश देने व बुलडोजर को चुनावी प्रतीक बनाने के प्रयास में तथाकथित 'त्वरित बुल्डोजर न्याय' संवैधानिक अधिकारों के लिए चुनौती बन गया था। लेकिन हमारे हाईकोर्ट्स खामोश बैठे हुए थे, जैसे कोई खास बात हुई ही न हो। सरकारों के असंवैधानिक बल प्रयोग के समक्ष यह व्यवस्थित आलस्य की स्थिति थी। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, असम, त्रिपुरा व दिल्ली के नागरिक प्राधिकरण जैसे-जैसे बुलडोजर क्लब में शामिल होते गये, वैसे-वैसे ही गिराये गये घरों की संख्या में वृद्धि होती गयी और बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन भी व्यापक होता रहा। लेकिन न्याय के पहिये बुलडोजर के पहियों की तुलना में धीमे घूमते हैं। आखिरकार सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा और 2 सितम्बर 2024 को एक जनहित याचिका की सुनवायी करते हुए न्यायाधीश बीआर गवई व न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने कहा कि एक अपराधी द्वारा किया गया अपराध उसके घर पर बुलडोजर चलाने का आधार नहीं बन सकता। अब सुप्रीम कोर्ट अपराधों के विरुद्ध निवारक के रूप में 'बुलडोजर न्याय' अपनाने को रोकने के लिए दिशा-निर्देश गठित करेगा जोकि पूरे देश के लिए होंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने जहां यह स्पष्ट किया कि एक व्यक्ति द्वारा किये गये अपराध उसकी आवासीय ईकाई को ढहाने का आधार नहीं हो सकता, वहीं यह भी कहा कि अवैध निर्माण या अतिक्रमण को अदालत न कभी प्रोत्साहित करेगी और न बचाव। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अदालत कभी भी अवैध निर्माण या अतिक्रमण का प्रोत्साहन या बचाव नहीं करेगी और इसमें मंदिर भी शामिल है। लेकिन तोड़फोड़ सख्ती के साथ पूर्णतः नियमों व प्रक्रियाओं के अनुरूप होनी चाहिए। इस संदर्भ में कुछ दिशा-निर्देश क्यों नहीं होने चाहिए? वह सभी राज्यों के लिए होंगे... एक पिता का आज्ञा न मानने वाला बेटा हो सकता है, लेकिन इस आधार पर उसका मकान नहीं तोड़ा जा सकता। यह सही तरीका नहीं है। 'उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार की तरफ से अदालत में अपनी बात रखते हुए सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक तरह से सुप्रीम कोर्ट के दृष्टिकोण का ही समर्थन किया। उन्होंने यह दोहराते हुए कि उत्तर प्रदेश सरकार आपराधिक गतिविधि के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता की नीति अपनायेगी और अपराधों को सख्ती से कानून व संविधान के अनुसार नियंत्रित करेगी, अपराधी के उस घर को गिराये जाने का विरोध किया जिसका निर्माण नगर पालिका नियमों के अनुसार किया गया हो। तुषार मेहता ने कहा, व्यक्ति पर अपराध करने का आरोप उसकी अचल सम्पत्ति को तोड़ने का आधार नहीं हो सकता। अचल सम्पत्ति तभी तोड़ी जा सकती है, जब वह संबंधित नगरपालिका या उस क्षेत्र के विकास प्राधिकरण के नियमों व कानूनों के अनुरूप निर्मित न करायी गई हो। दूसरे शब्दों में किसी भी अचल सम्पत्ति को केवल इस आधार पर नहीं तोड़ा जा सकता कि उसका मालिक या किरायेदार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है। तोड़फोड़ चाहे पूर्ण हो या आंशिक इसी आधार पर की जा सकती है कि नगरपालिका के वैध निर्माण नियमों का उल्लंघन किया गया है और वह भी संबंधित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए।' खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण की सराहना की और इस मुद्दे पर अखिल भारतीय दिशा-निर्देश गठित करने के लिए केस की पार्टियों व उनके वकीलों से सुझाव देने को कहा। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि वह चूंकि दिशा-निर्देश गठित करने जा रहा है, जिनका राज्यों को सख्ती से पालन करना पड़ेगा, इसलिए तोड़फोड़ की व्यक्तिगत शिकायतों को वह नहीं देखेगा। जनहित याचिका दायर करने वाले संगठन जमात-ए-उलमा-ए-हिंद ने भी सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का स्वागत किया है कि सभी राज्यों के लिए दिशा-निर्देश गठित किये जायेंगे और आशा व्यक्त की है कि जब अंतिम निर्णय आयेगा तो 'सभी पीड़ितों को न्याय मिलेगा'। तथाकथित 'बुलडोजर न्याय' पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक देर से अवश्य लगायी है, लेकिन एकदम सही लगायी है, क्योंकि इससे न सिर्फ दोष अदालतों के बाहर निर्धारित किया जा रहा था बल्कि सजा आरोपी के परिवार को दी जा रही थी।

**यूपी सरकार की नीति को अदालत ने सराहा**

सामूहिक सजा का विचार मध्ययुगीन है, जब इसे कानून में कोडिफाई तक किया हुआ था। जाहिर सी बात है कि इस पुरातनपंथी विचार के लिए संवैधानिक लोकतंत्रों में कोई स्थान नहीं है। घर व दुकान गिरा देने से पूरा परिवार प्रभावित होता है। अगर किसी परिवार का कोई सदस्य अपराध में शामिल भी था या मकान/दुकान अवैध थी तो भी कानूनी प्रक्रिया (जैसे नोटिस आदि) का पालन करना आवश्यक है, क्योंकि व्यक्ति जब तक अदालत द्वारा दोषी साबित न हो तब तक वह निर्दोष होता है। मकान/दुकान गिराने से पूरा परिवार पीड़ित हो जाता है, जबकि उसका अपराध या अवैध निर्माण से कोई लेना देना नहीं होता है। इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों के दौरान राज्यों के अधिकारियों द्वारा बुलडोजर चलाने के दिए गये आदेश कानून के शासन के लिए गंभीर सवाल बन गये थे। राजस्थान में तो एक ऐसे मकान पर बुलडोजर चलाया गया जिसमें आरोपी का परिवार किराये पर रहता था। राजस्थान के ही एक कलेक्टर को वायरल वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है कि वह केवल एक विशेष समुदाय के मकानों पर ही बुलडोजर चलायेंगे। अगर बुलडोजर तथाकथित अपराधियों को 'सबक' सिखाने के लिए चलाये जा रहे थे, तो क्या जांच व साक्ष्यों के आधार पर यह अदालत के फैसले थे? नहीं। तो फिर खुद ही मुद्दई, खुद ही मुंसिफ बनने की अनुमति स्थानीय प्रशासन को कौन और क्यों दे रहा था? इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि अनेक राज्यों में जो यह बुलडोजर चलाने का चलन चल रहा था, उसे किसी भी सूरत में कानूनन उचित नहीं ठहराया जा सकता था। मसलन, दिल्ली में अप्रैल 2022 में जहांगीरपुरी में हुई कार्यवाही को ही लें। एमसीडी एक्ट में एकदम स्पष्ट प्रावधान है कि सेक्शन 317 के तहत कमिश्नर की यह जिम्मेदारी है कि वह सड़कों पर आने वाले प्रोजेक्शंस (स्ट्रक्चर या फिक्सचर) हटाने के लिए नोटिस जारी करे (जहांगीरपुरी में कोई नोटिस जारी नहीं किया गया बल्कि तत्कालीन मेयर ने टीवी चैनलों से कहा कि नोटिस की कोई आवश्यकता नहीं थी), सेक्शन 343 के तहत बिल्डिंगों को तोड़ने के लिए 5-15 दिनों की नोटिस अवधि न्यूनतम है। सिर्फ सेक्शन 322 के तहत नोटिस जारी करना जरूरी नहीं है, क्योंकि उसके अधीन अस्थाई निर्माण हटाना है जैसे ठेले जो पब्लिक स्ट्रीट पर अतिक्रमण कर रहे हों। गौरतलब है कि इस कानून के तहत एक अपीलेट ट्रिब्यूनल की व्यवस्था भी है, जो नोटिस के विरुद्ध अपील सुनता है।

इस पृष्ठभूमि में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तथाकथित 'बुलडोजर न्याय' पर रोक लगाना व इस संदर्भ में सभी राज्यों के लिए दिशा-निर्देश गठित करने का फैसला स्वागतयोग्य है। कानून सम्मत सजा मिलनी चाहिए और हर अपराधी को अपने बचाव का मौका भी मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अतिक्रमण या फिर अवैध निर्माण का वह संरक्षण नहीं करेगा। इससे स्पष्ट है कि सरकारें अतिक्रमण और अवैध निर्माण को नियमों के तहत हटा सकेंगी और लोकहित में इस तरह की कार्रवाई पर अदालत के फैसले से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### सोशल मीडिया

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को आज तीस दिन हो गये, एक माह में हम 45 लाख से अधिक बहनों के खाते में सम्मान राशि की पहली किश्त भेज चुके हैं। हेमंत सोरेन.



पेरिस पैरालंपिक में महिला एकल बैडमिंटन में कांस्य पदक जीतने पर नित्या श्री सिवन को बधाई, आपकी यह शानदार सफलता बहुत से लोगों को प्रेरित करेगी। देवेन्द्र फडणवीस.



हम पर हुए गलत को सही करने की कोशिश में हम न केवल अपने लिए बल्कि जम्मू और कश्मीर के हर नागरिक के लिए भी न्याय मांग रहे है, यह सामूहिक लड़ाई है। उमर अब्दुल्ला.



# मनीषियों का चिंतन

### अंतर्दृष्टि

महापुरुषों का सानिध्य व्यक्ति के जीवन, विचार, दर्शन, चिंतन और सरोकार में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। सत्संग का अर्थ है सम्भ्रांत, आदर्श चरित्र, तत्वदर्शी मनीषियों की संगति, सान्निध्य और शिक्षा का अवगाहन। ऐसे मनीषी आज बहुत ही कम हैं। जो हैं वे कार्य में व्यस्त रहने के कारण व्यक्तिगत सत्संग क लिए समय नहीं दे पाते। ऐसी दशा में आत्म निर्माण संबंधी प्रवचनों की जहां व्यवस्था हो वहां पहुंचा जा सकता है। महापुरषों के ग्रंथ भी सत्संग का ही काम दे सकते हैं। वे मनीषी भले ही हमसे दूर हों या स्वर्गवासी हो चुके हों तो भी उनके विचार उनके लिखे ग्रंथ हमें सदा प्रस्तुत मिलेंगे और वे हमें सत्संग का लाभ देते रहेंगे। आज सत्संग के नाम पर निराशावादी भाग्यवादी पलायनवादी अतिवादी विचारधारा देने वाले साधु बाबाजी बहुत हैं। इन विचारों से भ्रम जंजाल ही बढ़ता है और उसके प्रभाव से व्यक्ति एक प्रकार से निकम्मा ही बन जाता है। इसलिए ऐसे सत्संग को कुसंग मानकर उससे बचते रहना ही उचित है। चिंतन और मनन के बिना पुस्तक बिना साथी का स्वाध्याय सत्संग ही है। अपने आप अपनी स्थिति पर अपनी त्रुटियों और दुर्बलताओं पर विचार करके, बुराइयों को छोड़ने और अच्छाइयों को बढ़ाने के लिए अकेले में सोच विचार कराना चिंतन है और उत्थान पथ पर अग्रसर करने वाली सतशिक्षा के महत्व एवं माहात्म्य पर विस्तारपूर्वक सोचना एवं उसी ढांचे में अपने को ढालने की योजना बनाना मनन है। चिंतन और मनन करते रहने वाला मनुष्य अपनी बौद्धिक चरित्र और लौकिक दुर्बलताओं को आत्मनिरीक्षण एवं आत्मा आलोचनाओं के आधार पर भली प्रकार जान सकता है और जिस प्रकार रोग का निदान होने पर चिकित्सा सरल हो जाती है। उसी प्रकार अपनी त्रुटियों को जानने वाला उन्हें सुधारने का उपाय भी ढूंढ ही निकालता है। रात्रि को सोते समय दिन भर के भले-बुरे विचारों और कार्यों का लेखा-जोखा लेना चाहिए। जीवन की वास्तविक सम्पत्ति समय ही है। नियमित कार्य्रम बनाकर अपने बहुमूल्य समय का सदुपयोग करने की कला जिसे आ गयी उसने सफलता का रहस्य समझ लिया। रात को रोते समय दिन भर के विचारों और कार्यों की भलाई-बुराई का परीक्षण करके यह देखना कि आज दिन का कितना सदुपयोग अपव्यय एवं दुरुपयोग हुआ। इसी प्रकार प्रातःकाल उठते समय दिन भर का कार्यक्रम बनाना तथा पिछले दिन की बात को स्मरण रखते हुए जीवन के अपव्यय एवं दुर्व्यय को बचाकर आधिकारिक सदुपयोग की योजना बनाई जाये। नित्य डायरी रखकर भी इस प्रकार आत्म निरीक्षण एवं आत्म निर्माण का आयोजन करते रहा जा सकता है।

# नैतिकता के आधार पर...

### व्यंग्यलोक

देखिए भाई साहब! अब बहुत हो गया ये हमसे नैतिकता दिखाते हुए इस्तीफे की मांग का स्वांग करना। अब शांत हो जाइए प्लीज! वर्ना कहीं आपका गला न पक जाए। अब नैतिकता के आधार पर हमसे इस्तीफे की मांग की आप लक्ष्मण रेखा न लांघिए तो अच्छा रहेगा हम सब के लिए। जनता अब यह शोर सुन बोर होने लगी है। अब अगर वहां उस हादसे के लिए हमने भी आपसे इस्तीफे की इसी तरह मांग की होती तो आपको बहुत बुरा लगता। पर हमने तब नैतिकता की सीमाओं में रहकर आपसे नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की थी। यही हमारा धर्म है। एक दूसरे से इस्तीफा मांगने में शालीनता बनी रहे तो अच्छा लगता है। हम नहीं चाहते कि आपको हमारे सत्ता में होते हुए कुछ बुरा लगे। ऐसे में आपके विपक्ष में होते हुए हमें भी तो कुछ बुरा नहीं लगना चाहिए न! सत्ता में कभी हम, तो कभी आप! जनता तो सत्ता में आने से रही। देखिए, यहां सरकार हम हैं तो वहां आप। ये भी नहीं कि हम आपसे नैतिकता के आधार उस हादसे के लिए आपकी तरह गला फाड़ फाड़ कर इस्तीफा नहीं मांग सकते। आज आपके उसूल हों या न, पर हमारे आज भी कुछ उसूल है। आप हमारे मौसेरे भाई हो। हादसे हो जाते हैं। हादसों का काम होना है और हमारा काम नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने के बदले उन हादसों की निष्पक्ष न्यायिक जांच करवाना। ये बात तो आप भी जानते ही हो कि जब हादसों का कारण अपने ही बंदे हों तो हम उनकी निष्पक्ष जांच करवा अपने पांव पर कुल्हाड़ी कैसे मार सकते हैं? वह तो अधिकतर शरीफों के पांवों को ही लहूलुहान करती रही है न! बंधु! हम तुम उस बिरादरी से हैं जो इस्तीफा देने के बाद के दर्द को बहुत गहरे से समझते रहे हैं। पद से इस्तीफा देने के बाद घरवाले भी नहीं पूछते। नेता तभी तक सुहाता है जब तक वह कुर्सी पर हो। अतः यथार्थ के धरातल पर खड़े होकर हमारी जगह अपने को रख हमारी पीड़ा समझो बंधु! और हमें विश्वास है कि आप भी समझते होंगे। पर कई बार हम सत्ता पाने को लेकर अधिक ही मुंहफट हो जाते हैं। देखो, गिरा वो पुल और इस्तीफा दें हम? अब टकराईं वे रेलें और इस्तीफा दो आप? ये कहां का न्याय है? गिरे कोई, इस्तीफा दे कोई! गिरना जीवन की परिणति है। टकराना जीवन की जरूरत है। अरे जो हम इस्तीफा दे देंगे तो पुल के गिरने की, रेलों के भिड़ने की निष्पक्ष जांच कैसे होगी? अब रही बात पब्लिक कि तो सुनो डियर पब्लिक! हमने इन हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर ली है। अब दिल पर हाथ रख पब्लिक टीवी देखती रहे कि इस्तीफा न देते हुए हम उनके विरूद्ध कैसे कड़े से कड़ा एक्शन लेते हैं?



अशोक गौतम

# युद्धग्रस्त क्षेत्रों में उभरी प्रतिरोध की कला



### कला-जगत

**शाहिद ए चौधरी**

गजा सिटी के बड़े से मकान में आर्टिस्ट मैसारा बारौद अपने छोटे से परिवार के साथ रहते थे। सुबह होते ही वह अल-अक्सा विश्व विद्यालय के लिए निकल जाते थे, जहां वह फाइन आर्ट्स फैकल्टी में लेक्चरर थे। घर लौटने पर वह अपनी शामें अपने स्टूडियो में अपनी पुस्तकों, पेपर्स पेंट्स, कैनवस और प्रयोगों के संग गुजारते। यह सब 8 अक्टूबर 2023 से पहले की बातें हैं। इजराइल-फिलिस्तीन का युद्ध आरंभ होने के अगले दिन जब 12-मंजिला अल-वतन टावर बमों से जमींदोज हुआ, तो उसमें उनका प्राइवेट ऑफिस भी नष्ट हो गया। इसके ठीक अगले दिन इजराइल के हवाई हमले में उनका पारिवारिक घर भी खंडहर बन गया। मैसारा जिस तरह से जीवन को समझते थे, वह बदल गया, संभवतः हमेशा के लिए। वह कहते हैं, मैंने अपना सब कुछ खो दिया है, अपने कार्य का अधिकांश हिस्सा, आर्टिस्ट दोस्तों से हासिल की गईं उनकी कला कृतियां, सभी प्रयोगों के साथ अपना स्टूडियो, आर्काइव्ज और पिछले 30 वर्षों के दौरान जो कार्य एकत्र किया था। मैंने खो दिए हैं अपने टूल्स, दर्जनों पेंटिंग्स, हजारों स्केच और कला पुस्तकालय जिसमें 3,000 से अधिक पुस्तकें थीं। मैंने अपना छोटा, निजी संसार खो दिया है, अपनी सभी यादें और चीजें। मैं कुछ भी न बचा सका। लेकिन एक महत्वपूर्ण चीज जो मैसारा ने नहीं खोयी, वह है- अपनी कला के माध्यम से जुल्म का विरोध करने का अपना जज्बा। अपनी हिम्मत। उन्हें अपने दोस्तों, छात्रों व प्रशंसकों को बताना था कि वह जिंदा हैं और उनका हौसला भी। इसलिए वह अपनी इंक ड्राइंग रोजाना सोशल मीडिया पर पोस्ट करने लगे। वह कहते हैं, रॉकेट्स, बमों व बर्बादी के औजारों ने मेरे भविष्य के सभी सपने अवश्य छीन लिए हैं, लेकिन ड्राइंग के प्रति मेरे जुनून व प्रेम को वह नहीं छीन पाये हैं। 'मैसारा का ह्यस्टिल अलाइव' (अभी जिंदा हूं) कलेक्शन युद्ध से बर्बाद हुए गजा के दैनिक जीवन को व्यक्त करता है, गहरी व सीधी लाइन ड्राइंग्स के जरिये, जबकि वह स्वयं एक राहत कैंप से दूसरे राहत कैंप में अपनी जान बचाते हुए भागते रहते हैं। इस लेख के लिखे जाने तक मैसारा दयार-अल-बलाह में विस्थापित थे और एक टूटी हुई बिल्डिंग में रह रहे थे, जिसमें दीवार के नाम पर कुछ ईंटें एक के ऊपर एक रखी हुई हैं। मैसारा उन अन्य अनेक आर्टिस्ट्स व रचनाकारों में से एक हैं जो टकराव क्षेत्रों में कला का सृजन कर रहे हैं। सेंसरशिप व जीवन के वास्तविक खतरों को अंगूठा दिखाते हुए। जो कला टकराव में जन्म लेती है, उसके अनेक अर्थ व उद्देश्य होते हैं। इनमें से अक्सर सबसे शक्तिशाली होता है विरोध, जागृति, प्रलेखन और अभिव्यक्ति। अतः गजा हो, यूक्रेन हो, सूडान हो या कोई अन्य टकराव क्षेत्र, आर्टिस्ट खामोश होने से इंकार कर रहे हैं। वह अपने डर, गुस्से व हताशा को विरोध के कार्यों में परिवर्तित कर रहे हैं। अगर अपने मणिपुर का ही जिक्र करें तो संगीतकार अखु चिनगैंगबाम ने फायेंग, इम्फाल वेस्ट के राहत कैंप में रहते हुए एक अस्थायी स्टूडियो बनाया। कैंप में विभिन्न देशज पृष्ठभूमियों, समुदायों व धर्मों के बच्चे भी थे। इन बच्चों को साथ लेकर अखु ने 'चिनग्यागी खान्गपोकशांग' (राहत कैंप से एक गीत) की रचना की, जिसे उन्होंने इस साल 3 मई को रिलीज किया, मणिपुर दंगों का एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर। यह गीत जीवन की प्रभावी याद है जिसमें उम्मीद व विश्वास का स्पष्ट संदेश है। इस गीत में वह बच्चों के साथ मिलकर गाते है- 'अक्सर मेरे सपनों में आता है/पहाड़ी के निकट मेरा छोटा सा झोपड़ा/जो जलकर हो गया है राख/पहाड़ी के निकट मेरा छोटा सा गांव।' अखु का कहना है, 'संकट से पहले मणिपुर जीवंत था। कोविड महामारी के बाद भी उम्मीद की किरण थी, विशेषकर युवाओं में और और अनेक संगीत उत्सवों का आयोजन किया जाता था। लेकिन पिछले 17 महीनों से हर गतिविधि पर पूर्णतः विराम लगा हुआ है।' अखु 'द नेटिव टंग कॉल्ड पीस' (देशज भाषा जिसे शांति कहते हैं) प्रोजेक्ट का भी 2015 से नेतृत्व कर रहे हैं, जो विभिन्न देशज वाली पृष्ठभूमि के बच्चों के जरिये मणिपुर की संगीत विरासत को डॉक्यूमेंट करता है और साथ ही राहत कैम्पों में बच्चों को उनकी शिक्षा में मदद करता है ताकि वह बोर्ड परीक्षाओं में बैठ सकें।

## आप की बात

### गरीबों की चिंता

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों की कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### बदहाला स्वास्थ्य सेवा

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पतालों में भी जाते।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## शान्ति समिति की बैठक 5 को

बहराइच ।कजरीतीज एवं ईद-ए-मिलाद (बारावफात) त्यौहार तथा श्रीगणेश प्रतिमाओं का विसर्जन सकुशल शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से 05 सितम्बर 2024 को अपरान्ह 04 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गयी है।

## बाइक सवार युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत



मिल्कीपुर-अयोध्या।इनायत नगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चैकी क्षेत्र के ग्राम पाराताजपुर रमनी स्थित नेताजी ब्रिक फील्ड प्रीतम बाबू के भट्ठे के पास ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया।जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक व बाइक सवार युवक दोनों खजुरहट की तरफ से मिल्कीपुर की तरफ जा रहे थे।लोगों ने बताया कि खजुरहट मिल्कीपुर मार्ग पर ग्राम पाराताजपुर में स्थित प्रीतम के भट्ठे की तरफ जैसे ही ट्रक घूमी, तभी बाइक सवार युवक ट्रक डंफर के पिछले पहिए के नीचे आ गया।जिसके बाद युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हैरिंग्टनगंज चैकी प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि बाइक सवार मृतक युवक की पहचान महेन्द्र सोनी (24) पुत्र प्रेमचंद्र निवासी पन्हौना देवीगंज थाना शिवरतन गंज जनपद अमेठी के रूप में हुई है।चैकी प्रभारी ने बताया कि जब मृतक के भाई को घटना के बाबत फोन किया गया तो उसने बताया कि महेन्द्र जगदीशपुर जाने की बात बताकर घर से निकला था।अब वह कैसे वहां पहुंच गया।पता नहीं है।पुलिस ने ट्रक डंफर और बाइक दोनों कब्जे में ले लिया है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दिया है।

## मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

अयोध्या।प्रदेश में विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिए भाजपा, सपा, बहुजन समाजपार्टी और भीम आर्मी के साथ ही कांग्रेस भी चुनावी तैयारी में लग गई है।हालांकि सिर्फ समाज वादी पार्टी ने सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद का टिकट पक्का किया है।वहीँ बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व में प्रत्याशी रहे पाल को विधानसभा क्षेत्र प्रभारी बनाया है।हालांकि बसपा में प्रभारी बनने वाले ही प्रत्याशी होते आए हैं।भीम आर्मी के चन्द्रशेखर रावण भी कार्यकताओं में बैठक कर जोश भर चुके हैं।ऐसे में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह का मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकताओं के साथ चुनावी बैठक बड़ा संकेत दे रहा है। हालाँकि कांग्रेस की तरफ से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की बात ही कही जा रही है।जबकि सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस 10 सीटों में हिस्सेदारी की बात करेगी।यदि ऐसा न हुआ तो गठबंधन पर असर पड़ सकता है। अंदरखाने रिपोर्ट यह है कि कांग्रेस पार्टी उपचुनाव के लिए कार्यकताओं को उत्साहित कर रही है।कांग्रेस ताल ठोंक भी सकती है ।ऐसा पार्टी की तैयारियों से लगने लगा है। इसी क्रम में मंगलवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने एक विज्ञप्ति जारी की है।जिसमें कहा गया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह 4 सितंबर को फैजाबाद लोकसभा की रिक्त सीट मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव के संदर्भ में कुमारगंज में कांग्रेस कार्यकताओं की आयोजित बैठक में शामिल होंगे।श्री सिंह इस क्षेत्र के पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। बैठक के पश्चात पार्टी प्रवक्ता श्री सिंह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्मल खत्री जी के स्वास्थ्य का हाल-चाल लेने उनके आवास जाएंगे।

# 33 एमएलडी एसटीपी के कार्यों का निरीक्षण

### परिसर में कहीं भी इंटरलाकिंग ईंट का इस्तेमाल न किया जाये : मंडलायुक्त



अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने अयोध्या के जमथरा में नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत अयोध्या छावनी क्षेत्र की नालियों का इंटरसेप्सन और डायवर्जन के अन्तर्गत निमार्णाधीन 33 एम0एल0डी0 एस0टी0पी0 के कार्यो का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने निमार्णाधीन एस0टी0पी0 के परिसर में स्थापित विभिन्न मशीनों का अवलोकन किया तथा सम्बंधित अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिया कि शेष कार्यो को शीघ्र पूरा कर एस0टी0पी0 का संचालन प्रारम्भ करायें, जिस पर अधिशाषी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि सभी मशीनों को स्थापित कर लिया गया है तथा एन0एम0सी0जी0 की एन0ओ0सी0 भी प्राप्त हो गयी है और सिंचाई विभाग से एन0ओ0सी0 प्रतीक्षित है जिसके प्राप्त होते ही एस0टी0पी0 का संचालन प्रारम्भ कर दिया जायेगा। परिसर भ्रमण के दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि परिसर में कहीं भी इंटरलाकिंग ईंट का इस्तेमाल न किया जाय उसके स्थान पर स्टैम्प कंक्रीटिंग करायी जाय तथा अच्छे आर्किटेक्ट से लैण्ड एस्केपिंग की डिजाइन करा कर ही कराई जाय और कुशल उद्यानविद के माध्यम से ही घास/पौधे उगाये जाय। उन्होंने कहा कि परिसर की बाउण्ड्रीवाल पर मंडाना कला की चित्रकारी की जाय।

गौरतलब है कि इस योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा 221.66 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गये है, जिसके माध्यम से अयोध्या छावनी क्षेत्र के जल को लगभग 30 वर्ष तक शुद्व किया जा सकता है। अधिशाषी अभियन्ता निगम ने बताया कि परिसर में भूमि शेष है आगामी भविष्य में आवश्यकताओं को देखते हुये एस0टी0पी0 की क्षमता को और अधिक बढ़ाया जा सकता है।इस दौरान जलनिगम के अधिशाषी अभियन्ता सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

# उपचुनाव की सभी दसों सीट जीतेगा गठबंधन : अजय राय

अयोध्या। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के सुल्तानपुर से बस्ती जाते समय सुल्तानपुर रोड पर अवध विश्वविद्यालय के निकट कांग्रेस कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकताओं से मुखातिब होकर श्री अजय राय ने कांग्रेस कार्यकताओं से अपील किया कि वह उपचुनाव में गठबंधन प्रत्याशी को विजय बनाने में पुरी ताकत से जुटे ।

उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा उपचुनाव की सभी दसों सीट गठबंधन जीतेगा और भाजपा बुरी तरह हारेगी ।प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस कार्यकताओं का आवाहन किया कि वह गरीबों ,पीड़ित और जरूरतमंदों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुने और उनके निराकरण के लिए शासन प्रशासन से लड़ाई लड़कर उन्हें उनका हक दिलाए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश अध्यक्ष श्री राय को आश्वासन दिया कि अयोध्या जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी के साथ उपचुनाव में प्रत्याशी को विजय बनाने में कोई कसर नहीं रखेंगे।

जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया किप्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय का स्वागत करने वालों में महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल , युवा नेता अंकुर खत्री,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, राजकुमार पांडे ,भीम शुक्ला, अनिल तिवारी, अनिल सिंह ,अब्दुल हकीम, बलबीर सिंह कोरी तारिक रुदौलवी ,सिराज मुस्तफा, रोहित यादव,मोहम्मद आरिफ ,बसंत मिश्रा, दिनेश चैधरी,डॉ रविकांत श्रीवास्तव ,महताब आलम,रामसूरत सोनी, फ्लावर नकवी, अनवर, राम स्नेही निषाद ,हुजैफा, असलम, अमीरु,प्रदीप वर्मा, आशुतोष सिंह ,अजीत वर्मा,मनोज जायसवाल, शकील रहमानी, अहमद कुरेशी, रामसागर रावत, इंद्रौहन यादव ,रामचरित्र वर्मा ,रामचरित्र मौर्य,राजेंद्र रावत ,राम अवध आदि उपस्थित रहे।

## दवा काउंटर पर महिला का पर्स खोलते पकड़ी गयी दो युवतियां

अयोध्या। जिला अस्पताल के दवा काउंटर पर दो युवतियों को लोगों ने एक महिला का पर्स खोलते हुए पकड़ लिया। चोरी के आरोप में दोनों की तलाश ली गई। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। शाहिस्ता निवासी रौनाही अपनी मां को दिखाने अस्पताल पहुंची थी। इसके बाद जब वह दवाएं लेने के लिए चार नंबर में गईं तो भीड़ में देखा कि दो बच्चियां उनका पर्स खोल रही हैं। मैनेजर राजेंद्र तिवारी ने तत्काल महिला सिक्योरिटी गार्डों को बुलवाकर तलाशी दिलवाई। उनके पास कुछ नहीं निकला। उनसे पूछा तो बताया कि डॉक्टर साहब ने हमें पेट दर्द की दवा लिखी थी। हम वही लेने गए थे। जब उनका पर्चा देखा गया तो डॉक्टर द्वारा कोई दवाएं नहीं लिखी गई थी। इसके बाद पुलिस को बुलाकर उन्हें सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों मसौधा से आई थीं।

# सुरक्षा में तैनात रहे गनर से भाजपा विधायक को जान का खतरा

**बहराइच।** जिले के कद्दावर भाजपा नेता और विधानसभा क्षेत्र महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने अपनी सुरक्षा में तैनात रहे गनर और होमगार्ड के जवान से अपनी जान का खतरा बता कर एफआईआर दर्ज कराई है। उक्त प्रकरण के संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी को निलंबित कर जांच के आदेश दिए हैं। विधायक सुरेश्वर सिंह ने अपने ही पूर्व में रहे सुरक्षा गार्ड और होमगार्ड पर अपनी हत्या की साजिश का आरोप लगा कर एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं।भाजपा के महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि हरदी थाने के सिपाही आनंद राय और होमगार्ड अबुल खान उनकी हत्या की साजिश रच रहे हैं और कभी भी उनकी गोली मारकर हत्या कर सकते हैं ।विधायक



की लिखित तहरीर पर थाना हरदी में 350 व 351(3) की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहरीर में विधायक ने लिखा है कि पूर्व में उनके गनर रहे और वर्तमान में हरदी थाने में विशेष ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल आनंद राय ने विगत 25 अगस्त को थाने में उनके और उनके परिजनों के बारे में अपशब्द कहते हुए थाने में ही गोली मारने की बात कही थी। वहां पर मौजूद होमगार्ड अबुल खान भी उसकी हां में हां मिला रहा था। विधायक श्री सिंह ने कहा कि यदि थाने में ही विधायक की हत्या की साजिश रची जाएगी तो जनता कैसी सुरक्षित रहेगी। उनकी तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने सिपाही अंगद राय को निलंबित करते हुए होमगार्ड अबुल खान पर कार्रवाई के लिए जिला कमांडेंट को पत्र लिख भेजा है। वही दूसरी ओर जब जिला होमगार्ड कमांडेंट ताज रसूल से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि केस दर्ज होने की जानकारी मिली है। एफआईआर की प्रति मिलते ही आरोपी के विरुद्ध जांच की जायेगी।

## सिंचाई बंधु की बैठक 10 को

बहराइच । सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 सितम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## 31 गौवंशों को किया गया संरक्षित



अयोध्या। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि विशेष निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान के तहत मंगलवार को जनपद में कुल 31 गौवंशों को संरक्षित किये गये है तथा अब तक 186 गौवंशों को संरक्षण अभियान के तहत हुआ है जो प्राप्त लक्ष्य का 64.14 प्रतिशत है। विशेष निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान के तहत समस्त विकासखण्ड हरिग्टनगंज, मसौधा, सोहावल, रूदौली, अमानीगंज आदि में गौ संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विशेष गौ संरक्षण अभियान के दौरान गौवंशी की गौ-आश्रय पोर्टल पर प्रविष्टि के आधार पर ही गौ संरक्षण का आकलन किया जाएगा इसलिए प्रत्येक गौसंरक्षित की टैगिंग एवं पोर्टल पर विवरण अपलोड किया जाना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गो शहरी क्षेत्रों, मंडी, सब्जी बाजार एवं आवासीय क्षेत्रों को निराश्रित गौवंश मुक्त कराये जाने हेतु प्राथमिकता पर कार्यवाही की जाए और अभियान की समाप्ति तक शत प्रतिशत निराश्रित गौवंश को संरक्षित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## तकनीकी शिक्षा में टैबलेट स्मार्टफोन कारगर : बृजेश पांडेय



बहराइच ।व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच के परिसर में आज टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि बृजेश पाण्डेय जिलाध्यक्ष भाजपा, विशिष्ट अतिथि शिव भूषण सिंह, जिला प्रभारी यशुवेन्द्र विकम सिंह राजा पयागपुर एवं रण विजय सिंह उपाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थित में किया गया है। जिलाध्यक्ष श्री पाण्डेय द्वारा भारत माता की जयघोष के साथ ही युवाओं का आवाहन किया कि मुख्यमंत्री योगी जी द्वारा कोरोना काल से ही टैबलेट / स्मार्टफोन वितरण का शुभारम्भ किया गया, जिससे जाति धर्म का भेदभाव किये बिना सामाज के सभी वर्गो के युवक युवतियों को आनलाइन पढाई का अवसर मिल सकें। और सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास को साकार किया जा रहा है. आई०टी०आई० के युवाओं को टैबलेट / स्मार्टफोन से अधिकाधिक अध्ययन किये जाने का आवाहन किया गया।विशिष्ट अतिथि शिव भूषण सिंह द्वारा अपने उद्धबोधन में कहा गया, कि तकनीकि शिक्षा में टेबलेट / स्मार्टफोन कारगर साबित होगा और सभी लोग मेहनत और लगन से शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करें।

पुष्पेन्द्र कुमार, रवि कुमार विश्वकर्मा, हरीराम, तुफेल, मिज्जन अली, मो० मुईन, विकास प्रजापति सहित 31 प्रशिक्षार्थियों को टैबलेट वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ श्रीवास्तव एवं समापन श्रीमती स्मृति शर्मा, प्रधानाचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किया गया।इस मौके पर अनुसूइया पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार, विजय वर्मा, डी०के० त्रिपाठी, अभय शर्मा, मसऊद अहमद, राहुल बाजपेयी, धर्मेन्द्र गोंड, अमित पाण्डेय, अनुराधा देवी, पीयूष तिवारी, अर्पित मौर्या, शत्रुघन प्रसाद, बालगोविन्द, अरविन्द कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आलू किसानों की समस्या को लेकर हुई बैठक

सोहावल- अयोध्या।नूर कोल्ड स्टोरेज चिर्रा जगन पुर में गैस रिसाव के कारण क्षति हुई आलू की क्षतिपूर्ति के लिए राष्ट्रीय लोकदल पदाधिकारियों व उप निदेशक उद्यान गीता त्रिवेदी एवं कोल्ड स्टोरेज के मालिक एवं आलू किसानों की मौजूदगी में मंगलवार को बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता उप निदेशक उद्यान अयोध्या मंडल गीता त्रिवेदी ने किया।बैठक में रालोद अवध जोन अध्यक्ष चैधरी रामसिंह पटेल ने आलू किसानों की तरफ से मांग किया कि गैस रिसाव के बाद जितने किसानों की आलू बर्बाद हुई है उन सभी किसानों को उनकी आलू मुहैया कराई जाय उप निदेशक के हस्तक्षेप के बाद नूर कोल्ड स्टोरेज प्रबंधन सभी गैस रिसाव से प्रभावित किसानों को उनकी आलू जमा मात्रा व किस्म के अनुसार उपलब्ध कराने के लिए तैयार हुआ।एक लिखित समझौता हुआ कि कोल्ड स्टोरेज प्रबंधन को जितने किसान मूल आलू जमा रसीद देंगे उनको गुणवत्ता पूर्ण आलू दे दी जायेगी।

# दो माह पूर्व जंगल में मिले अधजला शव उमेश का

- हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा
- शराब पिलाकर हत्या करने वाले दो युवक गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

मिल्कीपुर-अयोध्या। अयोध्या जनपद के इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चैकी क्षेत्र हैरिंग्टनगंज के ग्राम पंचायत सिंधौरा स्थित सीता चौरा जंगल में बीते 5 जून को मिले अज्ञात अधजले शव के मामले का खुलासा घटना के दो माह बाद हो गया है।मामले में पुलिस टीम की सक्रियता के चलते युवक की हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक की हत्या के आरोपी सुमित चौहान और संतराम ने प्रेम प्रसंग के चलते उमेश कुमार की हत्या कर शव जंगल में ले जाकर जला दिया था।मृतक उमेश कुमार अलीपुर खजूरी पूरे चैक

सूबेदार गांव का निवासी था।जो थाना क्षेत्र के मिचकुरही गांव में अपने मामा के घर रहता था।बीते 5 जून को वह घर से लापता हो गया था।काफी खोजबीन करने के बाद जब उसके पिता राम नरेश ने 6 जून को गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।मिली



जानकारी के मुताबिक पांच जून को युवक उमेश कुमार एक युवती से बातचीत कर रहे थे और इस युवती से आरोपी सुमित चैहान भी बात कर रहा था। सुमित ने युवती का फोन उमेश कुमार से बात करते हुए पकड़ लिया था। युवती से काल करवाकर उमेश कुमार को मिल्कीपुर बुलवाया।वहां से उमेश को सिंधौरा चैराहा ले जाकर उसे खूब शराब पिलाई उसके बाद सुमित चैहान ने अपने साथी जगदीप कनौजिया के साथ मिलकर उमेश का गला दबाकर हत्या कर दिया था। जगदीप के भाई की मोटर साइकिल से पेट्रोल निकाल शव को जंगल में जला दिया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी यश तिवारी ने बताया की काफी प्रयास के बाद उमेश की हत्या करने वाले सुमित चैहान पुत्र संतराम जगदीप कनौजिया पुत्र शोभनाथ निवासी सिधौरा को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों हत्यारोपियों को जेल भेज दिया गया। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## दीक्षांत में 114 स्वर्णपदक एवं 170 पीएचडी उपाधियां प्रदान की जायेगी

अयोध्या।डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। इस समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को एमजीआईईपी, महात्मा गांधी शांति एवं सतत विकास शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के चैयरमैन प्रो0 भगवती प्रकाश शर्मा होंगे। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी रहेगी। कार्यक्रम का स्वागत कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा किया जायेगा।इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा कुल 114 स्वर्णपदक सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रदान किए जायेंगे। जिसमें विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की दो लाख 218 उपाधियां डिजिलाकर में अपलोड होगी। वहीं दीक्षांत समारोह में 170 पीएचडी उपाधि प्रदान की जायेगी।

## माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक



बहराइच। माध्यमिक शिक्षा विभाग में प्रोजेक्ट अलंकार योजना अन्तर्गत राजकीय विद्यालय भवनों का निर्माण एवं मरम्मत, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्ष कक्षों तथा मल्टीपर्पज हाल के प्रगति की समीक्षा हेतु कार्यदायी संस्थाओं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, यूपी सिडको, सीएण्ड डीएस व यूपी पीसीएल के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला विद्यालय निरीक्षण व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि सभी अनारम्भ कार्यों को प्रत्येक दशा में 15 दिवस में आरम्भ कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित का वेतन बाधित करने की कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को यह भी निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों के सत्यापन का कार्य जिन अधिकारियों के स्तर पर लम्बित हैं या जिनके द्वारा अभी तक सत्यापन आख्या उपलब्ध नहीं करायी गई ऐसे अधिकारियों के वेतन बाधित करने से सम्बन्धित पत्रावली उनके सम्मुख प्रस्तुत की जाय। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए डीएम ने सीडीओ को निर्देश दिया कि समय-समय पर कार्य स्थल का निरीक्षण करते रहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह, अधि.अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत कुमार सिन्हा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## फरियाद हुई बेकार , जाम की समस्या जस की तस



सोहावल-अयोध्या।हर दिन लगने वाले जाम की समस्या से सोहावल उबर नहीं पाया।जिलाधिकारी से लेकर मुख्य मंत्री तक सामाजिक संगठनों, सभासदों और इलाकाई जागरूक लोगों ने गुहार की अपनी शिकायत से अवगत कराया। लेकिन हालात जस के तस बने रह गये ।आज तक इससे लोगों को मुक्ति दिलाने के लिए शासन प्रशासन की ओर से कोई कदम उठाया ही नहीं गया।इस जाम का शिकार न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं की एंबुलेंस होती आ रही है। अपितु तहसील से जुड़े मजिस्ट्रेट तक के वाहन फंस कर रहते हैं ।लेकिन इन अधिकारियों को जरा सा भी पीड़ा और शर्म का एहसास नहीं होता। सोहावल चैराहा और रेलवे क्रासिंग पर जाम में फंसने के डर से अब लोगों ने सुचित्तागंज जैसी व्यस्त बाजार का रास्ता तक बदल लिया है।खरीद फरोस्त करने वालों के लिए शहर जाकर लौट आना आसान है।लेकिन नगर पंचायत की इस बाजार तक जाकर लौटना भारी पड़ने लगा है।इन दोनों स्थान पर लगने वाला जाम कभी-कभी घंटा भर से ज्यादा का समय बर्बाद कर देता है।गुहार पहले समाधान दिवस पर आये नवागत जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह से भी की गयी।समाधान का भरोसा मिला लेकिन हालात नहीं बदले। सी एच सी की एंबुलेंस हो या सरकारी अधिकारी शिकार सभी इस जाम के होते आ रहे है।इलाकाई विधायक सांसद नेता सभी इसी की चपेट में आकर गुजरते है लेकिन आम आदमी की पीड़ा इन्हे महसूस नहीं होती न ही शर्म का एहसास होता है। सोमवार की शाम न्यायिक मजिस्ट्रेट का वाहन सोहावल चैराहे पर आधा घंटा जाम में फंसा रहा।चालक हूटर बजाता रहा लेकिन रास्ता नहीं मिला। अब जान पर बनने लगे इस सड़क जाम को लेकर एक सत्तारूढ़ दल के नेता जी शिकायत लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंचने की तैयारी में हैं।

## पौधरोपण अभियान में छात्र-छात्राओं ने किया पौधरोपण



अयोध्या।पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान में मंगलवार को ब्लॉक तारुन के कंपोजिट विद्यालय बेनीगद्दोपुर, कंपोजिट विद्यालय समदा, प्राथमिक विद्यालय चरांवा में में पीपल, पाकड़ और नीम के पौधों को रोपित किया गया।पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाया गया जिससे पौधों को संरक्षित रखा जा सके।विद्यालय के बच्चों द्वारा भी पौधरोपण कराया गया।जिससे पर्यावरण के संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता बढे.। इस दौरान कबड्डी संघ प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि पौधरोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेना हर व्यक्ति का दायित्व बनाता है।वृक्षों का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है।पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में वृक्षों का बड़ा योगदान रहता है। छात्रों के माध्यम से पौधे रोपित कराए गए हैं। जिससे भविष्य में वृक्ष की पर्यावरण में आवश्यकता से छात्र अवगत रहें। पर्यावरण संरक्षण के प्रति इनका लगाव बढ़े तथा इसकी देखभाल का दायित्व निभाएं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में माना जाता है कि वृक्षों की उपस्थिति नकारात्मक उर्जा को दूर करने में सहायक होती है।अध्यात्मिक दृष्टि से वृक्षों का काफी महत्व है। प्राचीन काल से हमारे ऋषि मुनि अपने शिष्यों को पौधों के धार्मिक व अध्यात्मिक महत्व बताते हुए उसे रोपित करने के लिए प्रेरित करते रहे है।इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कमलाशंकर पांडेय, ओम प्रकाश सिंह, राघवेंद्र पांडेय, देवेश तिवारी, प्रधानगण सुरेश सिंह कक्कू, अनिल कोरी व धर्मेंद्र सिंह सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

## सप्ताह भर में छुट्टा जानवरों से मिलेगी मुक्तिः भावना यादव



सोहावल अयोध्या। मुख्यमंत्री का आदेश कहें या जिलाधिकारी का विकास खण्ड के लिए कोई मायने नहीं रखता। आदेश छुट्टा जानवरों को पकड़ने को लेकर है।जिसे लेकर छुट्टा पशुओं की धड़ पकड़ का विकास मुख्यालय कागजों पर बड़े बड़े दावे कर रहा है। लेकिन सच्चाई को आवारा पशु ही स्वयं दिखा रहे है।जो हाइवे और रेलवे लाइन के किनारे अपना कब्जा कर विभाग को मुंह चिढ़ाते कहीं भी देखे जा सकते है।गत सप्ताह देवराकोट के पास लखनऊ अयोध्या रूट पर आधा दर्जन छुट्टा जानवरों की चपेट में आने से मौत हो गई।ट्रेन डिरेल होने से तो बच गई वरना सैकड़ो की जान जा सकती थी।इसके बावजूद विभाग ने सबक नहीं लिया।लाइन के किनारे बसे गांवों के आस पास ऐसे जानवरों की भरमार है। हाइवे एन एच 27 का शायद ही कोई मोड़ और फ्लाई ओवर हो जिस पर इन छुट्टा जानवरों का बसेरा न मिले।जो सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं।अपनी हर बैठक में इसे लेकर मुद्दा बनाने वाले भाकियू के प्रदेश महासचिव फरीद अहमद कहते हैं कि सारी धड़ पकड़ केवल जुबानी और कागजों पर हो रहा है।इस बार डी एम साहब को इसी पर घेरा जायेगा।सोहावल चैराहा, रौनाही थाना और तो और टोल प्लाजा तहसीनपुर अरकुना, कांटा तक हाइवे सुरक्षित नहीं है।खण्ड विकास अधिकारी भावना यादव ने कहा कि छुट्टा जानवरों को पकड़वाने का काम चल रहा है।मंगलवार को अलग-अलग गांव से 19 पशु पकड़े गये है।इन्हे गौशाला भेजा गया है।सप्ताह भर में इनसे लोगों को मुक्ति मिल जायेगी।

## संक्षेप

### 5 किग्रा. अवैध गांजा सहित 2 गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा 5 किलो ग्राम अवैध गांजे के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 2 अभियुक्तों लेखपाल पुत्र प्रताप सिंह निवासी भोडेला थाना नारखी व सोनू पुत्र ओमप्रकाश निवासी भोडेला थाना नारखी जिला फिरोजाबाद को गांजा बेचने जाते समय उखरण्ड तिराहे से नगला खंगर की तरफ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों से 5 किग्रा गांजा व एक प्लेटिना मोटरसाईकिल बरामद हुई। थाना पुलिस ने एमवी एक्ट के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की है।

### दो शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए विभिन्न स्थानों से मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले 2 शातिर मोबाइल चोरो को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी के 7 मोबाइल व घटना में प्रयुक्त 1 बाइक बरामद की है। थाना उत्तर पुलिस टीम ने राह चलते व्यक्तियों एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों से मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 2 अभियुक्तों गुलशन जाटव पुत्र ब्रजेश कुमार निवासी मौहल्ला गंज थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद व शिव सागर पुत्र चन्द जाटव निवासी मौहल्लागंज थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद को गोपाल नगर कालोनी से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों से बरामद चोरी के मोबाइल के संबन्ध में थाना उत्तर पर अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तशुदा अभियुक्तों को सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की गई है।

### एनसीसी कैडेटों को दिया प्रशिक्षण

**टूंडला।** रामसिंह महाविधालय नगला सिकन्दर में आयोजित एनसीसी प्रशिक्षण शिवर के चौथे दिन सुबह पीटी परेड, ड्रिल वेपन ट्रेनिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही एआरओ आगरा कर्नल रिशिभा शरीम ने एनसीसी के सभी कैडेटों को ऑफिसर प्रवेश परीक्षा व अग्निवीर भर्ती योजना की जानकारी दी और सभी कैडिटो को चेतना भी दी गयी कि आर्मी ज्वॉइन कराने के नाम पर ठगी से बचें। गेम परेड के दौरान खों-खों प्रतियोगिता का आगोजन हुआ इसी दौरान एडम ऑफिसर कर्नल अजय कुमार ने कैडिटों का प्रोत्साहन वर्धन किया। कार्यक्रम में भैया कमांडेंट कर्नल केके सिंह, सुबेदार मेजर सरद सिंह ट्रेनिंग जेसीओ देशराज सिंह लाखन सिंह, महेंद्र सिंह महेश सिंह, दिनेश सिंह, हे. एनओ कैप्टन आजाद अहमद, कैप्टन मनोज कुमार, लेफ्टीन्ट विमलेश सिंह, केपी सिंह और कॉलेज प्रचार्य डॉ. वीपी सिंह, कॉलेज सचिव डीपी सिंह राम सिंह महाविधालय सीटीओ सीपी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### चयन के बाद दी जायेगी पोपकॉर्न मेकिंग मशीन

**आगरा।** प्रबन्धक ग्रामोद्योग/जिला ग्रामोद्योग अधिकारी नीतू यादव ने अवगत कराते हुए कहा, कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी (ग्रामोद्योग-अनुभाग) उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ द्वारा प्रत्येक जनपद में अब 10-10 निःशुल्क पोपकॉर्न मेकिंग मशीनों हेतु भुर्जी समाज के कारीगर एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों को साक्षात्कार चयन उपरान्त वितरित की जायेगी। उन्होंने आगे यह भी बताते हुए।कहा कि जिला ग्रामोद्योग कार्यालय 60, नारायण विहार पश्चिमपुरी सिकन्दरा आगरा से फार्म प्राप्त कर आवेदन कर सकते है।

# रिफाइनरी ने इंडियन ऑयल दिवस उत्साह और भव्यता के साथ मनाया




**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी ने 65वां इंडियन ऑयल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया और सभी रिफाइनरी कर्मियों ने अपने सभी विचारों और कार्यों में राष्ट्र को प्रथम रखते हुए निगम को गौरव के शिखर पर ले जाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उत्सव की शुरूआत एमआर अस्पताल में रक्तदान के नेक काम से हुआ। कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख अजय कुमार तिवारी शिविर का उद्घाटन किया। बाद में श्री तिवारी द्वारा ऑर्गेनिक वेस्ट कन्वर्टर का उद्घाटन और बहुमंजिला डी-टाइप क्वार्टर बिल्डिंग का भूमिपूजन भी किया गया।

इस विशेष अवसर पर शपथ ग्रहण और केक कटिंग समारोह आयोजित किया गया । श्री तिवारी ने सभी उपस्थितों को हिंदी में शपथ दिलाई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभा का स्वागत करते हुए भास्कर हजारिका, सीजीएम (एचआर) ने इंडियन ऑयल की शानदार यात्रा और इस लंबी यात्रा में मथुरा रिफाइनरी के योगदान पर प्रकाश डाला।

मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ के महासचिव मुकेश शर्मा और ओफिसर्स एसोसिएशन के सचिव रवींद्र यादव ने भी शुभकामनाएं दीं और आईओसी के झंडे को ऊंचा रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर श्री तिवारी ने कहा कि इंडियन ऑयल की छह दशक लंबी यात्रा भारत के लिए एक स्वर्ण युग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इंडियन ऑयल पारदर्शिता के साथ ऊर्जा और गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करता है और खुद को एक जिम्मेदार सार्वजनिक उद्योग के रूप में स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि सभी आईओसीवासियों के लिए यह हमेशा राष्ट्र प्रथम है और हमें इस मूल मूल्य को आत्मसात करना चाहिए और अपने सभी कार्यों में इसे प्रतिबिंबित करना चाहिए। इस अवसर को मनाने के लिए, एमआर के सेवानिवृत्त यूनिट प्रमुख, जे एल रैना को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए और रिफाइनरी कर्मियों को बदलाव अपनाने और प्रगति और समृद्धि के पथ पर चलने के लिए प्रेरित किया। श्री रैना मथुरा रिफाइनरी के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक रहे हैं जिन्होंने रिफाइनरी गीत लिखा और रिफाइनरी को बंद होने के खतरों से बचाने के लिए कड़े कदम उठाए। कार्यक्रम के अंत में, धन्यवाद ज्ञापन के. गोपीनाथ, जीएम (एचआर) द्वारा प्रस्तावित किया गया। शाम को अजय कुमार तिवारी, द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान 35 साल की लंबी सेवा पुरस्कार, सुझाव योजना पुरस्कार और टीपीएम हाउसकीपिंग पुरस्कार प्रदान किए गए। क्लबों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को खूब सराहना मिली और उन्होंने इस पल को यादगार बना दिया।

### 3 मंडलों में चला किन्नरों के विरुद्ध अभियान, 59 किन्नर गिरफ्तार, 20 को भेजा जेल

**मथुरा।** रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान किन्नरों द्वारा जबरदस्ती पैसे वसूलने व परेशान किये जाने सम्बन्धी शिकायतें हाल ही में रेल सुरक्षा बल को प्राप्त हुईं, जिसे गम्भीरता से लेते हुये प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेल सुरक्षा बल अमिय नन्दन सिन्हा के दिशा-निर्देशन में 19 अगस्त से 2 सितम्बर तक उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों प्रयागराज, आगरा एवं झांसी में किन्नरों के विरुद्ध अभियान चलाया गया तथा उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गयी। उक्त अभियान में रेल अधिनियम-1989 की विभिन्न धाराओं के तहत 59 किन्नरों को गिरफ्तार किया गया जिनसे म्यायालय ने 6,900/- जुमार्ना वसूलते हुये 20 किन्नरों को जेल भेजा गया।

### श्रमिकों को दी ग्रेच्युटी

**मथुरा।** कारखाना मालिकों ने श्रमिकों को सेवा समाप्ति के पश्चात देय हितलाभ ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान नहीं करने पर श्रमिकों द्वारा सहायक श्रमायुक्त मथुरा के समक्ष वाद योजित किया गया। सहायक श्रमायुक्त द्वारा पक्षों के मध्य सुनवाई के उपरान्त निर्णय पारित करते हुए में प्रभात प्रिंटिंग प्रेस के मालिक से श्रमिक डालचंद को रु 166783/-, गिरिराज सुपारी ट्रेडर्स से जुगल किशोर को रु 107145/-एवं भोले बाबा मिल्क फूड इण्डस्ट्री छाता से।

# लूट की घटना में वांछित तीन लुटेरे गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना में वाँछित 03 शातिर लुटेरे गिरफ्तार कर कब्जे से लूट के 02 मोबाइल, 03 अवैध तमंचा मय 04 जिन्दा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 3 वांछित लुटेरे अभियुक्त अभिषेक पुत्र मनोज राठौर निवासी महताब नगर आर्य मार्डन स्कूल के पास थाना लाईनपार जिला फिरोजाबाद, प्रीत चौहान पुत्र अनिल चौहान निवासी साहू मेडिकल वाली गली महताब नगर थाना लाईनपार जिला फिरोजाबाद व रवि पुत्र हरपाल सिंह निवासी महताब नगर मैन ठार टावर वाली गली थाना लाईनपार जिला फिरोजाबाद को माल गोदाम के पास से मय लूट के 02 मोबाइल अवैध असलाह कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की है।

### दो महीने की महिला का करा दिया गर्भपात

आगरा। शहर में चल रहे स्वस्थ केदो पर अब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कड़ी नजर ।अवैध रूप से चल रहे गर्भपात केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग ने शिकंजा कसा है। आपको बता दे सोमवार की शाम को थाना ताजगंज क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा में अवैध गर्भपात केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। वहां से केंद्र चला रही महिला को पकड़ा गया। क्लीनिक से गर्भपात कराने के कई उपकरण बरामद किए गए हैं। जिला नोडल अधिकारी डा. जितेंद्र लवानियां ने बताया कि बरौली अहीर के चिकित्साधीक्षक डा. अमित पांडे ने ताजगंज क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा में अवैध गर्भपात केंद्र संचालित होने की जानकारी दी थी। उन्होंने जिला कार्डनिडर जगपाल चाहर के साथ छापेमारी की। वहां दो महीने की गर्भवती महिला मिली। उसका गर्भपात किया जा चुका था। यह केंद्र स्नेहलता नामक महिला चला रही थी। उससे पूछताछ की गयी। उसने खुद को क्षेत्र के एक बड़े अस्पताल की स्टाफ नर्स बताया। गर्भपात केंद्र से जुड़े वह कोई भी कागजात नहीं दिखा सकी। स्वास्थ्य विभाग की टीम उसके विरुद्ध थाना ताजगंज में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करा रही है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध क्लीनिक पर ताला जड़ दिया है। वहां मिले गर्भपात कराने के उपकरण, दवाएं, मशीन और अन्य सामान को जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र के झोलाछापों में हड़कंप मचा रहा। सीएमओ डॉक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव के अनुसार झोलाछाप और अवैध अस्पताल और क्लीनिक के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की की जाएगी।

### दबंगो ने बेटे के सामने ही पिता को पीटा

**आगरा।** आगरा शहर में दबंगों का बोलबाला है दबंग अपनी दबंगई दिखाने से बाज नहीं आते हर रोज ऐसी ही घटना कहीं ना कहीं देखने को मिल जाती है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां के सामने ही बेटे को बीच सड़क पर पीठ डाला ।आपको बताते चलें शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक युवक को बीच रास्ते में स्कूटी टकराने के बाद रंगबाजों ने बेरहमी से पीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है ।कि कैसे युवक को सड़क पर गिराकर उसकी पिटाई लगाई जा रही है। यह घटना रविवार रात को लोहामंडी के रहने वाले युवक के साथ हुई। जब वह अपने चार साल के बेटे के साथ स्कूटी से जा रहे थे। मारुति एस्टेट रोड पर उनकी स्कूटी बगल में चल रहे युवक से टकरा गई। जिसके बाद विवाद हो गया। रंगबाजों ने अपने रंगबाजी और दबंगई दिखाते हुए। युवक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई लगाने लगे। सड़क पर गिराकर उसकी जमकर पिटाई लगाई गई। राहगीर बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। युवक के बेहोश होने पर उसे छोड़ कर रंगबाज चले गए। इस घटना के दौरान युवक के साथ चार साल का बेटा था, जो अपने पिता को बचाने के लिए रोता रहा। उसने रंगबाजों से अपने पिता को बचाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने बचाने के लिए आए लोगों को भी पीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और वीडियो से कार के नंबर के आधार पर पिटाई लगाने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है।

## घर-घर लगेंगे साढ़े तीन लाख स्मार्ट मीटर

**मथुरा।** जनपद में नए स्मार्ट मीटर लगने कार्य शुरू हो गया है। साढ़े तीन लाख घर नए स्मार्ट मीटर से जगमग होंगे। घरों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद गलत बिलिंग की दिक्कत खत्म हो जाएगी। बिजली चोरी पर भी अंकुश लगेगा। बिजली चोरी और गलत बिलिंग की दिक्कत दूर करने के लिए जिले के हर घर में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की कवायद शुरू हो चुकी है। इसके तहत निजी कंपनी प्रथम चरण में साढ़े तीन लाख कनेक्शन धारकों के घर स्मार्ट मीटर लगाने का काम करेगी। काम पूरा होने के बाद उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी। निगम अधिकारियों को बिजली का मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। स्मार्ट मीटर के साथ कई स्थानों पर नए फीडर और ट्रांसफॉर्मर भी लगाए जाने हैं। आरडीएसएस योजना (रिवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) के तहत प्रथम चरण में शहर में 84 हजार नए स्मार्ट मीटर लगने हैं। स्मार्ट मीटर में सिम कार्ड लगे हैं। जिसकी मदद से विभागीय अधिकारी उपभोक्ता का ऑनलाइन डाटा चेक कर सकेंगे। अधीक्षण अभियंता सुरेश चंद रावत ने बताया कि पूर्व में शहरी क्षेत्र में 78 हजार स्मार्ट मीटर लगाए गए थे। इन मीटरों की बिलिंग ऑनलाइन की जाती है। बकाएदारी होने पर कार्यालय से ही उपभोक्ता का कनेक्शन बंद कर दिया जाता है। सितंबर माह से शहरी क्षेत्र में 84 हजार नए स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। आगामी दो महीनों को काम पूरा कर लिया जाएगा। अधीक्षण अभियंता (टेस्ट) अभिषेक मिश्रा ने बताया कि इस योजना के तहत लगभग सभी उपभोक्ताओं के घर पर स्मार्ट मीटर लगने हैं। देहात क्षेत्र में सबसे पहले स्मार्ट मीटर को फीडर और ट्रांसफॉर्मर पर लगाया जाएगा। इसके बाद स्मार्ट मीटर अधिक लाइन लॉस वाले इलाकों में लगाए जाएंगे। इस प्रक्रिया से बिजली खपत की सही जानकारी मिल पाएगी। हर उपभोक्ता का हिसाब किताब एक क्लिक पर अधिकारियों के सामने आ जाएगा। अधीक्षण अभियंता विजय मोहन खेड़ा ने बताया कि औरंगाबाद उपकेंद्र क्षेत्र में नए स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। काफी संख्या में उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। जबकि शेष उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता एमपी सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र में अभी स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू नहीं हुआ है। जल्दी ही कनेक्शन धारक उपभोक्ताओं के घर पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू किया जाएगा।

# विज्ञान प्रदर्शनी में रजत पदक विजेता को टेबलेट प्रदान कर किया सम्मानित



फिरोजाबाद। सिविल लाइन दबरई जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक सोनवीर सिंह राठौर ने छात्र अक्षांस शर्मा को 50 वीं राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी के राज्य स्तर पर अपने उपविषय खेल खेल में गणित विषय पर जूनियर संवर्ग में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त होने एवं रजत मेडल जीतने पर उन्हें राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान प्रयागराज द्वारा प्रदान टेबलेट, मेडल पहनाकर, शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि अक्षांस शर्मा ने 50 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में अपने विषय मे द्वितीय स्थान प्राप्त करके जनपद फिरोजाबाद का नाम सम्पूर्ण प्रदेश में रोशन किया था। जिसमें उनके मार्गदर्शक शिक्षक संजय शर्मा का विशेष योगदान रहा था।जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार के अंतर्गत राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान प्रयागराज द्वारा एक टैबलेट भेजा गया था, जिसे अक्षांस शर्मा को प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने जनपद के समस्त विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि अपने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को विज्ञान की सभी गतिविधियों जैसे इन्सपायर अवार्ड मानक योजना, विद्यार्थी विज्ञान मंथन, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आदि में प्रतिभाग कराकर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करें। इस अवसर पर संजय शर्मा, अरविन्द शर्मा, कौशलेंद्र मिश्रा, रक्षपाल सिंह, प्रेम सिंह, महीपाल सिंह, महक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# बहनोई की हत्या कर शव बंबा में फेंकने वाले को किया गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा अपने ही बहनोई की हत्या कर शव को बम्बा में फेंकने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 30.08.2024 को प्रातः थाना जसराना मे सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम प्राणपुर रोड पर बनी पुलिया के नाले में भरे पानी में एक अज्ञात पुरूष मृत अवस्था मे पडा हुआ है । सूचना के आधार पर मौके पर उच्चाधिकारीगण व थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुये शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल फिरोजाबाद भेज दिया गया एवं शव की शिनाख्त हेतु 02 टीमों का गठन कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अज्ञात शव की पहचान हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। जिसके फलस्वरूप अज्ञात शव की शिनाख्त नदीम पुत्र नसीब अली निवासी ग्राम कौड़रा थाना एका फिरोजाबाद के रूप हुई । घटना के आधार पर थाना जसराना पर बनाम अज्ञात मुकदमा पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग में विवेचना के दौरान प्रभावी पतारसी सुरागरसी से मृतक के साले मुसकीन पुत्र सत्तार निवासी प्राणपुर थाना जसराना एवं मृतक के दोस्त हीरा पुत्र नामालूम निवासी प्राणपुर थाना जसराना का नाम प्रकाश में आए। थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त मुसकीन पुत्र सत्तार को कटैना हर्षा के पास से गिरफ्तार किया गया। तथा वांछित अभियुक्त हीरा की गिरफ्तारी हेतु 02 टीमें गठित कर प्रभावी दबिश दी जा रही है। पूछताछ में अभियुक्त मुसकीन द्वारा बताया गया कि मृतक नदीम शराब पीकर उसकी बहन से मारपीट करता था,जिस कारण मुसकीन ने हीरा के साथ मिलकर प्राणपुर रोड पर बने नाले के पानी मे डूबा कर नदीम की हत्या कर दी। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## नगर आयुक्त के समक्ष पार्षदों और आम जनता ने रोया दुखड़ा

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** वृंदावन नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त ने संभव दिवस में फरियादों की समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारण के आदेश दिए। करीब दो दर्जन आई शिकायतों में से कई शिकायत का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त शशांक चैधरी को मधुबन कॉलोनी के निवासियों द्वारा सड़क सीवर आदि की समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया।

नगर आयुक्त ने प्राथमिकतापूर्वक सीवर डालने जाने और सीवर की समस्या हेतु अधिकारियों को तत्काल आदेश दिए । इसी दौरान स्थानीय पार्षदों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। इस पर नगर आयुक्त ने निर्णय लिया गया कि वार्ड वाइज सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जायेगा तथा वार्डो में तत्काल सफाई व्यवस्था हेतु क्यूआरटी टीम भी बनाई गयी है। क्यूआरटी टीम प्रत्येक वार्ड में दो-दो दिन सफाई से सम्बन्धित कार्यो का सम्पादन करेगी।

जन सुनवाई के दौरान मुकेश सारस्वत (उपसभापति) सुमित गौतम (पार्षद) शशांक शर्मा (पार्षद) घनश्याम चैधरी (पार्षद) श्रीमती मंजू (पार्षद) श्रीमती माधवी बघेल (पार्षद) अनुज कौशिक (सहायक नगर आयुक्त) रिजवान अहमद (अधिशासी अभियन्ता सिविल) रामकैलाश (अधिशासी अभियन्ता जल) महेश वर्मा (जोनल सेनेटरी अधिकारी) नन्दकिशोर (सहायक अभियन्ता जल) अरूण कुमार (अवर अभियन्ता सिविल) राजेश रावत लिपिक आदि उपस्थित रहें।

# असामाजिक तत्वों ने दाऊजी की प्रतिमा की क्षतिग्रस्त, लोगों में आक्रोश



**मथुरा।** बलदेव दाऊजी की नगरी में पुराने बस स्टैंड पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर स्थापित दाऊजी महाराज की मूर्ति रविवार रात क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि असामाजिक तत्वों ने यह कृत्य किया है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष बंदरों के उत्पात को इसका कारण बता रहे हैं। पुराने बस स्टैंड पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर जिला प्रशासन ने दाऊजी महाराज की मूर्ति जून 2023 में स्थापित कराई थी। इसे रविवार रात असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सोमवार सुबह मूर्ति के हाथ व हल मूसल टूटे मिले। जानकारी मिलते ही लोग आक्रोशित हो उठे। इसके बाद नगर पंचायत कर्मियों ने मूर्ति को कपड़े से ढंकवा दिया। सोनू बौहरे, जमुना पांडेय, ज्ञानेंद्र पांडेय, कन्हैया पांडेय, ब्रजेश पांडेय, खूबीराम पांडेय, उमेश पांडेय, रजनी बाबू, रामनिवास, अशोक कुमार, गुड्डू पांडेय ने शीघ्र नई मूर्ति स्थापित कराने की मांग की है। ऐसा न होने पर नगर पंचायत कार्यालय पर धरना देने की बात कही है। वहीं नगर पंचायत की सबसे बड़ी लापरवाही का आरोप लगाया है कि एक साल से अधिक समय में इसकी सुरक्षा के लिए जाली नहीं लगाई गई। वहीं चेयरमैन डॉ. मुरारी लाल अग्रवाल ने बताया कि बंदरों की आपस में हुई लड़ाई में मूर्ति क्षतिग्रस्त हुई। मूर्ति को कपड़े से ढंकवा दिया गया है। शीघ्र ही मूर्ति की स्थापना कराई जाएगी।

## परिजनों के चीखने पर बच्ची को छोड़कर भागा दरिंदा

**आगरा।** आगरा शहर की ताज नगरी में पनप रहे बहसी दरिंदे। पहले भी ऐसी कई वारदात हो चुकी है। ताजनगरी क्षेत्र में मासूम बच्चियों से लेकर युवतियों और महिलाओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं के बढ़ते ग्राफ ने हर किसी को चिंतित एवं झकझोर के रख दिया है। कड़े कानूनों और सख्त सजा के प्रावधान के बावजूद घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। बताया जा रहा है कि बीते रविवार की रात्रि, थाना सिकंदरा क्षेत्र के गांव में हुई घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। दलित बस्ती में किराए के मकान में रहने वाले मजदूर परिवार की छह वर्ष की बेटी, रात्रि में अपने पिता के साथ चारपाई पर सो रही थी। पास ही बच्ची की मां जमीन पर सो रही थी। देर रात्रि अचानक बच्ची के पिता की आंखें खुली गई तो बगल में सो रही अपनी बेटी के गायब होने पर बच्ची के पिता के उसके होश उड़ गए। तुरंत पत्नी को जगाकर बच्ची के बारे में पूछा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। दंपति ने मिलकर बच्ची की खोजबीन में घर के बाहर जैसे ही चीखना शुरू किया। सीखना चलाने की आवाज जब पड़ोसी कानों में पड़ी तो अचानक पड़ोस का ही एक युवक बच्ची को छोड़कर भाग निकला। बताया जा रहा है। कि बच्ची को उठा ले जाने के दौरान ही युवक घर में रखे पर्स में से ?2 हजार की नकदी भी निकाल ले गया था। घटना के बाद बच्ची के परिजन पुलिस के पास तहरीर देने पहुंचे। संबंधित चौकी पुलिस ने तहरीर में नामजद युवक को पकड़कर चौकी पर बिठा लिया। इस प्रकरण में सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है। कि आरोपी युवक को पूरे दिन चौकी पर बिठाने के बाद अज्ञात कारणों से छोड़ दिया गया। यह काफी गंभीर मसला है। उधर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में भी बच्ची की मां घटना को बयां कर रही है। यह घटना हवा की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई और प्रकरण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# डीएम-सीडीओ ने किया बालिका छात्रावास का निरीक्षण

- डीएम की अध्यक्षता में गठित जनपदीय समिति की बैठक आयोजित




**फिरोजाबाद।** बेसिक शिक्षा परिषद के अन्तर्गत संचालित परिषदीय विद्यालयों के समायोजन हेतु सरप्लस शिक्षकों द्वारा दर्ज करायी गयी आपत्तियों के निस्तारण हेतु डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गठित जनपदीय समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें उपाध्यक्ष के रूप में सीडीओ एवं सदस्य के रूप में उपशिक्षा निदेशक, प्राचार्य, डायट व वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा तथा सदस्य सचिव के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में सरप्लस शिक्षकों द्वारा प्राप्त कुल 78 आपत्तियों में से शासनादेश के अनुरूप पाई गई। बैठक में आपत्तियों को स्वीकार करने एवं शासनादेश के विपरीत प्राप्त होने वाली आपत्तियों को अस्वीकार करते हुए निस्तारण की कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

इसके पश्चात डीएम रमेश रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, नगर क्षेत्र फिरोजाबाद एवं नवनिर्मित उच्चीकृत बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय विद्यालय में समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। विद्यालय में पंजीकृत 100 छात्राओं के सापेक्ष 92 छात्राएं उपस्थित पायी गयीं। निरीक्षण के समय छात्राऐं दोपहर का भोजन करती हुई पायी गयी। छात्राओं को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन का वितरण किया गया। उन्होने छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति, रसोई घर की साफ-सफाई सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होने केजीबीवी में स्थापित कम्प्यूटर लैब, छात्राओं के शयन कक्ष का भी निरीक्षण किया, जिसकी व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए चोकलेट का वितरण किया। बार्डेन से छात्राओं को दी जाने वाली दैनिक सामग्री के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। डीएम व सीडीओ ने नवीन निर्मित उच्चीकृत बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया तथा बालिकाओं हेतु आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए छात्रावास संचालित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये। साथ ही बालिकाओं हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से फर्म द्वारा उपलब्ध कराये गये नमूने फर्नीचर में बैड, डायनिंग टेबिल, डायिनंग बैंच, डेस्क बैंच, एलईडी टीवी, म्यूजिक सिस्टम, फ्रिज, आरओ वाटर कूलर, बच्चों के भोजन हेतु बर्तन व स्पोर्ट्स किट आदि का सत्यापन किया गया।

## उधार सामान न देने पर दबंगों ने दुकानदार को लाठी डंडों से पीटा

आगरा। एक दुकानदार को उधार सामान ना देने को लेकर दबंगों ने दुकानदार के साथ मारपीट कर दी। मामला कुछ इस प्रकार है। खंदौली कस्बे के पड़ाव चौराहा पर सोमवार को सामान उधार देने से इनकार करने पर दबंगों ने दुकानदार से जम कर मारपीट कर की। दुकानदार को बचाने आए उसके भतीजे और एक अन्य युवक को भी पीटा। पीड़ित बहुत डरा हुआ है कुछ लोगों की सलाह के बाद हिम्मत जुटा पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाना खंदौली में तहरीर दी है। सतीश कुमार निवासी नगला लोधा मौजा सैमरा ने पुलिस को बताया कि उसकी कस्बा के पड़ाव चौराहे स्थित टी.एस मार्केट में मां वैष्णो मोबाइल सेंटर नाम से दुकान है। आरोप है कि बुर्ज पेंतखेड़ा निवासी युवक उसकी दुकान पर आया।दुकानदार ने जब सामान के पैसे मांगे तो युवक ने इनकार कर दिया। युवक ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। लाठी- डंडा लेकर दबंगों ने दुकानदार हामला बोल दियाऔर जमकर मारपीट की।

संक्षेप

## एमजी विंडसर 11 को होगी लॉन्च

नई दिल्ली।जेएसडब्ल्यूएमजी मोटर इंडिया ने आज एक वीडियो रिलीज कर अपनी बहुप्रतीक्षित और ब्रांड न्यू एमजी विंडसर, जो भारत का पहला इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटीलिटी व्हीकल है, के 'एयरोग्लाइड' डिजाइन के बारे में खुलासा किया है। यह अल्ट्रामॉडर्न डिजाइन बेहतर शिल्प कौशल के साथ एडवांस्ड एयरोडायनामिक्स को सहजता से एकीकृत करता है, जो ड्राइविंग अनुभव को कम्फर्ट और उत्कृष्टता के नए स्तर पर ले जाता है, जिससे बिजनेस क्लास यात्रा का अनुभव मिलता है। एयरोग्लाइड डिजाइन, एयरोडायनामिक्स में उत्कृष्ट कला का प्रतीक है, जिसे बहुत सावधानी से तैयार किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एमजी विंडसर में हर यात्रा सहज और विलासिता से परिपूर्ण हो।

## कैम्पेन स्पेक्टेकुलर सऊदी लॉन्च

नई दिल्ली। आज सऊदी के राष्ट्रीय पर्यटन ब्रैंड सऊदी वेलकम टू अरेबिया ने भारतीयों के लिये अपना पहला उपभोक्ता कैम्पेन स्पेक्टेकुलर सऊदी लॉन्च किया है। प्राचीन कहानियों और आधुनिक चमत्कारों के एक दिलचस्प संगम के साथ यह कैम्पेन सऊदी का वह पहलू दिखाता है, जो सभी उम्मीदों से बढ़कर है। स्पेक्टेकुलर सऊदी हमारे देश में अंग्रेजी में लॉन्च हो रहा है। यह दर्शकों को सऊदी की सुनहरी रेत, शांत जलाशयों और असीम आकाश की एक दिलचस्प यात्रा पर लेकर जाता है।

## ऑल इंडिया के-पॉप कॉन्टेस्ट 2024 के क्षेत्रीय विजेता की घोषणा

लखनऊ। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने लखनऊ में आयोजित अपने ऑल इंडिया के-पॉप कॉन्टेस्ट 2024 के क्षेत्रीय दौर के विजेताओं की घोषणा की है। ये विजेता, कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया (केसीसी) के सहयोग से लखनऊ क्षेत्र के लिए आयोजित ऑनलाइन ऑडिशन से चुने गए थे। भारतीय युवाओं के बीच के-पॉप के प्रति असीमित प्रतिभा और जुनून देखकर रोमांचित हैं। एलजी द्वारा प्रस्तुत ऑल इंडिया के-पॉप कॉन्टेस्ट 2024 एक विशाल मंच के रूप में विकसित हो चुका है, जो सांस्कृतिक आदान-प्रदान और कलात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देता है।

## मिवी ने लॉन्च किया सुपरपॉड्स ओपेरा

मुम्बई। मिवी ने अपने नवीनतम ट्रू वायरलेस स्टीरियो ईयरबड्स, ओपेरा सीरीज का लॉन्च किया है–जो सुपरपॉड्स लाइन की तीसरी पीढ़ी है। यह नई सीरीज उच्च गुणवत्ता वाले ध्वनि के लिए एक नई मापदंड स्थापित करती है और मिवी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि मिवी जापान ऑडियो सोसाइटी द्वारा हाई-रेज वायरलेस ऑडियो प्रमाणन प्राप्त करने वाला पहला भारतीय ब्रांड बन गया है। ऐसा उत्पाद बनाने का लक्ष्य रखा था जो न केवल असाधारण ध्वनि गुणवत्ता प्रदान करता हो, बल्कि मिवी की नवाचार और गुणवत्ता की भावना को भी संजोए।

## एसएमएफजी इंडिया ने खोली 1000वीं शाखा

नई दिल्ली। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कं. लि. ने वाशी, नवी मुंबई में अपनी 1000वीं शाखा खोलने की घोषणा की है। यह ऐतिहासिक घटना देश भर में अपने पदचिन्हों का विस्तार करने और कम पहुंच वाले बाजारों में वित्तीय सेवाएं लाने के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करने के लिए, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने इंडिया पोस्ट के साथ मिलकर एक विशेष कवर और माई स्टैम्प जारी किया है।

## डब्लूयूडी और युनिवर्सिटी ऑफ हडर्स फील्ड को मिला 4 करोड़ अनुदान

नई दिल्ली। युनिवर्सिटी वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) को युनिवर्सिटी ऑफ हडर्सफील्ड (ब्रिटेन) के साथ गठबंधन में 4.4 करोड़ रुपये का अनुदान आर्ट्स एंड ह्युमैनिटीज रिसर्च काउंसिल द्वारा प्रदान किया गया है। इस अनुदान का उद्देश्य एक नये ज्ञान और संस्कृति के आदान प्रदान का प्रसार करना है। इस परियोजना का लक्ष्य भारत और ब्रिटेन में डाक घर संस्कृति की जांच परख के लिए एक रचनात्मक स्थल आधारित स्कैनिंग दृष्टिकोण अपनाना और अंग्रेजों के जमाने की अत्याधुनिक वास्तुशिल्पीय प्रौद्योगिकी के पहलुओं का परीक्षण करना है जिससे यह पता लगाया जा सके कि भारत में डाकघर भवनों का भविष्य में कैसे उपयोग किया जा सकता है। यह परियोजना दिसंबर, 2026 तक चलेगी और इसमें लंदन का पोस्टल म्यूजियम और इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्टएंड कल्चरल हेरिटेज भी शामिल होंगे।

# सेंसेक्स और निफ्टी रहा स्थिर



मुंबई। रिकॉर्ड तेजी के सिलसिले के बाद बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मंगलवार को सुस्त कारोबार के बीच लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। निफ्टी में लगातार 14वें कारोबारी सत्र में तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में 10 दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और यह 4.40 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,555.44 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 159.08 अंक तक टूट गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में लगातार 14वें दिन तेजी रही और यह 1.15 अंक की मामूली बढ़त के साथ 25,279.85 अंक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक और टाटा मोटर्स सबसे ज्यादा नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, टाइटन, नेस्ले और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख और किसी ठोस संकेत के अभाव में... घरेलू बाजार स्थिर रहा। विनिर्माण गतिविधियों में नरमी को लेकर निवेशक थोड़े सतर्क दिखे। विनिर्माण गतिविधियों में नरमी मांग में सुस्ती को दर्शाती है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार के दौरान गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को श्रम दिवस के मौके पर बंद रहे।हल्के कारोबार में बाजार स्थिर बंद हुआ। एशिया और यूरोप के बाजारों में कमजोर संकेत के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। साथ ही, हाल की तेजी के बाद निवेशक आगे की बढ़त को लेकर थोड़े सतर्क दिखे। छोटी कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.54 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सूचकांक 0.19 प्रतिशत के लाभ में रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 1,735.46 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.13 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# सुरंग निर्माण के संयुक्त उद्यम में विदेशी कंपनी को 51 प्रतिशत हिस्सेदारी देने के पक्ष में हैं गडकरी



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को सुरंग निर्माण और कार्य की गुणवत्ता में सुधार के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने वाले संयुक्त उद्यमों में विदेशी भागीदारों या कंपनियों को 51 प्रतिशत हिस्सेदारी देने का समर्थन किया।

गडकरी ने कहा कि संयुक्त उद्यम में विदेशी भागीदारों को बहुलांश हिस्सेदारी दिया जाना यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि केवल गंभीर और प्रौद्योगिकी रूप से सक्षम कंपनियां ही सुरंग परियोजनाओं के लिए बोली लगाएं। गडकरी ने मजाकिया लहजे में कहा कि कुछ सुरंग परियोजनाओं में यूरोपीय कंपनियां उन भारतीय फर्मों को भी साझेदार बनाती हैं जिनके पास खानपान सेवाएं या ब्यूटी पार्लर हैं। परिवहन मंत्री ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि मैं गंभीरता से यह महसूस करता हूं कि डीपीआर बनाने और सुरंगों के निर्माण के लिए बने संयुक्त उद्यम में विदेशी साझेदारों के पास 51 प्रतिशत हिस्सेदारी होनी चाहिए। भारतीय कंपनियों के लिए 49 प्रतिशत हिस्सेदारी छोड़ देनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि काम ठीक से हो। इसके साथ ही गडकरी ने कहा कि परियोजनाओं के लिए प्रौद्योगिकी और वित्तीय मापदंड उदार होने चाहिए लेकिन ऐसा गुणवत्ता की कीमत पर नहीं हो। उन्होंने कहा किमुझे शायद दोषी शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए लेकिन मैं यह करूंगा। डीपीआर निर्माता सुरंगों के निर्माण के दौरान निगरानी की कमी के दोषी हैं जिसके कारण अक्सर भूस्खलन होता है जो भारत में सालाना बढ़ रहा है। गडकरी ने कहा कि उत्तराखंड और अन्य हिमालयी क्षेत्रों में लगातार भूस्खलन के मुद्दों से निपटने के लिए एक स्थायी समाधान खोजने की जरूरत है। इसके साथ ही गडकरी ने लॉजिस्टिक लागत करने की जरूरत पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि अगर हम अपनी लॉजिस्टिक लागत को नौ प्रतिशत तक कम कर सकते हैं तो हमारे निर्यात में 1.5 गुना वृद्धि होगी। आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च का अनुमान है कि भारत में लॉजिस्टिक लागत 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.8 प्रतिशत से 8.9 प्रतिशत के बीच थी।

# रुपया पांच पैसे गिरा



मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती के रुख और विदेशी बाजारों में अपने प्रमुख प्रतिद्वन्द्वी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ 83.96 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने रुपये की गिरावट पर कुछ अंकुश लगाया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.94 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला और दिन में कारोबार के दौरान 83.94 से 83.98 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार के बाद अंत में 83.96 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से पांच पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया 83.91 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। एशियाई मुद्राओं के अनुरूप रुपया 83.97 के अपने समर्थन स्तर से नीचे आ गया है, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपये में आगे की गिरावट से बचाव के लिए इसे 83.97 पर बनाए रखा। एफपीआई और पेट्रोलियम कंपनियों की अच्छी मात्रा में धन निकासी से रुपया 83.97 के सर्वकालिक निचले स्तर के करीब पहुंच गया।

## डिजिटल पेमेंट का उपयोग कर रहे हैं 75 प्रतिशत लोग

नोएडा। राजधानी में मध्यम स्तर के अन्य भारतीय शहरों में डिजिटल पेमेंट तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। कियर्नी इंडिया और अमेजन पे इंडिया के हाउ अर्बन इंडिया पेज के ताजा निष्कर्षों में सामने आया है कि, देश के बड़े शहरों में लगभग 75 प्रतिशत लोग डिजिटल पेमेंट का उपयोग कर रहे हैं, इसकी तुलना में मध्यम शहरों में कुल लेन-देन में डिजिटल पेमेंट का हिस्सा लगभग 65 प्रतिशत हो गया है। पेमेंट यह तरीका ग्राहकों के व्यवहार में आए एक बड़े बदलाव को प्रदर्शित करता है। 120 शहरों और 6,000 से अधिक ग्राहकों और 1,000 से अधिक कारोबारियों पर किया गया।यह रिपोर्ट डिग्री ऑफ डिजिटल पेमेंट यूसेज (डीडीपीयू) के बारे में बताती है। डीडीपीयू एक मानक है।

# विश्व बैंक ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर सात प्रतिशत किया



नयी दिल्ली। विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि दर के अनुमान को 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। कृषि क्षेत्र में सुधार और ग्रामीण मांग में तेजी की वजह से विश्व बैंक ने वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है।

यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अनुमानों के अनुरूप है। दोनों बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसियों ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत किया है। आर्थिक समीक्षा के अनुसार, 2024-25 में देश का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.5 से सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। विश्व बैंक ने इससे पहले जून में अनुमान लगाया था कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। उसने अब इसे 0.4 प्रतिशत बढ़ा दिया है। विश्व बैंक के वरिष्ठ अर्थशास्त्री रैन ली ने कहा कि मानसून में सुधार, निजी खपत और बढ़ते निर्यात के दम पर भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को ऊपर की ओर संशोधित किया जा रहा है। विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) रिपोर्ट में कहा, दक्षिण एशिया क्षेत्र का बड़ा हिस्सा.. भारत की वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया, चुनौतीपूर्ण बाहरी परिस्थितियों के बीच विश्व बैंक को उम्मीद है कि भारत का मध्यम अवधि का दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर सात प्रतिशत तक पहुंचने और वित्त वर्ष 2025-26 तथा 2026-27 में मजबूत रहने का अनुमान है। इसमें कहा गया, मजबूत राजस्व वृद्धि और आगे राजकोषीय समेकन के साथ ऋण-जीडीपी अनुपात वित्त वर्ष 2023-24 में 83.9 प्रतिशत से घटकर 2026-27 तक 82 प्रतिशत पर आने का अनुमान है। चालू खाते का घाटा (कैड) वित्त वर्ष 2026-27 तक सकल घरेलू उत्पाद के ।-1.6 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है।

विश्व बैंक के भारत में निदेशक ऑगस्ते तानो कोउमे ने कहा कि भारत की मजबूत वृद्धि संभावनाओं के साथ-साथ घटती मुद्रास्फीति दर से अत्यधिक गरीबी को कम करने में मदद मिलेगी।

# सोने और चांदी में रही गिरावट



नयी दिल्ली। दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 250 रुपये टूटकर 85,250 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अतिरिक्त, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना 2,531.40 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 3.80 डॉलर प्रति औंस अधिक है। मंगलवार को सोने में सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव रहा, क्योंकि अमेरिकी रोजगार बाजार के आंकड़ों से पहले व्यापारी कारोबार से अलग-थलग रहे, फेड की ब्याज दर में कटौती की राह को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चांदी 1.81 प्रतिशत गिरकर 28.62 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई।

## मेकमाईट्रिप ने जारी की रिपोर्ट हाऊ इंडिया ट्रैवल्स अबरोड

नई दिल्ली। मेकमाईट्रिप ने जून, 2023 से मई की अवधि के लिए अपनी रिपोर्ट हाऊ इंडिया ट्रैवल्स अबरोड को जारी किया इस रिपोर्ट में मेकमाईट्रिप प्लेटफॉर्म पर की गई सर्च और बुकिंग के आधार पर भारतीयों के विदेश यात्रा व्यवहार, महत्वपूर्ण वृद्धि के रुझानों और उभरते गंतव्यों के बारे में बताया गया है। रिपोर्ट में खर्च योग्य आय में बढ़ोतरी वैश्विक संस्कृतियों तक बेहतर संपर्क, और यात्रा करने में बढ़ती आसानी के साथ अब अधिक भारतीय अवकाश के साथ ही साथ बिजनेस के लिए अलग घरेलू और इंटरनेशनल दोनों गंतव्यों की खोज कर रहे हैं हमारे आंकड़े नए गंतव्यों की सर्च के लिए बढ़ते आत्मविश्वास और अलग व लग्जरी अनुभव हासिल करने की इच्छा की पुष्टि करते हैं जिसकी वजह से ट्रैवल इंडस्ट्री में भी बदलाव आ रहा है।

# असम में पीएम-किसान योजना के कार्यान्वयन में मिलीं खामियां : कैग

गुवाहाटी। असम में केंद्र की प्रमुख प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना का कार्यान्वयन समस्याओं से ग्रस्त रहा है। इस योजना के तहत 35 प्रतिशत आवेदक इसका लाभ पाने के लायक नहीं पाए गए और इन गैर-हकदार लाभार्थियों को जारी की गई धनराशि का मात्र 0.24 प्रतिशत ही वसूला गया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में इस तथ्य का खुलासा हुआ है। दिसंबर, 2018 से मार्च, 2021 तक योजना के निष्पादन अंकेक्षण (ऑडिट) में पाया गया कि राज्य के 41,87,023 आवेदनों में से 10,66,593 (25 प्रतिशत) को पीएम-किसान पोर्टल और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली द्वारा खारिज कर दिया गया था। इसके बाद, राज्य सरकार ने मई-जुलाई, 2020 के दौरान पूरे राज्य में की गई जांच के माध्यम से घोषित किया कि 31,20,430 लाभार्थियों में से 11,72,685 (37 प्रतिशत) अपात्र थे।

# सिंजेंटा ने की आई राइज पहल की शुरूआत

नईदिल्ली। सिंजेंटा के ग्लोबल सीईओ ने भारत में कृषि के क्षेत्र में हो रही उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की। भारत की प्रगतिशील नीतियों, नवाचार और तकनीक के उपयोग से देश एक वैश्विक कृषि शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। उन्होंने ये बातें सोमवार को नई दिल्ली में सिंजेंटा इंडिया की महत्वाकांक्षी पहल आई राइज की शुरूआत करते हुए कही। इसका उद्देश्य एक लाख से अधिक ग्रामीण युवाओं को कृषि से संबंधित विभिन्न आजीविका के अवसरों के लिए प्रशिक्षित करना है। आठ सतत विकास लक्ष्यों को ध्यान में रख कर तैयार आई-राइज का विवरण देते हुए रो ने कहा, यह पहल भारत में ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा देगी। इस कार्यक्रम का फोकस कृषि के क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण और जुड़ाव प्रदान करना है।

## ऑस्ट्रेलिया इण्डिया यूथ डायलॉग में साझा मुद्दों पर हुई चर्चा

मुम्बई। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आपसी संबंधों को बढ़ावा देने और मजबूती प्रदान करने के लिये आयोजित हुये आस्ट्रेलिया इण्डिया यूथ डायलॉग कार्यक्रम में दोनों देशों के युवा लीडर्स एकत्रित हुये और विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों के साझा मुद्दों पर चर्चा की। राजनीति, खेल, विज्ञान, चिकित्सा, अर्थशास्त्र, मीडिया, कला जैसे अन्य व्यापक क्षेत्रों से जुड़े भारत और आस्ट्रेलिया के डेलीगेट्स में शामिल युवा सदस्यों को सिडनी यूनिवर्सिटी में हुये इस डायलॉग के समापन कार्यक्रमों के एक प्रमुख प्रायोजक और मेजबान होने के नाते यूनीवर्सिटी ने रचनात्मकता, नेतृत्व और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के विषयों का पता लगाने के लिए एक शानदार प्लेटफॉर्म दिया। यह आयोजन ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच साझेदारी को मजबूत करने का बड़ा ही कीमती मौका था।

## पेज एक का शेष

### भारत की

सिंगापुर के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी, विशेष रूप से उन्नत विनिर्माण, डिजिटलीकरण और सतत विकास के नये एवं उभरते क्षेत्रों में हमारी साझेदारी को और गहरा करने के लिए चर्चा की उम्मीद करता हूं। मोदी ने कहा दोनों देश (सिंगापुर और ब्रुनेई) हमारी एक्टईस्ट नीति और हिंद-प्रशांत के लिए दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण भागीदार हैं। मुझे विश्वास है कि मेरी यात्राओं से ब्रुनेई, सिंगापुर और वृहद आसियान क्षेत्र के साथ हमारी साझेदारी और मजबूत होगी। सिंगापुर दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन आसियान में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। यह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रमुख स्रोत भी है। बाद में एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा इन दोनों देशों की उनकी यात्रा का उद्देश्य भारत के साथ उनके संबंधों को और प्रगाढ़ करना है। इससे पहले, विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने कहा था कि भारत और ब्रुनेई रक्षा क्षेत्र में एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी करीब छह साल बाद सिंगापुर की यात्रा करने वाले हैं। मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में सिंगापुर की यात्रा की थी। मजूमदार ने कहा कि सिंगापुर ने प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में उनकी यात्रा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब सिंगापुर में नए नेता ने सत्ता संभाली है और यह हमारे जीवंत द्विपक्षीय संबंधों के अगले चरण के लिए मंच तैयार करने का उपयुक्त समय है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री की इस यात्रा से ब्रुनेई के साथ रक्षा सहयोग, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सहयोग, क्षमता निर्माण, संस्कृति के साथ-साथ लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित सभी मौजूदा क्षेत्रों में हमारा सहयोग और मजबूत होगा और नए क्षेत्रों में सहयोग के अवसर तलाशे जाएंगे।

### हर साजिश

है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सेवारत, सेवानिवृत्त सैनिकों और वीर नारियों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के परिजनों को राज्य सरकार 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि, सैनिक परिवार के एक सदस्य को उत्तर प्रदेश शासन की शासकीय सेवा में समायोजित करने और शहीद सैनिकों की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए उनके स्मारक के साथ उनके नाम पर किसी संस्था का नामकरण करने का कार्य भी कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फरवरी 2018 में लखनऊ में आयोजित निवेशक शिखर सम्मेलन में मोदी ने देश में दो रक्षा औद्योगिक गलियारों की घोषणा की थी, जिनमें से एक उत्तर प्रदेश में स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने रक्षा मंत्रालय के साथ बेहतरीन समन्वय स्थापित कर काम को आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा औद्योगिक गलियारे में राजधानी लखनऊ में डीआरडीओ ब्रह्मोस और झांसी नोड में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड द्वारा दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्थापित करने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से देश की सैन्य शक्ति मजबूत होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी बल मिलेगा। योगी ने कहा, कि इससे आधुनिकतम उपकरणों और तकनीक का विकास भारत की ही धरती पर होगा, जिससे हमारी सेवा और भी मजबूत होगी। राष्ट्र रक्षा के इन प्रयासों में उत्तर प्रदेश सदैव अग्रणी भूमिका का निर्वहन करेगा। पीआईबी की रक्षा इकाई द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 8,000 से अधिक दर्शक आत्मनिर्भर भारत के हिस्से के रूप में विकसित टैंक, हेलीकॉप्टर, तोप आदि जैसे नवीनतम सैन्य उपकरणों के शानदार प्रदर्शन के साक्षी बने और प्रौद्योगिकी सक्षम भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत की झलक दिखाई दी। प्रदर्शनी में टी-90 टैंक (सेना का मुख्य युद्धक टैंक), के-9 वज्र स्वचालित तोपखाना, हथियारों का पता लगाने वाला रडार (डब्ल्यूएलआर) स्वाति और एएलएच तथा एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टरों का शानदार प्रदर्शन शामिल था। मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने मुख्यमंत्री को एक स्मृति चिह्न भेंट किया।

### सपा शासन में

होना है। आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में सपा पर निशाना साधते हुए कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि मैनपुरी कभी वीवीआईपी जनपद माना जाता था लेकिन वह विकास के कार्य में क्यों पिछड़ गया? इसे पहचान का मोहताज बनाने वाले कौन लोग थे?

उन्होंने कहा, आपने उनके (सपा) कारनामों को देखा होगा। इनका कारनामा वही है जो अयोध्या में एक निषाद बेटी के साथ सपा के नेता द्वारा किया गया था। यह इनका चेहरा है। इनके वास्तविक कारनामे देखने हों तो कन्नौज में घटित घटना और नवाब ब्रांड समाजवादी पार्टी का वास्तविक चेहरा है।

आदित्यानाथ ने कहा, यह वही लोग हैं जिन्होंने आपके सामने पहचान का संकट खड़ा किया, सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया। अराजकता और गुंडागर्दी इनके डीएनए का हिस्सा है। इनका मॉडल विकास का नहीं है। यह लोग विकास के कार्यों में लूट मचाने वाले लोग हैं। इन्होंने विकास और गरीब कल्याण के लिए जो धनराशि राज्य की लगनी चाहिए थी उसमें लूटखसोट की। नौजवानों को मिलने वाली नौकरियों में डकैती डाली गई। मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव पर कटाक्ष करते हुए उनका नाम लिये बगैर कहा, 2017 से पहले हर नौकरी बिकती थी। उसकी नीलामी होती थी। वसूली में चाचा और भतीजा समान भागीदार होते थे और बाद में जब ज्यादा वसूली होती थी तो चाचा को धकेल दिया जाता था और भतीजा अकेले ही बैग लेकर भाग जाता था। यही दृश्य पूरे प्रदेश का हुआ करता था। उन्होंने सपा पर हमले जारी रखते हुए कहा, इनको मैनपुरी और इटावा की चिंता नहीं थी। इन्हें स्वयं की चिंता थी इसीलिए जब उन्हें लगा कि उत्तर प्रदेश सुरक्षित नहीं रहा तो दोनों ने अपने लिए दुनिया के अलग-अलग देश में द्वीप खरीद लिए होंगे।

आदित्यनाथ ने कहा, लेकिन हमें और आपको इसी प्रदेश में रहना है। चाचा की तो नियति ही है कि हर बार धक्का खाकर वहीं पड़े रहना... लेकिन प्रदेशवासियों को धक्के खाने की अपनी आदत से उबरना पड़ेगा। सम्मान के साथ राष्ट्रवादी मिशन का सिपाही बनकर आगे बढ़ने की आदत डालनी पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने कहा था कि हम हिंदुओं की आस्था का सम्मान करेंगे। आज आप देख रहे होंगे कि काशी में काशी विश्वनाथ धाम बना है। अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो गया है और मथुरा वृंदावन में भी विकास के कार्य नए सिरे से आगे बढ़ रहे हैं।

### सर्राफा की

का भी उपचार कराया जा रहा है।

कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित चौक ठठेरी बाजार में पिछले बुधवार को सर्राफा व्यवसायी भरत जी सोनी की दुकान से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के जेवरात लूट लिये गये थे। एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से 15 किलो चांदी, 38 हजार 500 रुपए नगद, अवैध तमंचा एवं मोटरसाइकिल बरामद हुई है। वारदात में शामिल आधा दर्जन से अधिक बदमाशों के नाम प्रकाश में आए हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीम जुटी है।

### पश्चिम बंगाल

पार्टी (भाजपा) के विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांगते हुए नारे लगाने पर ममता ने कहा, क्या होगा अगर मैं उन्हीं कारणों से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ नारे लगाऊं जिनके लिए आप मेरे खिलाफ नारे लगा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर असामान्य रूप से अधिक है जबकि पश्चिम बंगाल में प्रताड़ित महिलाओं को अदालत में न्याय मिल रहा है। ममता ने आरोप लगाया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) पारित किए जाने से पहले पश्चिम बंगाल से विचार-विमर्श नहीं किया गया। उन्होंने कहा, हम केंद्र में नयी सरकार बनने के बाद इस पर चर्चा चाहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष राज्यपाल से कहे कि वह बिना किसी देरी के इस विधेयक पर हस्ताक्षर करें। उन्होंने कहा कि इसका प्रभावी क्रियान्वयन राज्य सरकारी की जिम्मेदारी होगी। ममता ने आरजी कर अस्पताल की प्रशिक्षु चिकित्सक के कथित बलात्कार और हत्या पर दुख जताते हुए कहा हम सीबीआई से न्याय चाहते हैं और दोषी के लिए फांसी चाहते हैं। सदन में थोड़े हंगामे के बाद इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

### भेड़िये के

हो चुकी है तथा करीब तीन दर्जन लोग घायल हो चुके हैं। डीएम ने भेड़ियों की संख्या के बारे में पूछे जाने पर कहा कि संख्या को लेकर वन विभाग विशेष रूप से अपनी जानकारी एकत्र कर रहा है।क्षेत्र में दहशत का माहौल है। विभिन्न विभागों, एनजीओ व ग्रामीणों की सौ के करीब टोलियां रातभर जागकर गश्त कर रही हैं। 200 पीएसी जवान सहित पुलिस व वन विभाग के जवान व राजस्व विभाग आदि के लोग लगातार भेड़िए को पकड़ने व ग्रामीणों को बचाए रखने में जुटे हैं। हमीरपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के बिलपुर गांव में एक सियार ने घर में घुसकर एक महिला समेत छह लोगों पर हमला कर दिया। उनके अनुसार बाद में ग्रामीणों ने उसे घेर लिया और लाठियों से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। प्रभागीय वनाधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि एक सियार गांव में घुस आया था, संभव है कि उसने डर के कारण या आत्मरक्षा में हमला किया हो, जिससे कुछ लोग घायल हो गए। इस घटना के कारणों की जांच करने और अपनी रिपोर्ट देने के लिए वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। वहीं सुल्तानपुर जिले के मोतिगरपुर इलाके में छप्पर के नीचे अपनी मां के साथ सो रही दो माह की एक बच्ची को कोई जंगली जानवर उठा ले गया और सिर पर गहरे जख्म होने से उसकी मौत हो गयी। प्रभागीय वन अधिकारी अमित कुमार ने मंगलवार को बताया कि मोतिगरपुर थाना क्षेत्र स्थित कोड़रिया पुरवे में किसी जंगली जानवर द्वारा एक बच्ची को उठा ले जाने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम निगरानी के लिए लगाई जा रही है ताकि पता चल सके कि किस वन्यजीव ने हमला किया था। बच्ची के पिता मोनू ने बताया कि उनकी पत्नी मुस्कान सोमवार रात अपनी दो माह की बच्ची काजल के साथ छप्पर के नीचे सो रही थी और इसी दौरान कोई जंगली जानवर बच्ची को उठा ले गया। घर से कुछ दूरी पर बच्ची के रोने की आवाज सुनकर वह और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक जानवर उसे छोड़कर भाग गया। मोनू के मुताबिक बच्ची के सिर में गहरे जख्म हो गए थे। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पांच महिलाओं

अविवाहित बताकर महिला आरक्षी के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके अलावा उसने 6.30 लाख रुपए का पर्सनल लोन लखनऊ में प्लॉट खरीदने के नाम पर लिया और समय-समय पर पैसे भी लिए।

आरोपी की ठगी की वारदातों का खुलासा तब हुआ जब उसने बरेली की महिला आरक्षी के आधार और पैन कार्ड की फोटोकॉपी का दुरुपयोग कर 23.50 लाख रुपए का लोन ले लिया। महिला आरक्षी को इस धोखाधड़ी का पता चलते ही उसने बरेली कोतवाली थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आरोपी को महंगी गाड़ियों और कपड़ों का शौक था। पुलिस के मुताबिक उसने जिन महिला आरक्षियों से पैसे ठगे उन पैसों से वह महंगी गाड़ियां चलाता था।

